e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 11

**सुविचार**
समय की बर्बादी आपको विनाश की ओर ले जाती है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
11.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### रामगढ़ में सड़क दुर्घटना, तीन की मौत

**रामगढ़ :** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर में बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। मृतकों में रीमा देवी (25), प्रशांत कुमार (05) और बालो देवी (40) हैं। सभी रामगढ़ थाने के चेटर गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार रामगढ़ के चेटर गांव के लोग बोलेरो से नए वर्ष पर घूमने के लिए पारसनाथ जा रहे थे। तड़के बोलेरो ने एक खड़े ट्रक को सामने से टक्कर मार दिया। घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल की रिम्स में मौत हो है। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### उप्र में मिट्टी के दीयों की बढ़ी मांग, रात-दिन बनाने में जुटे कुम्हार

**रायबरेली:** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उल्लास और उमंग है। इस दिन को दीपोत्सव की तरह मनाने की भी तैयारी है। जिसका असर बाजारों में भी देखने को मिल रहा है। दीपोत्सव के लिए मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ गई है। इसे तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर कुम्हार रात-दिन काम में जुटे हुए हैं। रायबरेली में शहर के अलावा गावों में इस काम में जुटे कुम्हारों के पास बड़ी संख्या में दीयों की मांग आ रही है, जिसकी पूर्ति के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्यूनतम | 10° |

## महाराष्ट्र : उद्धव गुट की याचिका को स्पीकर ने किया खारिज

# बच गई शिंदे सरकार

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि, शिंदे गुट ही असली शिवसेना है और उद्धव ठाकरे भी पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे. इसके साथ ही स्पीकर ने यह भी कहा था कि एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार उद्धव को नहीं है. बता दें कि, करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी. इस घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं.

### स्पीकर ने जताया आभार

स्पीकर ने शिव सेना संविधान में नेतृत्व ढांचे की बात जोर देकर कही. उन्होंने कहा कि, असली पार्टी का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका है. 2018 का लीडरशिप स्ट्रक्चर ही विश्वस्त है. उसमें पक्ष प्रमुख यानी पार्टी अध्यक्ष की व्याख्या की गई है. हमने भी उसे ही मान्यता दी है. वही उच्चतम पद है. राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 19 सदस्य होंगे. 14 चुने जाएंगे पांच मनोनीत होते हैं. शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट का भी उल्लेख करते हुए आभार जताया. स्टाफ और वकीलों का भी आभार और धन्यवाद किया.

### शिंदे गुट ही असली शिवसेना

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि दोनों धड़ों (शिवसेना के दो गुटों) द्वारा चुनाव आयोग को सौंपे गए संविधान पर कोई आम सहमति नहीं है। नेतृत्व संरचना पर दोनों पार्टियों के विचार अलग-अलग हैं। एकमात्र पहलू बहुमत का है। मुझे विवाद से पहले मौजूद नेतृत्व संरचना को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक संविधान तय करना होगा। उन्होंने कहा कि 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। शिवसेना का 1999 का संविधान ही मान्य है। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में भी शिंदे गुट ही असली शिवसेना है।

**बता दें कि, करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी**



### राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला ही सर्वोच्च

स्पीकर ने कहा कि महेश जेठमलानी ने भी अपनी दलीलों में बताया कि शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला ही सर्वोच्च और सर्वमान्य होता है. 25 जून 2022 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी. उसमें जो सात प्रस्ताव पास की गए उन पर फर्जीवाड़े से बदलाव करने का आरोप लगा. मेरे सामने भी वो लाए गए. उन पर पूरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी यानी प्रतिनिधि सभा की बजाय सिर्फ सचिव विनायक राव के ही दस्तखत थे.

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदियों को रिहा करने पर बैठक में बनी सहमति

# रिहा होने वाले कैदियों की निरंतर हो मॉनिटरिंग : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किए जाएंगे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30 वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाए। ताकि, वे मुख्य धारा में बनें रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर देखा गया है की जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है । ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें इस तरह के हालात में उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया गया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है।बैठक में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार व पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## बसरिया कला में सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को लेकर की बैठक

**चैनपुर( पलामू )(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बसरिया कला संकुल में बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता संकुल साधन सेवी रविंद्र प्रसाद एवं राजेश प्रसाद तथा संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार शर्मा ने किया । इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों को सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम की जानकारी दी गई बताया गया कि दिनांक 11 जनवरी को सुबह 8ः30 से 9ः30 के पहले इंस्टाग्राम फेसबुक व्हाट्सएप या उन मीडिया सोशल मीडिया ग्रुप पर शेयर करने की अपील की गई बताया गया कि हस सिटी बजाओ लिखकर मीडिया सोशल मीडिया पर पोस्ट करना अनिवार्य है यह भी बताया गया कि बच्चों को स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए सीटी बजाने से बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी जिससे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी सिटी बजाने से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी तो स्वेटर बच्चे स्कूल की ओर आना शुरू कर देंगे विद्यालय के पोषक क्षेत्र में बच्चों का टोली बनाकर मॉनिटर बनाकर सीटी बजाने की जानकारी दी गई साथ ही साथ बच्चे सीटी बजा कर स्कूल में अन्य बच्चों को लाने में सहायता प्रदान करेंगे बैठक में विभिन्न विद्यालय के सचिव प्रबंधन समिति के सदस्य अध्यक्ष सरस्वती वाहिनी माता समिति के सदस्य अभिभावक व अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर दशरथ सिंह त्रिलोकी उरांव चिंता उरांव संगीता कुमारी सनी कुमार गुप्ता सिंह नवल किशोर संतोष कुमार अश्वनी चौबे अश्वनी कुमार सतीश तिवारी पंकज चौबे विनय कुमार अर्जुन सिंह रघुवीर सिंह शिवकुमार सुमन समेत बड़ी संख्या में की उपस्थिति थे।

## पुर्व सैनिकों ने एसडीएम से की मुलाकात

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद इकाई के सभी पुर्व सैनिकों ने एसडीएम अजय गंगवार से मुलाकात किया एवं सभी ने नववर्ष कि हार्दिक शुभकामनाए देते हुए अपना अपना परिचय दिया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने हुसैनाबाद स्थिति पुर्व सैनिक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी एवं उन्होंने कहा कि इस संगठन के संरक्षक कर्नल डा संजय कुमार सिंह कि देन है जो हम सभी पुर्व सैनिक संगठित होकर सभी विभागों के पेंशनरों कि समस्या का समाधान कर पा रहे हैं। एसडीएम अजय गंगवार ने भी सभी सैनिकों को अपनी परिचय देते हुए कहा कि मैं भी पहले सैनिक रह चुका हूं। उन्होंने अपने सैन्य कार्यक्षेत्र कि भी जानकारी दी।बैठक में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, राम टहल मेहता, गोरी शंकर ठाकुर, शुमेर सिंह, प्रसाद सिंह, असर्फी पाल, जदुन्दन ठाकुर, विजय सिंह, सुधीर सिंह, बिगन चौधरी, के अलावा पुर्व सैनिक के परिवार एवं मिडिया के लोग सामिल थे।

## सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकुल स्तरीय बैठक राजकीय मध्य विद्यालय हार्वे जपला मे आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य राजू मेहता, माननीय मुखिया मनोज भारती, पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह मध्य विद्यालय हार्वे जपला के संकुल साधन सेवी अरुण प्रताप सिंह के द्वारा की गई !बैठक मे कल की कार्यक्रम सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ के बारे मे चर्चा की गई !बैठक मे विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार , सुनील कुमार उदेश्वर राम, कुश सिंह उपेंद्र मेहता, अन्य लोग उपस्थित थे।

## आईएस आशिष गगंवार ने अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के अंतर्गत वुधवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएस आशिष गगंवार ने हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक सहित अन्य जगहों पर अचौक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आशिष गगंवार ने कहा कि जिन व्यक्ति अतिक्रमण कर बैठे हैं यथार्थ शीघ्र हटा लें नहीं हटाने पर इन व्यक्तियों के विरुद्ध फाइन के साथ कानूनी भी कार्रवाई कि जाएंगी मौके कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी अनुमंडल प्रधान सहायक बीडीरमण हुसैनाबाद थाना प्रभारी तिर्की सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में चालको ने किया विरोध प्रदर्शन

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र द्वारा प्रस्तावित हिट एंड रन कानून में किये गये संसोधन के विरोध में चालको ने रेहला बजरंगबली चौक व बेलचम्पा में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया.साथ ही बी मोड़-गढ़वा मुख्य सड़क को जाम कर दिया.हलाकि स्थानीय पुलिस चालको को समझा बुझा जाम हटाने का प्रयास कर रही है.लेकिन समाचार लिखे जाने तक एक तरफ से जाम लगा हुआ था.चालको ने कहा कि सरकार द्वारा जो नये प्रस्तावित कानून है, वह चालको के लिये काला कानून है.चालको का कहना था कि सरकार तत्काल प्रस्तावित इस कानून को वापस ले,नही तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेग.मौके पर दर्जनों चालक मौजूद थे।

## भाजपा नेता को मातृशोक,अंतिम यात्रा में शामिल हुए कई लोग

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता की 70 वर्षीय माता सुंदरी कुंवर का निधन बुधवार को हृदयगति रुक जाने के कारण हो गाय. उन्होंने अंतिम सांस विश्रामपुर नप के बरसईता स्थित आवास पर ली. बुधवार को ही भेलवा नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया. मुखागणी उनके बड़े बेटे भाजपा नेता रामप्रवेश मेहता ने दी.अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,वरीय राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डु, शिवंश मिश्रा,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,संजय ठाकुर,संतोष राम,रजनीश कुमार,अखिलेश शर्मा,सत्यनारायण सोनी,सचितानंद मेहता,अवधेश मेहता,रामप्रवेश मौर्या,मोती मेहता,राजकुमार मेहता सहित कई लोग शामिल हुये.इधर उनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुश ओझा भाजपा नेता सुनील पांडे सतीश्वर प्रसाद सिंह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,मनीष कुमार गुप्ता सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड मध्य,उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नवप्रथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में बीइइओ ने कहा कि 11 जनवरी को सुबह 8.30बजे से 9.30बजे तक सभी विद्यालयों में सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ अभियान चलाना है.इस अभियान में समाज के हर वर्ग को जोड़ना है.उन्होंने कहा कि एसएमसी सदस्य, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को भी इस अभियान में शामिल करें.उन्होंने कहा कि विद्यालयों में घण्टी से पहले÷सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ÷कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ साथ शिक्षा के प्रति माता पिता व बच्चों में जिम्मेवारी की भावना उतपन्न करना है.उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिये इस अनोखी पहल सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम मिलेगा.उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप स्थापित करें.उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का फोटो,वीडियो आदि सोशल मीडिया पर अपलोड करें.उन्होंने सभी सीआरपी व बीआरपी को अपने अपने संकुलाधिन सभी विद्यालयों में सिटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का निगरानी करने का निर्देश दिया है.उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, परिणाम सकारात्मक होगा.बैठक में बीपीओ तहमीना प्रवीण,बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह,सीआरपी संजय कुमार सिंह,शक्तिदास सिन्हा, अजय कुमार, शोभा पांडेय, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम, संजय कुमार मेहता, रूबी कुमारी, संध्या कुमारी, नीलम पांडेय, रागनी रवानी, अलीम अंसारी, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मदन राम, मुनेश्वर मेहता सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## विकसित भारत अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोलझिकी पंचायत में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया सुनीता देवी,पंचायत सचिव नंदकुमार मेहता,रोजगार सेवक रामचन्द्र पांडेय ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान संवृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी जनता को दी जा रही है.उक्त योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है.उन्होंने कहा कि सभी योग्य ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ उठावें.कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड बनाने सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था.स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ÷धरती कहे पुकार के÷नाटक प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का समापन करते हुये रोजगार सेवक रामचन्द्र पांडेय ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया.आज इस कार्यक्रम का समापन हो गया।

## पंडवा के गाड़ी खास संकुल से सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पंडवा (पलामू):** झारखंड राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कैंपेन चलाया जा रहा है। जिसका प्रखंड अंतर्गत गाड़ी खास संकुल में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, मुखिया रंजना कुमारी सिंह, बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर व सीआरपी राजन कुमार ने संयुक्त रूप से सिटी बजाकर किया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि आप सभी बच्चों के भविष्य निर्माता है। आपके हाथ में भारत का भविष्य है। कहा कि सरकार का पहल सिटी बजाकर स्कूल से बाहर रह रहे बच्चों को स्कूल बुलाना है कहां की इस कार्यक्रम से बच्चे मनोरंजन के साथ-साथ विद्यालय से भी जुड़ पाएंगे। मौके पर कजरी मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने कहा कि सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का अनुपालन आप सभी अपने विद्यालय पोषक क्षेत्र में कल अवश्य करें। कहा कि विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। मौके पर बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर ने सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम कि रूपरेखा शिक्षकों के साथ साझा किया कहा कि गुरुवार को 8ः30 बजे से 9ः30 बजे तक एक घंटे तक सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग व समाज के हर अवयव को इससे जोड़ें । कहा कि झारखंड के 54त्न लोग सोशल का प्रयोग करते हैं। आप सभी इस कार्यक्रम को सोशल मीडिया पर अवश्य पोस्ट करें। इस मौके पर समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, बीपीओ जरीना प्रवीण, लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर, शिक्षक अशोक पाठक, अरुण तिवारी,संजय कुमार, धनंजय मेहता शशिभूषण सिंह सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर हुई संयुक्त बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर बुधवार को प्रशासनिक/ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित किया जाएगा.जहां मुख्य अतिथि सुबह 9ः05 बजे झंडोतोलन करेंगे.परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही झांकियों को आकर्षण रूप देने की बात कही.बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाहन 10ः00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10ः20 बजे,पलामू क्लब मेदिनीनगर में पूर्वाहन 10ः45 बजे और रेड क्रॉस भवन मेदिनीनगर में पूर्वाहन 11ः00 बजे झंडोत्तोलन होगा. इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे.विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक,विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा.गणतंत्र दिवस परेड में आई.आर.बी,जिला बल,गृह रक्षा वाहिनी,एनसीसी आदि के टुकड़ी भाग लेंगे.गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी.महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी. गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी, उप निदेशक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## कलश और अक्षत पत्रक वितरण के लिए निकली जनजागरण शोभायात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर( पलामू ) :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम किन्नी खुटार महावीर मंदिर में श्री राम भक्तों के द्वारा अयोध्या से आए हुए क्लश,अक्षत और पत्रक वितरण हेतु भव्य जनजागरण शोभायात्रा निकाली गयी।साथ ही सनातनी भाई बंधुओं से आग्रह किया गया कि आने वाले 22 जनवरी के दिन श्री राम प्रभु जी का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ होने वाला है?। इसलिए इस दिन कम से कम प्रत्येक घरों में पांच दीपक प्रज्वलित जरूर होनी चाहिए।साथ ही लोगों के बीच में मिठाईयां बांटकर भजन कीर्तन करके खुशियों मनाना है।शोभायात्रा में विशाल दुबे, पंकज दुबे, नवल दुबे, शिवकुमार दुबे, छोटू दुबे, सूरज दुबे, निलेश पांडे, प्रिंस पांडे,अमित पांडे, चिंटू तिवारी,अजय तिवारी, शिवपुजन सिंह, बीरबल राम, प्रदीप कुमार, आनंद कुमार ,विवेक कुमार, तिलेश्वर सिंह ऐवम कई श्री राम भक्त जनजागरण शोभायात्रा में शामिल हुए।

## एसडीएम ने कर्मियों के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज ब्लॉक सभागार में बुधवार को छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार ने बीडीओ राजेश एक्का एवं ब्लॉक कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा, अबुआ आवास योजना, पेंशन, पंद्रहवीं वित सहित कई योजनाओं की जानकारी लिया। एसडीएम ने बताया कि पेंशन योजना तेजी से करने का निर्देश दिया गया है, मनरेगा, अबुआ आवास योजना सहित सभी विभागों की समीक्षा की गई है एवं कर्मियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में जन्म, मृत्यु का निबंधन पूरे पारदर्शिता से करने का निर्देश दिया गया है, उन्होंने कहा की जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन में शिकायत मिल रही थी जिसके बाद सही ढंग से कार्य करने का निर्देश कर्मीयों को दिया गया है।होल्डिंग टैक्स में तेजी लाने,शहर में नियमित रूप से साफ सफाई को लेकर भी निर्देश दिया गया है। बैठक में कृषी पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सहित ब्लौक के कर्मी उपस्थित थे।

## क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है : कर्नल संजय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का विधिवत उद्घाटन बुधवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। युवा क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल माला पहनाकर किया। कर्नल संजय सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल से जातिवाद की भावना खत्म होती है और टीम भावना विकसित होता है। क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है। खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों सहित दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन मैच पतरा कला पंचायत बनाम डंडीला पंचायत के बीच खेला गया।इस अवसर पर डंडीला पंचायत के उप मुखिया ललीता देवी मुखिया प्रतिनिधि सुमित राजा वार्ड सदस्य विजेन्द्र यादव पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह सत्यनारायण यादव कमेटी के सदस्य रमेश प्रजापति देवेन्द्र कुमार बुलु प्रजापति संतोष पासवान उदेश कुमार गनौरी रजवार सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

# सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धुरकी :** सीटी बजाओ,स्कूल बुलाओ कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खाला के छात्र छात्राओं के द्वारा की गई, इस अभियान को लेकर स्कूल के सभी छात्र छात्र- छात्राओं ने गांव मुहल्ले में घूम- घूम कर सीटी बजाकर तथा सीटी बजाओ,स्कूल बुलाओ के नारे लगाकर जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान विधालय के प्रधानाध्यापक प्रभु राम ने बताया की इस कार्यक्रम की पहल स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा की गई है, प्रधानाध्यापक ने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है की बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चित करना है.उन्होंने बताया की विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चो को समूह में बाटा गया है प्रत्येक समूह में एक मॉनिटर नियुक्त किया गया है जो सीटी बजाते हुए अपने गांव- मुहल्ला के बच्चों को स्कूल चलने के लिए प्रेरित करेंगे. वही इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो रहे है पहले बच्चों के द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नही जाने का बहाना बनाया करते थे.लेकिन अब सीटी बजते ही बच्चों के माता पिता यह समझ जाएंगे कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को समय पर तैयार करके स्कूल भेजना है इस मौके पर शिक्षक सुरेश यादव,कामता प्रसाद, रशीद अंसारी, पंकज कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा, संजय कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एकबाल अंसारी मौजूद थे।

# मुखिया नरेश कुमार पासवान ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में सभी सीएससी संचालकों के लिए डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नागेंद्र कुमार,अरविंद कुमार के द्वारा कर्मयोगी वीएलई का प्रशिक्षण दिया।पंचायत मुखिया नरेश कुमार पासवान के द्वारा अंग वस्त्र व कलम बुक देकर संचालकों सम्मानित किया गया। मौके पर जिला प्रबंधक सीएससी नागेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि सीएससी संचालक सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाएं और सरकार और नागरिकों के बीच एक कड़ी का काम करें ताकि ग्रामीण लोगों को ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पंचायत के सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सी एस सी केंद्र संचालक कर्मयोगी का उन्मुखीकरण, त्वद्गरू पोर्टल पर मुखिया का कार्य, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीडीआई, ग्राम ई स्वराज, डिजिटल पंचायत का कार्य किस तरह करें। उनके द्वारा केंद्र संचालकों को लोक व्यवहार के गुणवत्ता सीखने ,तकनीकी कौशल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्मयोगी वीएलई कार्यक्रम के बारे में 5 मॉडल प्रस्तुत किया गया एवं सामान्य कर्म योगी और तकनीकी कर्म योगी के बारे में बताया गया। समाजसेवी सह मुखिया नरेश पासवान द्वारा अपने विचार में बताया गया कि उनके पंचायत के आय में वृद्धि हो। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अरविंद कुमार के द्वारा बताया गया कि सीएससी संचालक संबंधित कार्य का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में कैसे पहुंचाएं विशेष कर दिव्यांग के घर जाकर उनका कार्य कैसे करें। हम उन्हें किस प्रकार जागरूक करें की वह ई पंचायत सुविधा का लाभ ले सकें यह हम सब की जिम्मेवारी बनती है।मौके इस प्रखंड सीएससी संचालक जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, रंजीत वर्मा, पुरूषोत्तम कुमार, ओम प्रकाश यादव, नमिता, ममता रानी, तौहीद अंसारी, धर्मेंद्र कुमार, बिन्दु कुमार रवि, अक्षय शर्मा, रामलाल विश्वकर्मा कान्ति देवी संतोष कुमार विजय पासवान विरेन्द्र मेहता विनोद पासवान सहित हुसैनाबाद प्रखंड अनेक सीएससी संचालक उपस्थित थे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में मनाया गया वन भोज दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में शनिवार को वनभोज दिवस मनाया गया.इस अवसर पर ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि यह कार्यक्रम श्री श्री ठाकुर जी द्वारा विगत 9 जनवरी1969 को प्रारम्भ किया गया था.उसी समय से प्रत्येक वर्ष सत्संगियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में वनभोज दिवस मनाया जाता है.यह कार्यक्रम जंगल मे करने से जंगल की मनोरम छवि को देखने का सुअवसर प्राप्त होता है.उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन वन क्षेत्र पर ही निर्भर रहता है,क्योंकि वन में स्थित पेड़ पौधे मनुष्य को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं. कार्यक्रम में लिलावती देवी,अनिता सिन्हा,चंचला गुप्ता,सतवंती देवी,वृंदा देवी,गौरी देवी,पूजा देवी,बबिता सिंह सहित अन्य द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी हम सभी सत्संगी वृन्द को वर्ष में एक दिन जंगल मे जाकर भोजन बनाने का अवसर दिया है,जो वनभोज कहलाता है.इसका मूल उद्देश्य है कि हम सबों को वन में स्थित पेड़ पौधे या अन्य सभी वन्य प्राणी से प्रेम करना चाहिये. उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों में औषधीय गुण पाये जाते है,जिससे अनेक प्रकार के बीमारियों में लाभ होता है.उन्होंने कहा कि इस विषय पर सभी लोगों के बीच चर्चा करना चाहिये. उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों को संरक्षित रखना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है.वनभोज कार्यक्रम में सभी सत्संगियों के सहयोग से आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया.कार्यक्रम में ब्रजेश तिवारी,प्रमोद चौबे,राहुल दा,शक्तिदास सिन्हा,संजय दा,पप्पू जायसवाल, राज कुमार, विकास कुमार, जयसिंह दास,राहुल कुमार, गोविंद रजक, शेषमन प्रसाद, धृतिदीप्त, लक्ष्य,विजय, श्रवण शर्मा, प्रभा देवी, मधु,अरुण बिहारी, निर्मला जायसवाल, प्रमिला देवी,दुर्गा देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी वृन्द उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में उत्पाद विभाग के हाजत में युवक की खुदकुशी के विरोध में सड़क जाम समाप्त

**रांची** : उत्पाद भवन के हाजत में युवक की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों और आक्रोशित लोगों ने बुधवार को लालपुर चौक पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे सिटी डीएसपी दीपक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गई। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस ने वाहनों को दूसरे रास्ते से होकर निकलवाया। डीएसपी ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से जाम हटा दिया गया है। इससे पहले सात जनवरी को भी नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितेश लोहरा के शव के साथ परिजनों ने लालपुर चौक को जाम कर दिया था। परिजन प्रशासन और सरकार से न्याय की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि उत्पाद विभाग की टीम ने छह जनवरी को नितेश लोहरा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

### कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार हैं राहुल गांधी : अमर बाउरी

**रांची** : नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सूचना भवन कांके के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कहा कि वास्तव में कांग्रेस की यह यात्रा न्याय यात्रा नहीं, बल्कि अन्याय यात्रा है। राहुल गांधी ने जब पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी तो उसका लगभग 90 प्रतिशत का लाभ भाजपा को हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार राहुल गांधी ही हैं।

## राजनीतिक सत्ता के पक्ष विपक्ष सभी ने एलपीएन शाहदेव को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी न्यायमूर्ति स्वर्गीय एल. पी. एन. शाहदेव न सिर्फ प्रबल झारखण्ड समर्थक थे, बल्कि झारखण्ड आन्दोलन में गिरफ्तार होने वाले प्रथम पूर्व न्यायाधीश थे। 10 जनवरी को उनकी याद में प्रत्येक वर्ष कांके रोड स्थित सूचना भवन के नजदीक न्यायाधीश स्व. एल पी एन शाहदेव चौक के पास 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री रामेश्वर उरांव, झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद डाक्टर निशिकांत दुबे, संजय सेठ, दीपक प्रकाश विधायक सीपी सिंह सहित कई नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिया श्रद्धांजलि।



### मुख्यमंत्री ने कहा:

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संदेश के माध्यम से जस्टिस शाहदेव को श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मुख्यमंत्री के भेजे गए संदेश को पढ़ा गया। जिसमें कहा गया कि, जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव जी न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखण्ड आन्दोलन को उन्होंने बिना किसी दल के बंधन में बंधे हुए अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। पुण्यतिथि पर मैं सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वहीं जस्टिस शाहदेव के पुत्र प्रतुल शाह देव,पुत्रवधू डॉ विद्या झा, पुत्रियां संगीता देव, कीर्ति सिंह, बबीता सिंह ,शिल्पी सिंह देव ,पौत्री शांभवी,पौत्र शौर्य प्रताप ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

### श्रद्धांजलि में ये हुए शामिल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव,झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी,पुर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश,रांची के विधायक सीपी सिंह, झारखंड आंदोलनकारी व आजसू के नेता देव शरण भगत, श्रद्धांजलि अर्पित करने में मुख्य रूप से ज्ञान रंजन, मंटू श्रीवास्तव, प्रेम मित्तल, अजय कुमार, सत्य प्रकाश चंदेल,हसन अली, राजू चौधरी, अंजय सरावगी,चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कुणाल अजमानी, राहुल अवस्थी, डॉ संतोष भगत, उदय चौहान, संदीप शाहदेव, विजय नाथ शाहदेव, धीरेंद्र नाथ शाहदेव, सुरजीत सिंह, पूनम आनंद, भीम प्रभाकर , राजा सिंह, कृष्ण अग्रवाल, संदीप नागपाल, धर्मेंद्र शाहदेव, धीरज ठाकुर, शिवानंद पांडे, रवि प्रकाश, शुभोजित, लोकेश, राहुल शाहदेव, सुमित रूंगटा, गोपाल शाहदेव, धीरज,आनंद, सौरभ, सरफराज आदि शामिल रहे।

### कौन थे एल. पी. एन. शाहदेव

न्यायमूर्ति एल. पी. एन. शाहदेव का जन्म 3 जनवरी, 1930 को लातेहार जिला के चंदवा प्रखण्ड के कामता गांव में हुई थी । इनकी प्रारंभिक शिक्षा रक्सी, महुआमिलान स्थित सरकारी विद्यालय में हुई थी। इसके बाद इन्होंने बालकृष्णा हाई स्कूल रांची से मैट्रिक की परीक्षा पास की। स्नातक की डिग्री रांची कालेज, रांची से ग्रहण करने के बाद इन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी की। कानून के क्षेत्र में शाहदेव 1954 में इन्होंने कानून की डिग्री हासिल की एवं रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। 1958 में ये न्यायिक सेवा में आ गए। पहली पोस्टिंग हजारीबाग में मुसिफ के पद पर हुई। 1980 में ये धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनें।

### पृथक राज्य आंदोलन में भूमिका

जस्टिस शाहदेव 1998-99 के दौर में अलग राज्य के आन्दोलन का नेतृत्व किया था । यह झारखण्ड आन्दोलन के बिखराव और ठहराव का दौर था । 1998 में केन्द्र सरकार ने झारखण्ड राज्य के गठन संबंधी बिल को सदन में पेश कर राय जानने के लिए बिहार विधानमंडल में भेजने की घोषणा की थी। इस घोषणा से बौखला कर लालू यादव ने घोषणा की थी कि बिहार का बंटवारा उनकी लाश पर होगी। झारखण्ड में भाजपा, झामुमो, आजसू, जे.पी.पी., कांग्रेस आदि 16 दलों ने एक मंच पर आकर साझा आंदोलन चलाने की घोषणा की थी । सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अस्तित्व में आया । अलग राज्य के प्रबल समर्थक एवं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने के कारण सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति शाहदेव को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समितिका संयोजक चुने गए। पहले ऐसे न्यायाधीश हैं। जिन्होंने अलग झारखंड के लिए गिरफ्तारी भी दे दिया। 10 जनवरी 2012 को उनका देहांत हो गया उनकी याद में आज के दिन श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। पुत्र प्रतुल शाहदेव सहित परिवार के सभी लोग उपस्थित होते हैं कई विधायक, सांसद और नेता व समाजसेवी गण बढ़-चढ़कर श्रद्धांजलि देने पहुंचते हैं।

## याद किए गये एलपीएन शाहदेव, श्रद्धांजलि देने पहुंचे कई विधायक, सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** न्यायमूर्ति (स्व.) एल. पी. एन. शाहदेव न सिर्फ प्रबल झारखण्ड समर्थक थे, बल्कि झारखण्ड आन्दोलन में गिरफ्तार होने वाले प्रथम पूर्व न्यायाधीश थे। 10 जनवरी को उनकी याद में प्रत्येक वर्ष कांके रोड स्थित सूचना भवन के नजदीक न्यायाधीश स्व. एल पी एन शाहदेव चौक के पास पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर कई नेता, विधायक,सांसद, समाजसेवियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये।

**कौन थे एल. पी. एन. शाहदेव:** न्यायमूर्ति एल. पी. एन. शाहदेव का जन्म 3 जनवरी, 1930 को लातेहार जिला के चंदवा प्रखण्ड के कामता गांव में हुई थी । इनकी प्रारंभिक शिक्षा रक्सी, महुआमिलान स्थित सरकारी विद्यालय में हुई थी। इसके बाद इन्होंने बालकृष्णा हाई स्कूल रांची से मैट्रिक की परीक्षा पास की। स्नातक की डिग्री रांची कालेज, रांची से ग्रहण करने के बाद इन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी की। कानून के क्षेत्र में शाहदेव 1954 में इन्होंने कानून की डिग्री हासिल की एवं रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। 1958 में ये न्यायिक सेवा में आ गए। पहली पोस्टिंग हजारीबाग में मुसिफ के पद पर हुई। 1980 में ये धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनें।

**पृथक राज्य आंदोलन में भूमिका:** जस्टिस शाहदेव 1998-99 के दौर में अलग राज्य के आन्दोलन का नेतृत्व किया था । यह झारखण्ड आन्दोलन के बिखराव और ठहराव का दौर था । 1998 में केन्द्र सरकार ने झारखण्ड राज्य के गठन संबंधी बिल को सदन में पेश कर राय जानने के लिए बिहार विधानमंडल में भेजने की घोषणा की थी।

इस घोषणा से बौखला कर लालू यादव ने घोषणा की थी कि बिहार का बंटवारा उनकी लाश पर होगी। झारखण्ड में भाजपा, झामुमो, आजसू, जे.पी.पी., कांग्रेस आदि 16 दलों ने एक मंच पर आकर साझा आंदोलन चलाने की घोषणा की थी । सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अस्तित्व में आया । अलग राज्य के प्रबल समर्थक एवं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने के कारण सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति शाहदेव को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समितिका संयोजक चुने गए। पहले ऐसे न्यायाधीश हैं। जिन्होंने अलग झारखंड के लिए गिरफ्तारी भी दे दिया। 10 जनवरी 2012 को उनका देहांत हो गया उनकी याद में आज के दिन श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

पुत्र प्रतुल शाहदेव सहित परिवार के सभी लोग उपस्थित होते हैं कई विधायक, सांसद और नेता व समाजसेवी गण बढ़-चढ़कर श्रद्धांजलि देने पहुंचते हैं।

## रांची उपायुक्त ने मतदाता जागरुकता वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि युवा मतदाता चुनाव में अपनी सहभागिता निभाए इसके लिए उन्हें विशेष रूप से जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे इस लोकतंत्र के महापर्व में वोट देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनें। इसलिए जागरुकता रथ रवाना किया गया है। इसका उद्देश्य है, जो युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे वे इस मतदान की पूरी प्रक्रिया से रूबरू हो सकेंगे।

## सीनियर विमेंस वनडे टूर्नामेंट मे झारखंड ने पांडिचेरी को 25 रनों से दी मात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट मैच का रोमांच बढ़ते ही जा रहा है। बुधवार को कटक, उड़ीसा में चल रहे सीनियर विमेंस वनडे टूर्नामेंट में झारखंड की टीम ने पांडिचेरी टीम को 25 रनों से हरा दिया है । झारखंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट गंवाकर 184 रन बनाएं । पांडिचेरी की टीम 10 विकेट खोकर 159 रन ही बना पाई । झारखंड की ओर से सर्वाधिक 50 रन रितु कुमारी ,प्रियंका लाथुरा 39 रन, निहारिका 36 रन ,खुशबू कुमारी 26 रन का योगदान दिया । गेंदबाजी में प्रियंका लाथुरा 4 विकेट ,दुर्गा मुर्मू 2 विकेट ,आरती कुमारी 2 विकेट, शांति और देवयानी एक-एक विकेट ली ।

## बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची।** बैंक ऑफ इंडिया राँची आंचलिक कार्यालय द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय करमटोली रांची 1 के प्रांगण में 10 जनवरी 2024 को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए दो वर्गों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर वर्ग क से नीतू कुमारी, सोनाली तिर्की और रबिना कुमारी तथा वर्ग ख में रेशमा बिलुंग, राखी कुमारी और लक्ष्मी कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैंक के पदाधिकारियों और विद्यालय के अध्यापकगण के कर-कमलों से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस विशेष अवसर पर संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक ने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामना देते हुए विजेताओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों में रचनात्मकता क्षमता में वृद्धि हो इस उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई और बच्चों ने खासकर छात्राओं ने जिस उत्साह से हिस्सा लिया निश्चित रूप से यह सभी के लिए अनुकरणीय है। अनुराग वर्मा, मुख्य प्रबंधक, विपणन विभाग ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु छात्र-छात्राओं की सराहना की और बैंक ऑफ इंडिया को छात्रों के बीच यह कार्यक्रम आयोजन करने का अवसर प्रदान करने हेतु विद्यालय के प्रधानाध्यापक मैडम सुफिया खातुन और उनकी टीम को धन्यवाद किया। राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा विभाग ने विश्व हिंदी दिवस के आयोजन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साथ विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में भी अवगत कराया। अध्यापक अरूण कुमार भारद्वाज ने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बैंक को इस आयोजन हेतु उनके विद्यालय का चयन करने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बैंक ऑफ इंडिया से जेम्मा टोप्पो और विद्यालय से संगीता सिंह ने योगदान किया। मौके पर अनुराग वर्मा, राजेश यादव, जेम्मा टोप्पो, राजकुमार, सुफिया खातुन, संगीता कुमारी सिंह, बुंशी टोप्पो, अरूण कुमार भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में राजकीयकृत मध्य विद्यालय करमटोली रांची 1 के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## इंडिया आकर इंडिया के विरुद्ध खेलना हमारे लिए बेहतरीन मौका है : वैलेंटिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में 13 से 19 जनवरी को होने जा रहे एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैच में जर्मनी की टीम ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 4-2 से हरा दिया। जर्मनी की टीम ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 4-2 से हरा दिया। वहीं जापान और अमेरिका के बीच खेला गया अभ्यास मैच ड्रा रहा। इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला अमेरिका से 13 जनवरी को होगा। इसके बाद जर्मनी के कोच और कैप्टन ने पत्रकारों को संबोधित किया।




**जर्मनी कोच ने कहा:** बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए जर्मनी की टीम के कोच वैलेंटिन अल्टबर्ग और कैप्टन निक्की लौरेंज ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस मौके पर कोच वैलेंटिन अल्टबर्ग ने कहा कि इंडिया आकर इंडिया के विरुद्ध खेलना हमारे लिए बेहतरीन मौका है। यहां मौसम में कुछ बदलाव हुआ है जो हमारे लिए चैलेंज हैं। पिछली गर्मियों में टीम इंडिया जर्मनी आई थी। हमने बेहतरीन मैच खेला था।

**कैप्टन नाइक लौरेंज ने कहा:** कैप्टन नाइक लौरेंज ने कहा कि यह पिच बहुत बाउंसी है। कई बार बॉल डाइवर्ट हो जाती है। हम धीरे-धीरे इसके आदि हो रहे हैं। हर नई जगह एक नई चुनौती लेकर जरूर आती है। हमारे लिए भी है लेकिन प्रैक्टिस के साथ हम इससे निकल जाएंगे। हमारे लिए ये क्वालिफाइंग टूर्नामेंट जरूरी है।

## रांची : मंदिर की निगरानी के लिए डेली मार्केट में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एसएसपी चंदन सिंह के दिशा निर्देश पर सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया गया कि वह अपने थाना क्षेत्र में सभी धार्मिक स्थलों से जुड़े समितियां के लोगों के साथ बैठक करें और जहां-जहां संदिग्ध लगता है वहां पुलिस बल की तैनाती की जाए और से सिर्फ टीवी कैमरे लगाए जाए पुलिस बल और गस्ती भी बढ़ाई जाए। इसी को देखते हुए डेली मार्केट थाना परिसर एक अहम बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रदीप ने की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जितनी मंदिर आते हैं उन पर कैसे निगरानी रखा जाए किसी प्रकार की घटना ना हो सभी मंदिर में सीसीटीवी कैमरा लगेगा। मंदिर परिसर में एक व्यक्ति रहे और मंदिरों को कैसे सुरक्षित रखा जाए। बैठक प्रमुख रूप से शामिल भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा , झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता, विक्रम सिंह, रूपेश जायसवाल, मेन रोड हनुमान मंदिर के पुजारी , बड़ा तालाब के मंदिर के महंत और कई समाज के गणमानिया लोग शामिल हुए।

## राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन

**रांची :** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार से तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गई। 12 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागीय सचिव मनोज कुमार ने किया। स्वागत भाषण विभागीय निदेशक सुशांत गौरव ने दिया जबकि मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। स्वागत प्रतियोगिता का आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने किया।

## कम समय में अधिक लोग मेले का उठा रहे हैं आनन्द : बेसरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी में लगे खादी मेला घूमने का उत्साह बढ़ता जा रहा है। मेला 10ः30 बजते ही गुलजार हो जा रहा है और रात 9बजे तक मेले घूमने वालों की भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को भी काफी भीड़ रही। दोस्त व सपरिवार लोग खरीदारी करने पहुंचे रहे हैं। व्यवसायियों के अनुसार मेला में अच्छी बिक्री है। ऐप्लिक बेडशीट, चादर, टेबल क्लाथ, साड़ी, कुशन, स्टाल, कुशन, रोटी कवर, फ्रीज का स्टैंड कवर, पर्स, कुर्ता, जूट का बैग, फोल्डर फाइल, फ्रीज कवर, एप्रोन, कुर्ता, जैकेट के साथ पलास प्रोडक्ट आदि खुब हुई बिक्री।




**खादी पलास के साथ कई राज्यों के समान:** खड़ी मेले में पलाश के उत्पाद 30 रुपये तो खादी के बैग 120में मिल रहे है खादी की सिल्क साड़ी 4000 रुपये से सूरु है। व्यापारियों ने बताया कि चादर 1350 रुपये, बंडी 750 रुपये, सिधी कुर्ता 750 रुपये, कारपेट 1600रुपये रजाई 2200रुपये सहारनपुर की फर्नीचर 600 रुपये से सुरु, मडवा लड्डू 180 रुपए कश्मीरी शाल 800 रुपये गुजराती साड़ियां 1500 रुपए तो वही पंजाबी जूती 500 बिक रही है। वहीं लोक कलाकार भी शमा बढ़ रहे हैं । उनके गायन और लोक नृत्य से भी लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं ।व्यंजन कभी लुफ्त उठा रहे हैं ।बच्चों के लिए आकर्षक झूला भी लगाया गया है। जिसमें बच्चे देर तक झूले का आनंद उठा रहे हैं।

**सीईओ ने कहा:** झारखंड खादी बोर्ड के सीईओ रखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि बहुत कम समय में बेहतर करने की कोशिश की गई है । जो भी मेले का आनंद उठाने आ रहे हैं वह खरीदारी भी कर रहे हैं। लोगों की उत्साह और बढ़ रही है । लोगों का कहना है कि मेले का समय और बढ़ाया जाना चाहिए था , लेकिन ओलंपिक हॉकी का मैच हो रहा है इसलिए कम समय के लिए आयोजन किया गया है।

## गोलीबारी करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के इंसलरी चौक स्थित आनंद कुमार सिंह उर्फ कालू के घर पर 9 जनवरी की रात्रि करें 10ः45 बजे 11ः20 के बीच 5 से 6 काला रंग के चार पहिया वाहन पर सवार होकर अपराधियों ने जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग करने की घटना को अंजाम दिया । इस संबंध में आनंद कुमार सिंह और कालू ने तुपुदाना में एक लिखित आवेदन दिया । इस घटना का उद्भेदन करने के लिए टीम गठित की गई। अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक हटिया राजा मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम गठित के द्वारा 12 घंटा के अंदर घटना में शामिल कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है, गोलीबारी की गई है। लेकिन किसी को गोली नहीं लगी , फिर भी पुलिस तत्परता दिखाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ जारी है । इन लोगों के पास से तीन गाड़ियां भी बरामद की गई है।



सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ कुमार, अमन मिश्रा, प्रखर रंजन , अश्वनी रजवार और सनी सिंह शामिल है। इन लोगों के पास एक हुंडई क्रेटा कर जेएच 01 एफ ए 0002, एक महिंद्र एक्सयूवी रजिस्टर्ड नंबर जेएच 01इएस 0024 , एक महिंद्रा स्कार्पियो जेएच01इएक्स 1596 बरामद किया गया है। इस पूरे अभियान में हटिया पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा, तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार, राहुल सिन्हा,सअनि सुनील कुमार, सिंह योगेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

**महिला पुलिस ने दिखाई हिम्मत:** घटना के करीब 12 घंटे के अंदर तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह ने हिम्मत दिखाते हुए देर रात तक छापेमारी अभियान चलाया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर ली। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए मीरा सिंह की प्रशंसा चारों ओर की जा रही है।

## युवती का अपहरण करने वाले दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बरियातू थाना में एक नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर प्राथिमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता ने के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरियातु थाना रांची के नेतृत्व में एक टीम में गठित किया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में गुप्तचर एवं तकनीकी सहयोग तथा इस काण्ड के घटनास्थल के आस- पास लगे सीसीटीवी फुटेज से सत्यापन के बाद इस काण्ड के नाबालिग को कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल से बरामद किया गया हैं तथा नाबालिग के अपहरण करने वाला करीब 22 वर्ष का अभियुक्त मो माजिद 25 वर्ष के मो अरबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया हैं। घटना में प्रयुक्त टेम्पु को बरामद किया गया हैं।सिटी एसपी ने कहा कि थोड़ा दिक्कत था लेकिन सभी पुलिस कर्मियों के सहयोग से दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# जन वितरण दुकानदारों का देशव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल समाप्त

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया फे.प्रा.शॉप.फेडरेशन के आह्वान पर सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध, मानदेय पूर्ण की भांति अनुकंपा बहाल करने, कोरोना काल में बकाया कमीशन एंव अन्य लंबित मांगों के समर्थन में तमाड़ प्रखण्ड के जनवितरण दुकानदार विगत एक जनवरी से लगातर देशव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल आज समाप्त किया और ड्यूटी बहाल करने को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकरी अभिजीत चेल को ज्ञापन सौंपा।झारखंड सरकार के साथ चल रही लगातार वार्ता के अंतिम दौर में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली बैठक में राज्य के जन वितरण प्रणाली के बिक्रेताओं की मांगों पर बिंदुवार चर्चा कर राज्य सरकार ने अपना निर्णय दिया ।अनिश्चित कालीन हड़ताल को तत्काल समाप्त किया गया जिसमें मुख्य रूप से डीलर संगठन तमाड़ के प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार अहीर, सचिव मश्कूर अंसारी, प्रह्लाद महतो, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार मुंडा, ब्रजेश प्रसाद, देवशरण मुंडा, पूजा महतो, हराधन लोहरा, शिवशंकर सेठ, विश्राम सेठ, राजेश उरांव, सुलेखा देवी, रिसॉन्ड मुंडा, रेखा देवी, गीता देवी, भारती देवी, शर्मिला देवी, पद्मनी देवी, जगबंधु मुंडा, शक्तिपद महतो, सुबानी कुंडीर, मलिंद्र चौधरी, फलिंद्र सेठ, राम अयोध्या पातर, फूलचंद पातर, दिगम्बर महतो, बसन्ती देवी, रंभा देवी, असंगनी देवी, लिलमोनी देवी एवं सभी डीलर उपस्थित थे।



# एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

**पिपरवार :** श्रमिक संगठन एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक,पूर्व सांसद और चुनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के महामंत्री रमेंद्र कुमार के 83 वा जन्मदिन कार्यक्रम मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र से कई कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार सीसीएल के बरकासयाल एरिया में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार के आवास पर जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्र के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देखकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी,साथ ही उनके बेहतर स्वस्थ और लंबी आयु की कामना की।यूनियन के पिपरवार एरिया अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंन्द्र कुमार का पुरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा है।कोयला उद्योग के संगठित और असंगठित मजदूरों के अलावे देश के गरीब किसान के हक और अधिकार के लिए उनका संघर्ष वर्तमान में भी जारी है।उनके कार्यो को मजदूर आज भी सम्मान के साथ याद करते हैं।इस दौरान पिपरवार क्षेत्र की कई समस्या की जानकारी देते हुए समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। इस दौरान रमेन्द्र कुमार ने यूनियन को मजबूत बनाते हुए मजदूर और कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने को लेकर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से मुंद्रिका प्रसाद,विमल महतो, बसंत कुमार,बाबूलाल राम सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इधर युनाईटेड कोल वकर्स युनियन अशोक परियोजना शाखा कमेटी के भी कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुके देकर रमेन्द्र कुमार को जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में अरविंद शर्मा,धनेश्वर गंझु,बंटी मोदी,जुगनू भोक्ता सहित कई लोगो का नाम शामिल है।




# तमाड़ इंटर कॉलेज सलगाड़ीह में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ इंटर कॉलेज सलगांडीह की ओर से एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल वित्तरहित शिक्षा सयुंक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अनुदान राशि बढ़ोत्तरी की मांगो को लेकर तमाड़ इंटर कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसमें प्रमुख रूप से प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा, प्रो.गोविन्द चंद्र महतो, प्रो.घनश्याम महतो, प्रो देवनन्दन सिंह मुंडा, प्रो इंदिरा कुमारी, प्रो सुमित्रा कुमारी, प्रो.शमिला कुमारी, हरिनारायण महतो, हलधर महतो, केशव चंद्र महतो, विधान चंद्र गोराई, नगेदर महतो, प्रभात नायक, शैयनाथ मुंडा,अशोक कुंडू, राजकुमार मांझी, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।



# विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पताल गांव के ग्रामीणों के बीच बांटा गया कंबल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती पताल पंचायत के सुदूरवर्ती गांव डमारू टोला में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से और पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के पहल पर मिडिया प्रभारी बसंत गुप्ता के द्वारा गांव के वृद्ध,विकलांग और गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी गरीब और सहायक लोगों को सहयोग करने की अपील की।इस मौके पर बसंत गुप्ता,बबलू कुमार महतो, बिनोद महतो,बंधन गंझू, सुरेश महतो सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



# सांसद ने किया पथ का शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल के अंतर्गत टाटी पूर्वी पंचायत स्थित गांव टाटी भागलपुर( टाटीसिलवे) में ग्रामीण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी जी के आवास के पास दिनांक 10 जनवरी 2024 दिन बुधवार समय दोपहर 01ः00 बजे रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद आदरणीय संजय सेठ जी के द्वारा टाटी भागलपुर से श्मसान घाट तक सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया गया।



# कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम -'शुभेच्छा' के अंतर्गत सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा बड़ाम, जराटोली और बीसा गांव में कंबल वितरण

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की स्कूल की परंपरा को कायम रखते हुए कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम 'शुभेक्षाः एक उद्देश्य के लिए दान' का आयोजन किया। छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ रांची जिले के बड़ाम, जराटोली और बीसा गांव में जाकर कंबल वितरित किए। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों को ऐसे नेक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दूसरों के जीवन को आरामदायक बनाने के लिए थोड़ा सा प्रयास करने से समाज में बहुत बड़ा बदलाव आता है।



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक : 27(समग्र) दिनांकः 08.01.2024

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के **विज्ञापन संख्या 1141(समग्र)** के आलोक में जिले में संचालित झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय बांसजोर एवं पाकरटाड़ में पूर्णकालिक शिक्षिका के स्वीकृत पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है। उक्त के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्क्रुटनी समिति द्वारा आवेदनों की स्क्रुटनी कर स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 18.01.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते है।

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR315608 (Primary Education)23-24*D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : 25 (समग्र) दिनांकः 08.01.2024

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या 1185(समग्र) के आलोक में जिले के सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक शिक्षिका के रिक्त पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है। उक्त के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्क्रुटनी समिति द्वारा आवेदनों की स्क्रुटनी कर स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 18.01.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते है।

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 315605 Primary Education (23-24)_D

# हिट एंड रन कानून के खिलाक पिपरवार मे ड्राईवरो ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** केंद्र सरकार द्वारा लाये गए हिट एंड रन कानून के खिलाफ देश भर के ड्राइवरों में आक्रोश देखा जा रहा है।इसी के विरोध मे बुधवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने स्वेच्छा से अपने-अपने वाहन को खड़ा कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।वही कई जगहो पर ड्राइवर ने सड़क पर उतर कर सड़क जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया।मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह चालको ने बचरा पेट्रोल पम्प और भेलवाटांड़ चौक पर सड़क जाम कर दिया।इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।सड़क जाम के बाद पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग और सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया।इस दौरान हाइवा डंपरों की लंबी कतार सड़क पर देखी गई।वहीं लोकल सेल से निकलने वाली ट्रक भी इस जाम में फंसी रही। इसके अलावा कई यात्री बस और प्राइवेट चार पहिया वाहन भी घंटे जाम में फंसी रही।ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने के बाद साइडिंग में कोयले के अभाव के कारण डिस्पैच का कार्य भी बाधित रही।जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन को करोड़ें रुपए का नुकसान होने की सूचना है। देखा जा रहा है।इस संबंध में ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने बताया कि केंद्र सरकार का यह कानून देश भर के चालकों के लिए काला कानून साबित होगा।वर्तमान में काफी कम वेतन में वाहन चालक अपना ड्यूटी कर रहे हैं,ऐसे में दुर्घटना होने पर सात लाख रूपये का आर्थिक दंड और 10 साल की सजा चालकों के लिए उचित नहीं है। देश भर के चालकों के लिए यह काला कानून साबित होगा।चालको ने कहा कि जब तक सरकार के द्वारा इस काला कानून को वापस नहीं लिया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



## पिपरवार के बचरा में हुई स्थानीय वाहन चालक संघ की बैठक,कई समस्याओं पर हुई चर्चा

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में बुधवार को स्थानीय वाहन चालक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक और संचालन संतोष शर्मा ने किया।बैठक मे पिपरवार,मगध,आम्रपाली और संघमित्रा के चार पहिया वाहन चालक शामिल हुए।इस बैठक में स्थानीय चार पहिया वाहन चालकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक में चार पहिया वाहन चालकों के वेतन सहित चिकित्सा सुविधा जैसी समस्या पर चर्चा की गई। आज की बैठक में मुख्य रूप से बिनोद सिंह,रोशन कुमार, गुड्डू सिंह,रामपति महतो, सेवा महतो,करण कुमार, संतोष महतों,इसराफिल अंसारी,इजराईल अंसारी, मणिकांत,मंटू साह,भोला रजक,रणजीत सिंह,हरि कुमार,देवेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में चालक मौजूद थे।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 26/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Block Public Health Unit Block at Manika Block District Latehar | 49 14906 /- | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 2 | Construction of Block Public Health Unit Block at Balumath Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 3 | Construction of Block Public Health Unit Block at Bariyatu Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 4 | Construction of Block Public Health Unit Block at Herhanj Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 315607Building(23-24)#D

# अवैध बालू का ढुलाई कर रहे दो हाईवा वाहन जब्त

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालु लेकर जा रहे दो हाईवा वाहन को तमाड़ पुलिस ने जब्त किया। इस संबंध मे तमाड़ थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया की एसएसपी रांची को गुप्त सूचना मिली थी की राष्ट्रीय राज मार्ग -33 के रांची -टाटा मार्ग पर टीकर मोड़ के समीप होते हुए दो हाईवा वाहन से अवैध बालू लादकर कर ले जाया जाता है, जानकारी मिलते ही मामले पर एसएसपी रांची ने संज्ञान त्वरित संज्ञान लिया और उनके निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचना के आधार पर एक बुंडू डीएसपी की अगुवाई में तमाड़ पुलिस की एक टीम गठित की गई जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के टीकर मोड़ के पास से दो हाईवा को रोक कर बालु ढुलाई करने का चालान की मांग की वाहन चालक के द्वारा जेएसएमडीसी द्वारा निर्गत चालान दिखाया गया लेकिन दोनों चालान का समय सीमा खत्म हो चुका था। जिसके बाद दोनों वाहनों को जब्त कर तमाड़ थाना लाया गया और तमाड़ पुलिस के द्वारा जब्त वाहन पर अग्रतर कार्रवाई के लिये खनन विभाग को पत्राचार कर दिया है।

# बीडीओ संग्राम मुर्मू ने मसाला फैक्ट्री व विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बुधवार को जरिया पंचायत स्थित कटर माली में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित मसाला फैक्ट्री और जाम टोली पंचायत स्थित में हरंजी उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। मसाला फैक्ट्री के औचक निरीक्षक के क्रम में उन्होंने कहा कि यह मसाला फैक्ट्री केवल एक जीविका का साधन ही नहीं बल्कि इसके माध्यम से आप लोगों को क्षेत्र की जनता का सेवा करने का एक शानदार अवसर प्राप्त हुआ है। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने प्रोडक्ट की गुणवत्ता को हमेशा बेहतर बनाए रखें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज ज्यादा करें। क्योंकि आपके प्रोडक्ट का सीधा संबंध लोगों की सेहत से है। इधर जमटोली के हरंजी उच्च विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में विद्यालय से संबंधित कई चीजों का जायजा लेते हुए कहा कि क्षेत्र के बच्चों का भविष्य आप शिक्षकों की जिम्मे हैं। आपकी दी हुई शिक्षा और आदर्शों पर ही इन बच्चों का भविष्य निर्भर करता है। प्रतिस्पर्धा किस दौर में यह जरूरी है कि हम अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें कि आगे चलकर यह क्षेत्र और देश का नाम रौशन कर सकें। मौके पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

**निबंधन –सह– जागरूकता शिविर की सूचना**

राँची जिलान्तर्गत बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची द्वारा **दिनांक–12.01.2024 से 07.02.2024 के बीच प्रखण्ड स्तरीय शिविर** का आयोजन किया जायेगा। शिविर में बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसरों से जोडने हेतु रोजगार पोर्टल/नियोजनालय में निबंधन, पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का डाटा अद्यतन एवं स्थानीय प्रमाण पत्र अपलोड किया जायेगा। **निबंधन हेतु आवश्यक दस्तावेज होंगें– (1) शैक्षणिक प्रमाण पत्र (2) आधार कार्ड (3) स्थानीय प्रमाण पत्र (झारखण्ड के स्थानीय उम्मीदवारों के लिए) (4) मोबाइल नं0– (5) ई–मेल (6) जाति प्रमाण प्त्र इत्यादि।**

विदित हो कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022, 22 सितंबर 2022 से संपूर्ण झारखण्ड राज्य में प्रभावी है। अधिनियम के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय बहाली का प्रावधान लागू है। स्थानीय उम्मीदवारों को अधिनियम के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु रोजगार पोर्टल/नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।

**प्रखण्डवार शिविर का कार्यक्रम :–**

| क्र0 | दिनांक | प्रखण्ड | क्र0 | दिनांक | प्रखण्ड | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12.01.2024 | कांके | 10 | 29.01.2024 | लापुंग | प्रखण्ड परिसर |
| 2. | 13.01.2024 | रातु | 11 | 30.01.2024 | ईटकी | प्रखण्ड परिसर |
| 3 | 17.01.2024 | मांडर | 12 | 31.01.2024 | नगड़ी | प्रखण्ड परिसर |
| 4 | 18.01.2024 | बुढ़मु | 13 | 01.02.2024 | अनगड़ा | प्रखण्ड परिसर |
| 5 | 19.01.2024 | सिल्ली | 14 | 02.02.2024 | बुण्डु | प्रखण्ड परिसर |
| 6 | 22.01.2024 | नामकुम | 15 | 03.02.2024 | राहे | प्रखण्ड परिसर |
| 7 | 24.01.2024 | खलारी | 16 | 05.02.2024 | सोनाहातु | प्रखण्ड परिसर |
| 8 | 25.01.2024 | चान्हो | 17 | 06.02.2024 | तमाड़ | प्रखण्ड परिसर |
| 9 | 27.01.2024 | ओरमांझी | 18 | 07.02.2024 | बेड़ो | प्रखण्ड परिसर |

सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठायें।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रांची

PR315693 (Labour Employment and Traning)23-24*D

# डॉ परमेश्वर भगत ने लकवा मरीज से मिलकर आर्थिक सहायता किया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी सह उप विकास आयुक्त डॉ परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मसमानो के रबुल अंसारी जो तीन साल से लकवा बीमारी का शिकार है चलने फिरने में असमर्थ है, उनका आर्थिक स्थिति दयनिय है। उनके आवास में मिलकर उनका हाल जाना और आर्थिक सहायता किया साथ में बेहतर इलाज के लिए असवाशन दिया। मौके पर डॉ नाफ़र अली, फिरोज अंसारी, अफ़रोज अंसारी, नसीम अंसारी जावेद अंसारी आज़ाद अंसारी उपस्थित रहे।



# समीम अख्तर ने छात्रों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखण्ड अंतर्गत मुड़मा स्थित मदरसा महमुदिया सुरसा मुड़मा के क्षात्रों के बीच कांग्रेस अल्पसंख्यक रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष शमीम अख्तर के द्वारा खेल सामग्री बैडमिंटन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट बैट बॉल विकेट का वितरण किया। इस दौरान समीम अख्तर ने कहा कि खेलों से शारीरिक मानसिक विकास होता है। खेल के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। मौके पर हाजी शाकिर इस्लाही अजबुल अंसारी मौलाना अबुल ज़लील, क़ारी ताहा सहित कई लोग मौजूद थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जाकिर हुसैन स्कूल समीप डैमेज हुआ पानी पाइप हुआ दुरुस्त, लोगों ने अंसार का जताया आभार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में आज क्रॉस रोड नंबर 14 जाकिर हुसैन स्कूल के पास डैमेज हुए पानी पाइपों को ठीक कराया गया। अंसार खान ने बताया डैमेज हुए पाइप से रोड पर पानी भर जाता था, जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही थी। आज मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त सुरेश यादव ने पानी पाइप को ठीक करने के लिए सप्लाई पानी के सुपरवाइजर हिमांशु मिश्रा मिस्त्री टीमों को लेकर पहुंचे। पाइपलाइन ठीक होने पर तमाम बस्ती वासियों ने मंत्री बना गुप्ता और मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त सुरेश यादव और अंसार खान का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा किया। अंसार खान ने बताया कि क्षेत्र की कुछ और समस्या बाकी जिसे कुछ दिनों में दूर किया जाएगा।

## श्याम महिला मंडल ने बांटे गुड़ व तिल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम महिला मंडल टुईलाडुंगरी द्वारा बुधवार 10 जनवरी को मकर संक्रांति उत्तरायण पावन पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानो मे जाकर लगभग 100 से अधिक जरुरतमंदो के बीच गुड़, तिल, मिठाई आदि का वितरण किया गया। मौके पर संस्था की प्रमुख सदस्या कृष्णा नरेड़ी, स्वीटी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल एवं चंदा अग्रवाल मौजूद थी।



## बोड़ाम: विधायक ने 65 लाभुकों में बांटे पंप सेट



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय परिसर में भूमि संरक्षण विभाग से तालाब या मनरेगा योजना से सिंचाई कूप का निर्माण करने वाले प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे 65 लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर पंप सेट का वितरण किया। विधायक ने कहा कि पंप सेट के माध्यम से किसान तालाब या कूप से पटवन कर सालों भर खेतिकार्य करते हुए मुनाफा कमाकर स्वावलंबी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हीत में कई प्रकार योजनाएं संचालित कर रही है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, हिमांशु महतो, सुभाष कर्मकार, बीडीओ नाजिया अफरोज, ऋषव तापड़िया, कुमार गौरव, विनय मंडल, काजल सिंह, संजय महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## राजनगर में 14 व 15 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति, जमकर हो रही खरीदारी

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा. मकर पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है. बुधवार को राजनगर के साप्ताहिक बाजार में मकर पर्व की तैयारी को लेकर जमकर खरीदारी की। बाजार में सबसे अधिक मिट्टी के बर्तन,गुड़, तिल, तेल ,कपड़े, बांस की टुकरी की दुकान में देखी गई. मालूम हो कि राजनगर प्रखंड क्षेत्र के 12 जनवरी को चाल धुवा, 13 जनवरी को बाउडी, 14 जनवरी को मकर,15 जनवरी को आखान यात्रा होगा. इस पर्व के अवसर पर बसु मेला राजनगर चुकाह पहाड़ में 13 जनवरी से मेला का आयोजन किया गया है. इसके अलावा कासीदा, आसुवा, सुड़सी, बीरधान दोरहो खोकरो, सोसोमली झलकडीह आदि गांवों में भी टुसु मेला का आयोजन किया गया है. मेले की तैयारी की जा रही है।

## उ.म विद्यालय बारियादा के बच्चों ने निकाली सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ प्रभात फेरी



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारियादा के सहायक शिक्षक श्रावण गोप के साथ विद्यालय के बच्चों ने बुधवार को सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली। इस अभियान में सभी बच्चों ने सिटी बजाकर प्रत्येक दिन स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। जो बच्चा स्कूल नहीं जाते है उसके घर जा कर अभिभावक को अपने बच्चो को प्रत्येक दिन स्कूल भेजने के लिए आग्रह किया गया है। शिक्षक श्रावण गोप ने बताया कि बच्चों को विद्यालय की ओर से सीटी उपलब्ध कराया गया है और जो बच्चा विद्यालय नहीं आते हैं उसको देखने पर सीटी बजाने के लिए कहा गया है। प्रभात फेरी में गांव के सतीश महतो व तारापद महतो भी शामिल होकर पुरा गांव घूमे और सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने के लिए प्रेरित किये।

## कुणाल की पहल पर रोटरी क्लब करवाएगा आठ वर्षीय बच्ची के हार्ट का ऑपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** चांदपुर पंचायत निवासी रवींद्र नाथ सिंह के पुत्री सुषमा सिंह के दिल में छेद है। माता पारा शिक्षक है किसी तरह परिवार के खर्चे उठा रहे है। जमशेदपुर के ब्रम्हानंद अस्पताल के डांक्टरों ने हृदय में छेद के लिए ऑपरेशन करवाने को कहा। परिवार के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे लोग इतना महंगा ऑपरेशन नहीं करवा पा रहे थे। माता ने भाजपा नेता मनोज सरदार को इस बात की जानकारी दी। मनोज सरदार ने पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को इस मामले की जानकारी दी। कुणाल षाड़ंगी की पहल पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 प्रोजेक्ट के माध्यम से मदद से सुषमा का निशुल्क ऑपरेशन होगा। कुणाल ने कहा कि रोटरी के द्वारा छह से अठारह वर्ष के बच्चों के लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 प्रोजेक्ट के तहत सुषमा का ईलाज किया जाता है। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि एन्नाकुलम के अमृता हॉस्पिटल में बच्चे के चिकित्सा, परिवार का रहना, खाना तथा यात्रा के खर्चो का वहन किया जाएगा।



# मानगो डबल मर्डर केस मामले में 6 गिरफ्तार

### पुलिस ने एक देसी कट्टा, तीन गोली, 1 टन अल्युमिनियम व कॉपर का तार किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो में जवाहर नगर रोड नंबर 16 के पास साहा आकाश के सामने 8 दिसंबर को शहजाद उर्फ टांडा और एक टाइगर मोबाइल पुलिस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस घटना के दो आरोपियों सरायकेला के चौका थाना क्षेत्र के रायडीह के राजू तांती उर्फ़ भुवन तांती और सरायकेला के ही गम्हरिया के काशीडीह के शत्रुघ्न हांसदा को मुसाबनी के बेनाशोल से गिरफ्तार किया है। पुलिस इन दोनों बदमाशों को घटना का मास्टरमाइंड बता रही है। इनके अलावा चार अन्य बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। यह सभी बदमाश वहां डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनमें मुसाबनी के तालाडीह का रहने वाला भीम मुर्मू, आदित्यपुर के निराजगंज का रहने वाला धीरेंद्र महतो, सरायकेला जिले के कांड्रा के कुमारडाही का रहने वाला मुकेश कुमार महतो और सरायकेला जिले के ही आरआईटी थाना क्षेत्र के राहरगोड़ा का रहने वाला राज महतो शामिल हैं। इन सब के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, तीन गोली, एक चापड़, एक कटर, 1 टन अल्युमिनियम एवं कॉपर का तार, एक टाटा 407 वाहन, दो मोटरसाइकिल, 13 हजार 920 रुपए और 5 मोबाइल सेट बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने साकची स्थित अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मुसाबनी पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाशोल में स्वर्णरखा नदी के किनारे पंप हाउस के पास कुछ बदमाश बैठकर डकैती की योजना बना रहे हैं। इसी पर घेराबंदी कर उनको गिरफ्तार किया गया। कुल 6 बदमाश गिरफ्तार किए गए। पूछताछ में दो बदमाशों शत्रुघ्न हांसदा और राजू तांती ने बताया कि वह मानगो में शहजाद उर्फ टांडा और पुलिस जवान की हत्या की घटना में शामिल थे। पूछताछ में यह भी पता चला कि इन दोनों ने 8 जनवरी की रात तलाडीह के डीवीसी पावर स्टेशन से कापर और अलमुनियम का तार भी चोरी किया था। पुलिस ने चोरी का तार भी इनके पास से बरामद किया है। राजू तांती के खिलाफ मानगो, चौका, तमाड़ और मुसाबनी में कुल आठ मुकदमे जबकि, शत्रुघ्न हांसदा के खिलाफ मानगो व मुसाबनी में दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं। प्रेस कांफ्रेंस करने के बाद सभी बदमाशों को जेल भेज दिया गया है।






## वनगोड़ा में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के लायलम अंतर्गत वनगोड़ा टोला में बीती रात 12 की संख्या में पहुंचे जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए वनगोड़ा टोला के रहने वाले खुदीराम बेसरा की एडवेस्टर घर को तोड़ते हुए घर के बगल में तैयार पालक शाक व टमाटर पौधों को भी नुकसान किया है। हाथियों ने पागदा गांव के रहने वाले संतोष महतो के अड़हर व आलू भी खा गए। साथ ही दीपक महतो के टमाटर पौधों को नष्ट कर दिया। मामलें की सूचना मिलते ही बुधवार की सुबह वनरक्षी लखीराम सरदार के साथ ईको विकास समिति के अध्यक्ष सुकुमार बेसरा, ग्राम प्रधान हाकिम महतो व देवेन सिंह वनगोड़ा पहुंचकर क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया। इस दौरान वनरक्षी ने पीड़ित व्यक्ति से मुआवजा राशि दिलाने के लिए फार्म भरवाया। ईको विकास समिति के अध्यक्ष सुकुमार बेसरा ने बताया कि फिलहाल हाथियों की झुंड वनगोड़ा के धसका जंगल में डेरा डाले हुए है। क्षेत्र में हाथियों द्वारा लगातार उत्पात मचाने से ग्रामीण दहशत में है।

## अमन के मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर कांग्रेसी मिले एसएसपी से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल एसएसपी जमशेदपुर कौशल किशोर से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में विगत 2 जनवरी को घटित घटना में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रजनीश सिंह के भतीजा अमन भारद्वाज ऊर्फ बंटी के संदेहास्पद मृत्यु का उच्च स्तरीय जाँच कर दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की। वहीं एसएसपी ने आश्वासन दिया कि सभी तथ्यों को बारीकी से अनुसंधान किया जा रहा है। हर हाल में न्याय होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव कमलेश कुमार पाण्डेय, अमरजीत नाथ मिश्रा भारतयात्री, रईस रिजवी छब्बन, अरूण कुमार सिंह, ऋषि मिश्रा, इन्दुभूषण यादव, अमर कुमार मिश्रा, राज किशोर प्रसाद, अनन्त लाल, नलनी सिन्हा, रमन खान, पवन बिहारी ओझा, निखिल तिवारी, शबाना परवीन, सानिया दीप मुख्य रूप से शामिल हुए।

## कुकडु के शीशी में बन रहें विद्यालय के निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के शीशी ग्राम में बन रहे अल्पसंख्यक विद्यालय निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुकड़ू प्रखंड के शीशी गांव में करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण की जा रही अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय काफी निम्न स्तर के मेटेरियल से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य मे बहुत ही घटिया मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। वहीं आज ग्रामीणों का एक दल कार्यस्थल पर गए व जाँच में पाया कि बालू में अधिकांश मिट्टी मिला हुआ है। बेस पिलरों में बस नाम मात्र का सीमेंट मिलाया हुआ है जो हाथ से खुदरने से भी टूट रहा है। वही ग्रामीणों के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया है। मौके पर लुटरा मछुआ,अनवर अंसारी,अब्बुल अंसारी,बादल महतो ,इंतियाज अंसारी,पशुपति लोहरा आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी उक्त निर्माण कार्य के छत ढलाई पर ग्रामीणों जोरदार विरोध किया था, जिसमे चांडिल अनुमंडल अधिकारी गिरजाशंकर महतो ने निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया था। मौके पर लुटरा मछुआ, अनवर अंसारी, अब्बुल अंसारी, बादल महतो, इंतियाज अंसारी, पशुपति लोहरा आदि उपस्थित थे।



### निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के साथ कोई समझौता बर्दास्त नहीं : अनुमंडल पदाधिकारी

वहीं दूरभाष पर चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी गिरजाशंकर महतो से ग्रामीणों के आरोप के बारे में जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ग्रामीणों के शिकायत पर शीशी में चल रहे विद्यालय निर्माण कार्य का जांच किया गया था। निर्माण कार्य मे पूर्णतया गुणवत्ता पर ध्यान देकर कार्य करने को कहा था। वही उन्होंने कहा कि अगर निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों का आरोप है तो फिर से औचक निरीक्षण किया जा सकता है। निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दास्त नही किया जायेगा।

## भुइयाडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा 1 से 7 फरवरी तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्वारा भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएभी स्कूल के पास) में सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन 01 फरवरी से 07 फरवरी तक होने जा रहा हैं। इसकी तैयारी को लेकर समिति की एक बैठक श्रीराम सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि चित्रकुट के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज कथा का प्रसंग करने के लिए पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। बैठक में प्रमुख रूप से नंदजी सिंह, दिलीप सिंह, रवि सिंह, श्रीराम सरोज, हरिओम सरोज, विकास शर्मा, सोनी कुमारी, अमृता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## तिरुलडीह व चौड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** बुधवार को कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह एवं चौड़ा पंचायत भवन में परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप, भाजपा नेत्री सारथी महतो, सांसद प्रतिनिधि सचिदानंद महतो,मुखिया सुधीर सिंह मुंडा समेत कई पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मी समेत भारी संख्या में पंचायत के लोगों ने भाग लिया। लोगो को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही गैस सिलेंडर कनेक्शन वितरण, अन्नप्राशन, गोदभराई समेत कई कार्यक्रम हुए। बीडीओ राकेश कुमार गोप ने बताया कि कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में यह कार्यक्रम 13 जनवरी तक होगा। मौके पर जेएसएलपीस के बीपीएम देवव्रत सिंहा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, मदन महतो, आईसीडीएस के सुपरवाइजर संगीता कुमारी,प्रखंड समन्वयक रबिन्द्र नाथ महतो, पंचायत सचिव मलय सामद आदि उपस्थित थे।



## योगगुरु अंशु को पुडुचेरी के सीएम ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स इंडिया भारत के प्रेसिडेंट योगीश्रेष्ठ अंशु सरकार को पुडुचेरी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता समारोह में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी ने सम्मानित किया. मुख्यमंत्री श्री रंगास्वामी ने श्री सरकार को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा देशभर में योग का प्रचार प्रसार और अधिक करने का सुझाव दिया. विदित हो कि पुडुचेरी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से गत 4 से 7 जनवरी तक 29वीं अंतर्राष्ट्रीय योगासना फेस्टिवल-2024 का आयोजन किया गया था, जिसमें अंशु सरकार को योग एक्सपर्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया था. उक्त प्रतियोगिता में भारत के अलावा विश्व के कई देश के प्रतिभागी शामिल हुए. उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में अंशु सरकार ने विचारक की भूमिका निभाई. इसके पूर्व समारोह के उद्घाटन समारोह में पुडुचेरी के राज्यपाल महामहिम तमिलिसै सोंदरराजन सहित पर्यटन विभाग के के मुरलीधरन, शिवा गोविंद तथा दशरथ सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे. ज्ञात हो कि अंशु सरकार को अबतक देश-विदेश में कई सम्मान तथा एवार्ड प्रदान किया गया है.



### बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक कॉलेज ने किया अनुमंडल स्तरीय साईस फेस्ट-2024 का आयोजन

# हरिजन हाई स्कूल भालूबासा को प्रथम व सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस बर्मामाईस को द्वितीय स्थान

**50 से अधिक प्लस टू एवं उच्च स्कूलों के 220 से अधिक छात्र हुए शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज बहरागोड़ा द्वारा आज धालभूम अनुमंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी (साईस फेस्ट-2024) का आयोजन सिदगोड़ा स्थित हिन्दुस्तान मित्र मंडल स्कूल परिसर में किया गया। इसमें 50 से अधिक प्लस टू एवं उच्च स्कूलों के 220 से अधिक छात्रों द्वारा साईस से सम्बंधित प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा डी ई ओ निर्मला कुमारी, विशिष्ठ अतिथि डॉ मोहम्मद रियाज, प्रिंसिपल करीम सिटी कॉलेज, डॉ कनय बारीक, एचओडी फिजिक्स डिपार्टमेन्ट घाटशिला कॉलेज, अखिलेश कुमार, एडिशनल प्रोग्रामिंग अफसर, जमशेदपुर, डॉ बिना कुमारी, प्रिंसिपल एनएमएल, बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ एस. के. मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर प्रतिनिधि मंडल द्वारा सभी स्कूलों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया गया, जिसमे प्रथम स्थान पर रही हरिजन हाई स्कूल, भालूबासा को 10,000 रूपये, द्वितिय स्थान जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस, बर्मामाईस को 5,000 रूपये, तृतीय स्थान यू.पी.जी. हाई स्कूल, कोकराडीह को रूपये 3,000 रूपये, चौथे स्थान श्री राम कृष्ण हाई स्कूल, बिष्टुपुर को 2,000 रूपये एवं पाँचवा स्थान सर्वोदय हाई स्कूल 1,000 रूपये राशि एवं मोमेन्टो देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान की गई। उक्त अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा स्कूल के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए छात्रों द्वारा लागाई गई साईस प्रदर्शनी की प्रशंसा करते करते हुए इस तरह के ज्यादा आयोजन पर जोर दिया। इससे छात्रों का बौद्धिक विकास के साथ-साथ मांसिक विकास भी होता है। बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक प्रबंधन द्वारा यह आयोजन निश्चय ही एक सराहनीय कदम है। बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक के प्रचार्य डॉ एस. के. मिश्रा एवं उप प्रचार्य अनुराग कुमार झा ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा कॉलेज इस तरह का आयोजन समय-समय पर बहरागोड़ा में करता है। साथ ही कॉलेज मैकेनिकल, सिविल, कम्प्युटर साईस, इलेक्ट्रीकल एवं स्नातक के बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. छात्रों द्वारा कुछ न कुछ कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जो उनके प्लेसमेंट एवं जॉब पाने में एक अहम रोल निभाता है, नतीजतन शत प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट सम्भव हो पाता है।







## विधायक सविता महतो ने एक गरीब बेटी का टीएमएच से 63 हजार का बिल कराया माफ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** कुकड़ू प्रखंड के जानूम पंचायत अंतर्गत हेंसालोंग निवासी हरेंद्र महतो के बेटी ममता महतो का इलाज के दौरान टीएमएच का बिल काफी हो गया था। उनके पिता हरेंद्र महतो ने अस्पताल के बिल चुकाने में असमर्थकता जताते हुए इसकी जानकारी झामुमो नेता सपन महतो को दिया उन्होंने जानकारी विधायक सविता महतो को दिया। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेकर अस्पताल प्रवंधक से वार्ता कर उनके 63 हजार बिल माफ कराकर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दिलाई। विधायक के इस नेक कार्य के लिए हरेंद्र महतो ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने दिया।



# शिलान्यास पर जारी है सियासत

22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने के मुद्दे पर ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को यह कह कर पसोपेश में डाल दिया है कि वे देश के मुस्लिम समुदाय को बतायें कि हिंदुत्व की राजनीति में वे किस मोड़ पर खड़े हैं ? पश्चिम बंगाल के जयनगर में ममता बनर्जी ने कहा,मुझसे राम मंदिर को लेकर पूछा गया था. मैं उस तरह के उत्सव में यकीन रखती हूं, जो सबको साथ लेकर चलता है. बीजेपी को टारगेट करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, आपको जो करना है करिये. आप चुनाव से पहले नौटंकी कर रहे हैं. मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन दूसरे समुदाय के लोगों की अवहेलना करना सही नहीं है. और फिर ममता बनर्जी ने अपने अंदाज में ऐलान-ए-जंग भी किया,मैं ईश्वर और अल्लाह की कसम खाकर कहती हूं, जब तक मैं रहूंगी तब तक कभी हिंदू और मुसलमान में भेदभाव करने नहीं दूंगी. मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखती. ममता बनर्जी की ये बातें सीताराम येचुरी से भी अलग है और न तो कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल जैसी है, न ही समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव जैसी. ममता बनर्जी का स्टैंड तो सीधे सीधे राम मंदिर उद्घाटन समारोह का बहिष्कार ही माना जाएगा. ममता बनर्जी ने अब पूरी तरह साफ कर दिया है कि उनकी नजर में राम मंदिर निर्माण और %जय श्रीराम% के नारे लगाने में किसी तरह का कोई फर्क नहीं है. ऐसे कई मौके आये हैं जब ममता बनर्जी ने %जय श्रीराम% के नारे को पॉलिटिकल स्लोगन कह कर कड़ा विरोध जताया है. राम मंदिर उद्घाटन समारोह के मामले में ममता बनर्जी के ताजा बयान से साफ है कि वो हिंदुत्व की राजनीति में इंडिया ब्लॉक के बाकी नेताओं की तरह बीच का रास्ता नहीं अपनाने जा रही है और ऐसा करके बाकी नेताओं को भी चुनौती दे डाली है कि वे साफ करें कि इस पार हैं या उस पार.सीताराम येचुरी की तरह उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी 22 जनवरी के समारोह में जाने से पहले ही इनकार कर दिया था. संजय राउत का कहना था,ये पूरी तरह राजनीति है. बीजेपी के समारोह में भला कौन शामिल होना चाहता है? ये कोई देश का कार्यक्रम नहीं है. ये बीजेपी की रैली है. कांग्रेस नेता शशि थरूर ने तो राम मंदिर उद्घाटन समारोह की राजनीति व्याख्या ही कर डाली है, उनका कहना है, अगर आप जाते हैं तो समझा जाएगा कि बीजेपी के हाथों में खेल रहे हैं.अगर नहीं जाते हैं तो आपको हिंदू विरोधी बताया जाएगा. कार्यक्रम में सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेस का कोई भी नेता नहीं जाएगा. इसको लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बयान जारी कर दिया. उन्होंने राम मंदिर के कार्यक्रम को आरएसएस और बीजेपी का बताया. साथ ही बीजेपी पर अधूरे मंदिर का उद्घाटन चुनावी एजेंडे के तहत करने का आरोप भी लगाया. समाजवादी पार्टी भी अभी इंडिया ब्लॉक के साथ ही है, लेकिन राम मंदिर के मुद्दे पर उसका रुख बदलता रहा है. विश्व हिंदू परिषद की तरफ से अखिलेश यादव को न्योता दिये जाने की बात सामने आने के बाद समाजवादी नेता ने अलग ही रुख अपना लिया है. अखिलेश यादव ने न्योता स्वीकार ही नहीं किया. ऐसे देखा जाय तो ममता बनर्जी ने अखिलेश यादव जैसे नेताओं को काफी पीछे छोड़ दिया है. ममता बनर्जी ने डंके की चोट पर पॉलिटिकल स्टैंड लिया है. ममता बनर्जी ने अपनी सधी हुई एक ही राजनीतिक चाल में विपक्षी खेमे के ज्यादातर दलों को फंसाने के साथ ही, बीजेपी को टारगेट किया है. ममता बनर्जी ने अपनी चाल चल दी है, और ये चाल काफी हद तक पश्चिम बंगाल में लोक सभा चुनावों को लेकर ही है. बीजेपी ने जिसे बंगाल की हार का कारण माना था, ममता बनर्जी ने एक बार फिर से खेला करने की कोशिश की है. किसी को ताज्जुब नहीं होना चाहिये कि बीजेपी पर वोटों के ध्रुवीकरण का इल्जाम लगाने वाली ममता बनर्जी ने खुद भी वैसा ही कर डाला है. 2019 के चुनाव में बीजेपी के 18 संसदीय सीटें झटक लेने के बाद ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के हिस्से में 22 सीटें ही बचा पाई थीं. 2024 की लड़ाई तो और भी मुश्किल होने जा रही है. बीजेपी को ममता बनर्जी से विधानसभा चुनावों की हार का बदला लेना है, और ममता बनर्जी को हर हाल में जमीन बचानी है. खैर, राम मंदिर उद्घाटन समारोह का विरोध कर ममता बनर्जी ने बड़ी ही मोटी राजनीतिक रेखा खींच दी है, और ईश्वर-अल्लाह की कसम खाकर जो कुछ भी कहा है, सिर्फ कांग्रेस नेतृत्व ही नहीं, अखिलेश यादव जैसे नेताओं की राजनीतिक को तो जैसे चौराहे पर ही ला दिया है.मंदिर मुद्दे पर ममता बनर्जी का स्टैंड इंडिया ब्लॉक के उन सभी नेताओं को गले की फांस नजर आ रहा होगा, जो मौका आने पर सरप्राइज देने या न्योता मिलने पर जरूर पहुंचने के वादे कर रहे थे. ममता बनर्जी के साफ साफ लकीर खींच देने के बाद तो विपक्षी खेमे के सभी नेताओं को अपना रुख साफ करना ही होगा.अयोध्या को लेकर अब न तो कोई गुगली चलेगी और न ही किसी और तरह की चालाकी. इस मामले को लेकर विपक्षी दलों के सामने आगे कुंआ पीछे खाई वाली स्थिति बन गया है।

### पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई

# भगवान पार्श्वनाथ हैं पुरुषार्थ एवं जीवंत धर्म की प्रेरणा

ललित गर्ग

जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था।

भगवान पार्श्वनाथ ने सत्य की तलाश में राज-वैभव को त्याग संसार में संन्यस्त हुए। उन्होंने कठिन तप तपा, वीतरागता तक पहुंचकर अपने जीये गये सच को भाषा दी। जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। उनके धर्म का शाश्वत सन्देश यही है कि स्वयं के द्वारा स्वयं को खोजें। भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है। उनके पिता का नाम अश्वसेन और माता का नाम वामादेवी था। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने। बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाट में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले-'ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो।' उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है।



महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा-तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। उन्होंने ऐसा कुछ करने की ठानी जिससे जीवन-मृत्यु के बंधन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी। बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण। जीवन स्वयं एक तपस्या है। सुविधाओं के बीच सीमाकरण में रहना और अभावों के बीच तृप्ति को पा लेना भी तप है। प्रतिकूलताओं को समत्व से सह लेना, वैचारिक संघर्ष में सही समाधान पा लेना, इन्द्रियों को विवेकी बना लेना, मन की दिशा और दृष्टि को बदल देना भी तप है और ऐसे ही तप के माध्यम से पार्श्वनाथ न केवल स्वयं तीर्थंकर बने बल्कि जन-जन में ऐसी ही पात्रता को उन्होंने विकसित किया। उनकी साधना की कसौटी थी- शुद्ध आत्मा में धर्म का स्थिरीकरण। बिना पवित्रता धर्म आचरण नहीं बन सकता। जैसे-मुखौटों में सच नहीं छिपता, वैसे ही वासनाएं, कामनाएं, असत्संस्कार और असत्व्यवहार धर्म को आवरण नहीं बना सकता। इसलिए उपासना के इस बिन्दु से जोड़े कि धर्म मंदिर या पूजा पाठ में नहीं, धर्म मन के मंदिर में हैं। पार्श्वनाथ ने अहिंसा एवं सह-अस्तित्व का दर्शन दिया। अहिंसा सबके जीने का अधिकार है, उन्होंने इसे स्वीकृत किया। प्राचीन उद्घोष एक बार फिर से करते हुए उन्होंने जनता को संदेश दिया- 'सव्वे पाणा पियाउवा, सव्वे दुक्ख पडिकुला' - यानी सबको जीवन प्रिय है, दुख को कोई नहीं चाहता। पर हमने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण को नकार दिया। तीर्थंकर पार्श्वनाथ भी उन धर्मनायकों एवं तीर्थंकरों में से ऐसे महापुरुष थे, जो धर्म नीतियों का प्रकाश संसार में लेकर आए और ऐसे जीवन मूल्यों की स्थापना की जिनके माध्यम से धर्म एक नये रूप में प्रस्तुत हुआ। इस धर्म दर्शन में जीवन के इर्द-गिर्द छिपी बाहरी ही नहीं, भीतरी परछाइयां भी रोशनी बनकर प्रस्तुत होती है। अच्छाइयों की सही पहचान होती है, अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बनता। पार्श्वनाथ ने जो कुछ कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। वे प्रणम्य बने अपनी तपस्विता एवं पवित्रता की बुनियाद पर। उनका सम्पूर्ण जीवन, आदर्श और सिद्धान्त मानवता के नाम आत्म-विकास की प्रेरणा है। भगवान पार्श्वनाथ हमारे लिए वंदनीय है। वे हमारे जीवन दर्शन के स्रोत हैं, प्रेरक आदर्श हैं। उन्होंने जैसा जीवन जीया, उसका हर अनुभव हमारे लिए साधना का प्रयोग बन गया। उन्होंने हमारे भीतर सुलभ बोधि जगाई, व्रत की संस्कृति विकसित की, समत्व की साधना को संभव बनाया। बुराइयों का परिष्कार कर अच्छा इंसान बनने का संस्कार भरा। पुरुषार्थ से भाग्य बदलने का सूत्र दिया। क्योंकि हम कुछ होना चाहें और पुरुषार्थ न करें तो फिर बिना लंगर खोले रात भर नौका खेने वाले नादान मल्लाह की तरह असफलता हाथ आएगी। इसलिए उन्होंने कर्मवीर बनने का संदेश दिया। भगवान पार्श्वनाथ ने लगभग 70 वर्ष तक जनता को आलोक बांटा। 100 वर्ष की आयु में एक मास का अनशन करते हुए सम्मेद शिखर पर श्रवण शुक्ल अष्टमी को उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया।

दृष्टि कोण

# हिट एंड रन...पहले व्यवस्था दुरुस्त हो, फिर सख्ती

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपित तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाइवे और राजमार्गों पर अरबों रुपये खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आंख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है, जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी तो सख्त और प्रैक्टिकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा? सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक




सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समेत ड्राइवर को जिंता तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अकसर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर। भारत में करीब एक करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टर्स का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिये थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देशभर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घंटों में देख लिया। यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपित पर आईपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुर्माने का प्रावधान रहा है। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में अयोध्या में आये पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र एवं नवनिर्मित मंदिर की तस्वीर घर-घर वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र में स्थित प्रनीत टावर में बुधवार को अयोध्या में पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र एवं नवनिर्मित मंदिर की तस्वीर पूरे उल्लास के साथ घर-घर वितरण किया गया । वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। 14जनवरी से 21 जनवरी तक सफाई अभियान के अंतर्गत मन्दिर के साथ साथ घर और परिसर की साफ-सफाई की जायेगी। वहीं 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी कर ली गई है। अपार्टमेंट के परिसर एवं मन्दिर को सजाया जाएगा और सभी घरों में दीपक जलाकर उत्सव मनाया जाएगा। तथा अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम को एलइडी के माध्यम से दिन के 11 से 1ः00 बजे तक देखा जाएगा। तत पश्चात् भंडारा भी होगा । आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओमप्रकाश प्रसाद बृज बिहारी उपाध्याय रामधन सिंह वकील झा बृजेश मिश्रा अरुण



कुमार अजय कुमार अस्थाना मनोज कुमार सिंह सरिता उपाध्याय, बीना सिंह ,शालिनी राय ,अनीता देवी, हर्षा मिश्रा नीलम मिश्रा उषा मुखर्जी अनामिका सिंह ,ममता मिश्रा, जूली देवी अपर्णा साहू ,तनुजा बाला, सुनीता बर्णवाल, ममता मिश्रा, रूपम कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धा से महिलाएं घर घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण पत्र एवं निर्मित मंदिर की तस्वीर भेंट किए।

### मुक्केबाज ऐशानी कुमारी को भाकपा माले ने किया सम्मानित

## ऐसे ऊर्जावान बच्चों की हौसला अफजाई होनी चाहिए : प्रो. शाहनवाज खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जमीरा के ऐशानी कुमारी सुपुत्री दीपक गोप एवम स्वेता यादव(डी ए वी की शिक्षिका) एवं माले नेता देवानन्द गोप के पौत्री है जो जिला व राज्य स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने बाद अब राष्ट्रीय स्तर के अंडर 17 आयु वर्ग की कांस्य पदक हासिल किया है।उसके सम्मान में भाकपा माले प्रखंड कमिटी द्वारा नया नगर बरकाकाना 2 नंबर गेट कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता माले नेत्री नीता बेदी ने किया और संचालन प्रखण्ड सचिव नरेश बड़ाइक ने किया। उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर शाहनवाज खान ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रो खान ने कहा कि हमारे क्षेत्र ही नहीं बल्कि राज्य के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल की



है। हमें इस तरह के ऊर्जावान बच्चों की हौसला अफजाई करनी चाहिए। इसके लिए हमें शिक्षा के साथ आउटडोर खेलकूद के लिए बच्चों को प्रेरित करना चाहिए। जो क्षेत्र के साथ राज्य और देश का नाम रौशन करे। इस इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवानंद को गोप, दीपक गोप, स्वेता यादव, नागेश्वर मुंडा, बृजनारायण मुंडा, उमेश गोप राजेंद्र राम, देवकी बेदिया, पवन गोप,भोला महतो, तृतियाल बेदिया, कयूम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अल फ़ातिमा गर्ल्स हाई स्कूल में बच्चों ने सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड सरकार एवं रामगढ़ उपायुक्त के द्वारा विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के लिए अनूठी पहल की जा रही है इसी के तहत एक पहल अल फ़ातिमा गर्ल्स हाई स्कूल गोलपार रामगढ़ की ओर से ÷सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभ्यान की पहल हुई । इस पल से बच्चों को स्कूल आने के लिए जागरूक किया जा रहा है इस कार्यक्रम की जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल मों ज़हीरुद्दीन सर और स्कूल की शिक्षिका , सदर -खुर्शीद अहमद क़ुरैशी और संरक्षक हाजी रहीस ख़ान , आरिफ़ अहमद क़ुरैशी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में आजसु जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी घायल, रेफर

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसु पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी बुधवार को सड़क दुर्घटना में बाल बाल बच गए है। वे बुधवार को अपने थार वाहन में सवार होकर गोला से रामगढ़ की ओर आ रहे थे। आने के क्रम बारलोंग के समीप स्कूटी पर सवार एक वृद्ध व्यक्ति को बचाने के क्रम में उनका चार पहिया वाहन थार जेएच 01 ईयू - 0019 अनियंत्रित होकर एक अर्धनिर्मित घर मे जा घुसा। जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद रजरप्पा पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इधर दो पहिया वाहन सवार बृद्ध व्यक्ति को भी हल्की चोट लगी है।जानकारी के अनुसार दोनों लोग इलाज के बाद खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।



## सयाल शिव मंदिर में नवयूवक संघ की हुई बैठक,2100 दिया जलाने का लिया संकल्प

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के प्राचीन शिव मंदिर में बुधवार को सयाल नवयुवक संघ की बैठक की गई।वहीं इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी राम मंदिर उद्घाटन के शुभ अवसर पर सयाल प्राचीन शिव मंदिर में 2100 दिया जलाने का संकल्प लिया गया एवं सयाल में जितने भी देवी देवता का मंदिर है सभी मे दिया जलाया जाएगा और अयोध्या से आये पवित्र अक्षत को घर घर जाके बाटा जायेगा एवं सभी को 22 जनवरी उत्सव के रूप में मनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। सभी सयाल के लोगों को अपने अपने घरों में दिया दीपावली की भांति जलाने का आग्रह किया जायेगा एवं सभी सयाल वासियो को 22 जनवरी को सयाल शिव मंदिर आने का निमंत्रण दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर सयाल के अनूप कुमार पिंटू सिंह, छोटन सिंह, बिमलेश कुमार, भूषण शर्मा, मोनू साव, प्रवीण सिंह, सन्नी कुमार,अजय भगत, मधेश यादव, दीपक पांडेय, मनीष कुमार, नयन दत्ता, जोंटी,विकी, अमित यादव, नवीन, साहिल, मोनू कुमार, पुनीत, अंशु, ऋषि, पिन्टू मुंडा इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया इफीको के मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य गेट के समीप धरना प्रदर्शन किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के मरार में स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया इफीको के मजदूरों ने 26 दिन का हाजिरी , हेवी मशीन चलाने वाले मज़दूर को स्किल्ड का वेतन समेत दूसरे अन्य मांगों को लेकर मुख्य गेट के समीप धरना प्रदर्शन किया । मजदूर लगातार नारेबाजी कर रहे थे ।मजदूरों के गेट जाम करने के कारण इफिको का कामकाज पूरे तरीके से ठप पड़ गया है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि की सेल के अधिकारी मिली भगत से प्रतिष्ठान की जमीन को निजी फैक्ट्री को देने की साजिश रच रहे हैं। इधर प्रबंधन ने आंदोलनकर्ता मजदूरों से वार्ता की है। वार्ता के बाद मजदूर अपने आंदोलन को वापस लेने पर विचार कर रहे थे।

## सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन सयाल में किया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के के सी प्लश टु हाई स्कूल में बुधवार को सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ का महाअभियान कार्यक्रम चलाया गया।वही इस अभियान में टिपला एवं स्टार कालोनी व सयाल में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा सीटी बजा कर व स्लोगन तख्ती लिए क्षेत्र में भ्रमण कर स्लोगन बोला गया जिसमें स्कूल चलो स्कूल चलो, नहीं चलेगा कोई बहाना,सबको है स्कूल आना,वहीं इस अभियान का नेतृत्व सयाल दक्षिणी पंचायत मुखिया जगदीश साव कर रहे थे।वहीं इस अभियान में विधालय के प्राचार्य संजीत राम,लाल बिहारी यादव, शिक्षक अर्जुन कुमार बाउरी, रंजीत राम, कुमार प्रत्यूष व स्कूली छात्र छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत गांगपुर बारियातू के बीच चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुधवार को दो युवक घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से गिद्धौर थाना को जानकारी दी गई।और प्रशासन की मदद से घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया।जहां डॉक्टर अंजली कुमारी भगत एएनएम बिमला कुमारी ड्रेसर बीरेंद्र दांगी संतोष कुंजल के द्वारा इलाज किया गया।जिसमें एक युवक सुरक्षित है जिसे घर भेजा गया और दूसरे युवक का दाहिना हाथ पैर टूट गया है।जिसको बेहतरीन इलाज के लिए सदर हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। हाथ पैर टूटा हुआ युवक का नाम शुभम कुमार उम्र 22 वर्ष पिता महेंद्र साव दोनों युवक रामटुन्डा गांव निवासी सदर थाना का बताया जा रहा है। इसके परिजनों ने बताया कि बलबल मंदिर से पूजा कर वापस अपना घर आ रहा था।इसी बीच घटना घटी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान पूरे विश्व को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है- मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मयूरहंड :** प्रखंड के करमा और सोकी पंचायत सचिवालय में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का शुभारंभ किया गया। करमा पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी श्री रामनाथ यादव की अगुवायी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस दौरान प्रखंड कर्मियों के द्वारा शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि,सामाजिक पेंशन आयुष्मान कार्ड समेत अन्य स्टाल लगाकर आमजनों को केंद्र सरकार की प्रायोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। मुखिया रामनाथ यादव ने पंचायत सचिवालय परिसर में लगाए गए प्रखंड कर्मियों के द्वारा स्टालों का निरीक्षण किए और इस मौके पर पंचायत से आए हुए लोगों को संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। मुखिया रामनाथ यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने कई प्रायोजित कार्यक्रम आमजनों के लिए चला रखा है आप इसका लाभ उठाएं।संबंधित विभागीयकर्मी आपकी सभी आवेदनों को तत्काल निष्पादित करेंगे।विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के इस खास मौके पर गोद भराई और मुंह जुठी कार्यक्रम किया गया जिसमें पौष्टिक युक्त सामग्री से भरा क्लश माता को सम्मानपूर्वक दिया गया। मौके पर मुख्यरुप से मुखिया पुत्र सह युवा समाजसेवी शिबू यादव उप मुखिया जयनंदन यादव संतोष यादव उदय दांगी प्रखंड से आए कर्मी के रूप में जेई उमेश पंचायत सचिव राणा योगेंद्र प्रताप सिंह मुकेश कुमार राणा, रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास, बीएफटी उमेश दांगी, तापेश्वर रविदास, बीरेन पासवान, महेन्द्र यादव, राजेश गुप्ता बड़ी तादाद में आमजन शामिल हुए।

## कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज जिला अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड स्थित अति सुदुरवर्ती क्षेत्र रिमी पंचायत में एवं झरदाग, कोटारी गांव में कांग्रेस पार्टी के राजीव गांधी पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान ने बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीब असहाय एवं वृद्ध महिला - पुरुष के बीच कंबल वितरण किया श्री पासवान ने कहा कि इस ठंड कि प्रकोप से असहायों को राहत मिल सके इसको देखते हुए कंबल वितरण किया जा रहा है और आगे भी जरुरत मंदों को सहयोग किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार गुप्ता, टंडवा प्रखंड महासचिव गोविन्द पंडा रिमी पंचायत के 8 नंबर वार्ड सदस्य सोहागवा देवी समाजसेवी अरविंद कुमार यादव कमलेश यादव प्रसाद यादव भवनाथ यादव सपती देवी निरोया देवी तेतरी देवी मलोया देवी पारों देवी सकिता देवी सविता देवी बासुदेव यादव फतुली यादव प्रेमलता देवी धनराज भुइयां राजदेव पासवान नागेश्वर भुइयां कारु भुइयां राजकुमार राम महेश पासवान दीपक साव सुंदर यादव बिजा भुइयां जिरवा देवी समेत सैकड़ों महिला-पुरूष समेत कई असहाय महिला पुरुष शामिल हुए।

## हंटरगंज में राजद की बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को उपेक्षित किए जाने पर दुख प्रकट किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** मुख्य बाजार स्थित पानी टंकी के समीप मनोज यादव के मकान में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव तथा संचालन विनय यादव ने किया। बैठक में उपस्थित राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूती पर बल दिया। लालू यादव मिशन और विजन को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।पार्टी को सशक्त और मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया।साथ ही बैठक में प्रखंड एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के द्वारा कार्यकर्ताओं को उपेक्षा को लेकर गहरा दुख प्रकट किया गया।

## हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में बंध्याकरण कराने आई महिलाओं ने काटा बवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को बंध्याकरण कराने आई महिलाओं ने जमकर हंगामा किया।बंध्याकरण कराने आई महिला रूबी देवी मीरपुर,ललिता देवी सोखा, झरनी देवी रंजू देवी ललिता देवी पांडेयपुर पचमो का आरोप है कि15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर सुबह से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और पिछले सप्ताह भी आए थे। बंध्याकरण की नंबर लगाने वाली सहिया लालो देवी के द्वारा हम लोगों का नंबर ना लगा कर जो पैसा देते हैं उनका नंबर लगती है।उक्त महिलाओं का आरोप है कि जो लोग पैसा देते हैं उस का नंबर लगती है।पैसा नहीं देने पर कागजात फेंक देती हैं। महिलाओं ने इसकी सूचना प्रमुख ममता कुमारी को दिया गया खबर मिलते ही प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची बंध्याकरण के लिए आई महिलाओं से जानकारी ली लालो देवी से नंबर का रजिस्टर मांगा गया तो टालमटोल करने लगी और रजिस्टर नहीं दी जिस पर प्रमुख काफी आक्रोशित हो गई और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के के शाह से सिस्टम को सुधार करने और नंबर सिस्टम से बंध्याकरण कराने की निर्देश दी है। लालो देवी पर अनियमितता के आरोप पर उसे हटाने का निर्देश दिया गया है।एक तरफ सरकार बंध्याकरण कराने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रही है और दूसरे तरफ डॉक्टर की कमी के कारण 20 लोगों का ही ऑपरेशन हो पा रहा है। बाकी महिलाएं बैरंग लौट रही हैं या फिर प्राइवेट नर्सिंग होम में जाकर ऑपरेशन कराने को विवश है। जान जोखी में डालकर झोलाछाप डॉक्टर से ऑपरेशन करवा रही हैं और सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ से भी वंचित हो रही हैं।

## उपायुक्त ने अतिक्रमण के रोकथाम को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता




**चतरा :** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, वाद निबंधन एवं सरकारी भूमि के अतिक्रमण के रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिले में सरकारी भूमि के अतिक्रमण के रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई ।उन्होंने समीक्षा के क्रम में कहा सरकारी भूमि के अतिक्रमण से संबंधित निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही है। प्राप्त शिकायतों के आलोक में जांच कर नियमसंगत कार्रवाई करें। और आगे कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी भूमि का अतिक्रमण ना हो। सभी अंचल अधिकारी इसका खास ख्याल रखें। **राजस्व संग्रहण की समीक्षा।** अपर समाहर्त्ता ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में निर्देशित करते हुए कहा कि वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर है। राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूर्ण करें। **अंचल की समीक्षा।** अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सक्सेसन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिपोर्ट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर-संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गौतम सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी, संबंधित कार्यालय प्रधान, अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों को अटल टेक्निकल का दिया गया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चियों को अटल टेक्निकल के द्वारा तीन दिन का प्रशिक्षण करवाया गया। जो बुधवार को संपन्न हो गई। यह कार्य नीति आयोग के द्वारा करवाया जा रहा था। जिसमें कई जानकारियां बताई गई। प्रशिक्षण सुपन कुमार के द्वारा करवाया गया। जहां 6 से 11कलास के कुल 18 बच्चियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रॉनिक रेन अलार्म सिस्टम के बारे में बतलाया गया।जो बारिश आने से पहले बजने लगता है सेंसर डिशटेवीन डिजिटल के बारे में बतलाया गया।जहां कचरा डालने वाला डब्बा के सामने जाते हैं ऑटोमेटिक खुल जाता है। स्मोकिंग सेंसर से संबंधित जानकारी बताई गई।जो आग लगने से पहले संकेत करता है।एवं आग की घटना से बचा जा सकता है।स्मुक डिबेक्ट सेंसर के बारे में जानकारी दी गई।जो धूम्रपान कर गाड़ी चलाने वाले का पहचान किया जाता है।गैस सेंसर के बारे में भी बताया गया।जिसका उपयोग घर में किया जाता है गैस लीक होने से पहले अलार्म बजने लगती है।मौके पर उपस्थित वार्डन बिंदु पोहगार मंजू कुमारी विक्रांत वर्मा राहुल कुमार रिंकू कुमारी अनुपमा कुमारी विनय कुमार उपस्थित थे।

## हिंदू संगठनों ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पत्थलगड़ा :** अयोध्या से आए पूजित अक्षत, प्रपत्र एवं राम मंदिर की तस्वीर को प्रखंड क्षेत्र के नोनगांव में बुधवार को हिंदू संगठनों द्वारा वितरण किया गया द्य कार्यक्रम के पत्थलगड़ा प्रमुख एंव विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने बतया कि प्रभु श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है।जिसे लेकर हर घरों तक पूजित अक्षत, प्रपत्र एवं प्रभु श्री राम के मंदिर की तस्वीर को पहुंचाया जा रहा हैद्य इस कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न व्यायाम चढ भर कर कार्य कर रही है। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, एकल अभियान, हिंदू जागरण मंच, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर तक अयोध्या से आए संदेश को पहुंचने में अहम भूमिका निभा रही हैंद्य आगे श्री कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न गांव में दीप प्रज्वलित कर, भगवा ध्वज लहराकर, गांव के प्रत्येक मंदिरों में सामूहिक आरती के आयोजन करके, हरि कीर्तन करके एवं झांकी प्रस्तुत करते हुए उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय गांधी चौक में हरि कीर्तन का आयोजन, सिंघानी पंचायत के पंचमुखी चौक में झांकी की प्रस्तुति के अलावे अन्य क्षेत्रों में अनेकों प्रकार से उत्सव मनाया जाएगाद्य पूजित अक्षत वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम के जिला कमेटी के सदस्य आशीष दांगी, पत्थलगड़ा उप प्रमुख मुकेश दांगी, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी, राजकुमार ठाकुर, दुर्गेश कुमार, अवध दांगी, पवन कुमार, मुकेश कुमार के अलावा कई कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# लातेहार की खबरें

## शिवगुरु सानिध्य में सम्पूर्ण लौकिक पारलौकिक संकट तिरोहित हो जाती है : भाई धनंजय

### बारियातू खेल स्टेडियम में विराट शिव गुरु महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**बारियातू (लातेहार) :** प्रखंड के खेल स्टेडियम परिसर में बुधवार को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया .जहाँ उपस्थित श्रद्धालू व शिव शिष्यों के बीच अमृत वर्षा करते हुए भाई धनंज्य ने कहा कि सभी भेद से ग्रसित हैं, सभी यम नियम से बंधे हैं। मात्र शिव ही भेद से मुक्त है, मात्र शिव ही यम नियम से परे है, सभी छलीया है। मात्र शिव ही निश्छल हैं।सब ने विष देखकर भागे, पर शिव ने विष पी गए, तभी तो नीलकंठ कहलाए। शिव तो बदसुरती में भी खुबसूरती का जागरण हैं। शिव के सानिध्य में सम्पूर्ण संकट तिरोहित हो जाती है। भाई धनंजय ने कहा कि एक प्रार्थना जगी है। एक गीत गा लिया। एक वंदना हुई है। एक मित पा लिया। सचमुच जीवन प्रार्थना हीन था, और जीवन में जो प्रार्थना थी वह व्यर्थ की प्रार्थना थी। शिव मेरे गुरु हो जाय। यह एक शाश्वत प्रार्थना है।यह प्रार्थना जीवन में जागने के उपरांत, जीवन भगवता की ओर मुड़ती है, जहां जीवन के सार हाथ लगती है, जीवन में शिव गुरु शिष्य होने की प्रार्थना जगना जीवन में क्रांति उद्घोष है, इस प्रार्थना से जीवन में एक गीत उठती है, वह गीत गुरु की ओर ले जाती है, फिर गुरु के दया से प्रार्थना और गीत मिलकर जीवन में वंदना स्वरुप में निर्मित होता है, फिर जीवन को शाश्वत मित मिलता, जिसके उपरांत जीवन शिवमय होने लगता है, शिव मेरे गुरु हो,यह प्रार्थना शब्दों में उठी है,काश शिव मेरे गुरु हो यह प्रार्थना दिलों में उठे,ये जिंदगी के आयाम बदल जाएंगे। भाई धनंजय ने कहा की मृत्यु जगत की शाश्वत घटना है। मृत्यु तो सबको आना है। कोई मृत्यु को जीते जी स्विकार कर ले तो फिर वो अमर हो गया। परन्तु मृत्यु जीवन के स्विकार पक्ष नहीं है। आध्यात्म के चरम उत्कर्ष के बेला में जीवन मृत्यु को स्वीकार कर लेता है। प्रतीदिन जीवन में मृत्यु की घटना घटित होती है। पर धरती की उत्सुकता में मृत्यु की कोई आभास नहीं है। बस किसी के मृत्यु पर फूल माला चढा दिए। बात खत्म, खुद से खुद की पता पुछ लो, यही है शिव शिष्यता। मौके पर बॉलीवुड सिंगर मेघा, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी, बहन सुनीता वाराणसी, भाई अमोद लेस्लीगंज, कार्यक्रम का आयोजक भाई अजित,अनिल, सकेंद्र, टीमा, पिंटू, नागेंद्र, बहन कमला, मीणा, सुनेशवरी, ममता, सोनी, बिशुनुदेव, गाँधी सहित चतरा, प्रतापपुर, लावालौंग, चंदवा, लातेहार बालूमाथ हेरहंज सहित पलामू प्रमंडल के सैंकड़ो शिव शिष्य उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लातेहार :** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में पंचायती राज्य विभाग के द्वारा पंचायतों के विकाश में वार्ड सदस्यों की भागीदारी को लेकर चल रहे प्रशिक्षण शिविर बुधवार दिन को सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम बैच मे मनिका प्रखंड के मनिका नामुदाग डोकी व बरवैया कला पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए सिटीजन फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला ने प्रथम दिन वार्ड सदस्यों को मुखिया पंचायत सचिव की जिम्मेदारियां उनका कर्तव्य व उनके अपेक्षित भुमिका के समझ को विकसित करने के साथ साथ पंचायत के सशक्त विकाश करने सहित कई बिंदुओ पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण के दूसरा दिन सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करायी गई संसाधनों के समझने मनरेगा 15वें वित आयोग व अन्य प्रासंगिक योजनाओं के माध्यम से गांव का विकास में वार्ड सदस्यों की भागीदारी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विभागीय समिति मे ग्राम पंचायत की भुमिका के बारे मे जानकारी दी गई। एवं प्रशिक्षण के अंतिम दिन वार्ड सदस्यों के द्वारा पंचायत को सशक्त बनाने हेतू स्वयं के कार्य योजनाओं का निर्माण करना वार्ड सदस्यों के मासिक भत्ता दैनिक भत्ता व यात्रा भत्ता पर समझ विकसित करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन महिलाओं को समाज में उनकी भागीदारी को लेकर मुवी के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया ।पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर मे वार्ड सदस्यों मे काफी रूझान देखने को मिला ।गौरतलब हो की मनिका में आयोजित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर आगामी 22जनवरी तक चलेगा ।जिसमे मनिका प्रखंड के सभी पंचायत के वार्ड सदस्य प्रशिक्षण का लाभ लेंगे। मौके पर प्रखंड समन्वयक शिल्पी सेन विनिता कुमारी वार्ड सदस्य सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## अवैध कीमती लकड़ी लदा पिकप वैन जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह गुरुवार को छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र सैदूप मोड़ के पास अवैध कीमती सखुआ का नौ बोटा के साथ पिकप वैन को वन कर्मियों द्वारा जब्त किया गया है।इस संबंध में रेंजर अजय टोप्पो ने बताया कि गुप्त सूचना से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 10 बजे सैदूप मोड़ के करीब छापेमारी के दौरान देखा गया कि एक पिकप वैन जिसका नंबर Jho 3S 1924 खड़ा है जिसमें सखुआ का बोटा लदा है,जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए आंका जा रहा है । चूंकि वैन का गुल्ला टूट जाने के कारण भागने में ड्राइवर विफल रहा। वहीं सूचना मिलते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और बोटा लदे गाड़ी को जब्त किया साथ ही ड्राइवर जो कि गाड़ी का मालिक भी है उसे हिरासत में लिया ।वहीं टोप्पो ने बताया कि उक्त पिकप वैन का मालिक वीरेंद्र प्रसाद पिता श्रीरामजी प्रसाद है जो प्रखंड अंतर्गत अमडीहा गांव का निवासी है।

## करनदाग में सेविका चयन में हुआ फर्जीवाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हेरहंज :** प्रखण्ड के सलैया पंचायत के ग्राम करनदाग में दिनाक 06.01.2024 को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार से प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्यालय के द्वारा पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पत्रांक 703 दिनांक 21.12.2023 के अनुरूप आंगनबाड़ी केंद्र करणदाग कोड 0530 में रिक्त सेविका पद हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें चयन समिति के अध्यक्ष बालविकास पदाधिकारी बालूमाथ, सुपरवाइजर अनिता देवी, पंचायत मुखिया, सलैया पंचायत समिति सदस्य व प्रधानाध्यापक करणदाग की मौजूदगी में उपस्थित ग्रामीणों के बीच तीन सेविका अभ्यर्थी के योग्यता सर्टिफिकेट की छाया प्रति को अवलोकन करते हुए मूल प्राप्तांक में अधिक अंक देखते हुए किरण कुमारी पति बाबूलाल कुमार को सेविका पद के लिए चयन किया गया। इस पर आवेदिका लक्ष्मी कुमारी पति सचिन गझू द्वारा संबंधित विभाग में लिखित आवेदन देकर सेविका अभ्यर्थी किरण कुमारी पति बाबूलाल गंजू, बसंती कुमारी पति दिनेश लोहारा पर फर्जी सर्टिफिकेट आमसभा में प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए दोषी अभ्यर्थियों को कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें के सेविका चयन में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए जम कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सेविका चयन में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्वेक्षिका द्वारा खुलमखुल्ला मनमानी किया जा रहा है। इस मनमानी का विरोध भी जम कर हो रहा है।

## जल्द बनेगी बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पक्की सड़क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा और लातेहार एसपी अंजनी अंजन मंगलवार को बूढ़ापहाड़ के सबसे नजदीक कैंप नावटोली और तिसिया का जायजा लिया है। दोनों अधिकारी इलाके में करीब छह घंटे तक रहे और एक-एक बिंदुओं पर समीक्षा की है।इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बूढ़ापहाड़ इलाके में तैनात सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को भी सुना अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की।स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क समेत कई समस्याओं को लेकर अधिकारियों को जानकारी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में सड़क की समस्या है।स्थानीय ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि इलाके को जोड़ने वाले सड़क कि मंजूरी मिल गई है और टेंडर भी जारी हुआ है. जल्दी इलाके में सड़क और पूल का निर्माण कार्य शुरू होगा।अधिकारी करीब दो घंटे का सफर कर बाइक से ही इलाके में पहुंचे थे.दरअसल अभियान ऑक्टोपस में तिसिया और नावाटोली पुलिस कैंप की सबसे बड़ी भूमिका रही है। दोनों कैंप लातेहार के इलाके में मौजूद है।दोनों कैंपों की दूरी नजदीक के बारेसाढ़ थाना से करीब 30 किलोमीटर कि है। पूरा रास्ता पथरीला है और कई जगह नदियों को पार करना पड़ता है।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह सरकार पर बरसे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित परिसदन भवन में पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरिनाथ सिंह के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।साथ ही वर्तमान राज्य सरकार हेमंत सोरेन कि कार्यप्रणाली को ग़लत बताया उन्होंने कहा कि आज पुलिस को 13 महीने कि वेतन मिलती है फिर भी बालू भी पुलिस को ही दे दिया गया है। जबकि यह खनन विभाग का काम था। वहीं गांडेय विधानसभा जेएमएम सरफराज अहमद के इस्तीफे पर उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अहम खुद इस्तीफा नहीं दिया है बल्कि उन्हें इसके लिए मजबूर किया गया है क्योंकि सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को वहां से विधानसभा चुनाव लड़वा सकें। इसमें कहीं न कहीं हेमंत सरकार कि चाल है। वहीं आगे उन्होंने राज्य सरकार हेमंत सोरेन पर कड़ी प्रहार करते हुए कहा कि ईडी द्वारा समन भेजने पर भी हेमंत सोरेन को उपस्थित नहीं होना भी बड़ा सवाल खड़ा करता है।जब पहले एक बार उन्होंने गया था फिर दोबारा नहीं जाने का कारण क्या है अगर ओ सच्चे होते तो जरूर जाते।यह सरकार अक्रमंता और असहयोग कि सरकार है। संविधान से ही देश चलती है परन्तु इनके अंदर नैतिकता और इकबाल समाप्त हो गई है।

## पीडीएस डिलरो की हड़ताल खत्म



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के पीडीएस डीलर्स (जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों) की हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। खाद्य प्रशंस्करण और उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ वार्ता के बाद फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के ने हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए जनवितरण प्रणाली प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद व सचीव नार्सिंघ सिंह ने बताया कि हम सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अपने हित में कई उचित मांगो को लेकर बीते एक जनवरी से हड़ताल पर थे। प्रदेश कमेटी ने राजय सरकार के साथ वार्ता कर अपनी मांगो को रखा जिस पर राज्य सरकार ने अधिकांश जायज मांगो को अविलंब बहाल करने की बात कही। जिसके बाद प्रदेश व जिला कमेटी के निर्देश पर हम सभी डीलर आज दस जनवरी को हड़ताल समाप्त कर नियमित कार्य में वापस लौट गए। मौके पर उदय प्रसाद, महेश पासवान, कुंवर प्रसाद, मो शोएब आलम, उमेश प्रसाद, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, राजेन्द्र सिंह, गौरी सिंह, दया देवी, रामपदारत सिंह, सागर सिंह सहित कई डीलर मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री फलक नाज के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री सह समाजसेवी फलक नाज के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया ।आयोजित शोक सभा में अपना शोक व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस नेत्री फलक नाज कांग्रेस के हितैषी प्रखर समामाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार महिला थी । इनके निधन से कांग्रेस ने कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही खो दिया है । इनके निधन से कांग्रेस की भारी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही । शोक सभा के अंत मे कांग्रेसियो द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व इस संकट घड़ी मे इनके परिजनों को धैर्य तथा सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई । प्रदेश सचिव बिनोद सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मिथिलेश दुबे, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, साजिद अली खान, राजू चौरसिया, दिलीप कुमार रवि, परवेज अहमद, कजरु साव, कृष्णा किशोर प्रसाद, सलीम रजा, महेश प्रसाद साव, अनवर हुसैन, राशिद खान, अनिल कुमार भुईंया अधिवक्ता इजहार हुसैन, विजय कुमार सिंह, शब्बीर अली, पंचम पासवान, देवधारी प्रसाद मेहता, जावेद इकबाल, सलाउद्दीन खान, रंजीत यादव, विकास कुमार यादव, भैया असीम कुमार के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

### नजीर मियां व कमरुद्दीन बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला महासचिव

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली ने पत्र जारी कर बतलाए की अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के समर्पित सूची कि स्वीकृति प्रदान करते हुए! इचाक निवासी नजीर मियां और सरदार रोड निवासी कमरुद्दीन को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का जिला महासचिव बनाया गया है जो कि तत्काल प्रभाव से लागू है आशा व्यक्त किया है कि कांग्रेस पार्टी के आदर्श पर चलते हुए प्रदेश प्रभारी उमैर खान ,राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे एवं देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे । हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने बतलाया कि निरंतर कांग्रेस पार्टी एवं समाज सेवा के पश्चात कांग्रेस पार्टी में अपनी-अपनी जिला स्तरीय पहचान बनाने के पश्चात उक्त दोनों वरिष्ठ कांग्रेस जनों को यह दायित्व सौंपा गया है झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के अनुमोदन के उपरांत उक्त दोनों कांग्रेसजन को हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग का जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने आशा व्यक्त की है कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में नजीर मियां और कमरुद्दीन कांग्रेस पार्टी को सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने में अपना- अपना संपूर्ण योगदान देंगे उक्त कांग्रेसजन आगामी लोकसभा चुनाव में संकल्पित भावना से कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम योगदान देंगे।

### बेसब्री से है रामलला के आगमन की प्रतीक्षा : विधायक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या से आए निमंत्रण के रूप में पूजित अक्षत, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का चित्र और स्नेह निमंत्रण पत्र का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवियों ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर पहुंचकर विधायक मनीष जायसवाल के पिता सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल सहित उनके संपूर्ण परिवारजनों से मिलकर भेंट किया। इस दौरान स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवियों ने जय श्री राम के जयकारे के साथ विधायक परिवार को आगामी 22 जनवरी की अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम लला के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का आग्रह किया । विधायक श्री जायसवाल ने अपने माता-पिता, धर्मपत्नी सहित अन्य परिवारजनों संग बड़े ही श्रद्धा भाव से श्रीअयोध्याजी से पूजित अक्षत और निमंत्रण पाकर भाव- विभोर हो गए ।उन्होंने कहा कि हमें गर्व हैं की इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह हम और हमारी पीढ़ी बन पा रहें हैं।निमंत्रण पत्र लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कुणाल, विभाग प्रचारक आशुतोष,जिला संघ चालक श्रद्धानंद सिंह, नगर संघ चालक मनोज गोयल, जिला संपर्क प्रमुख अभिषेक कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद डॉ संतोष पाण्डेय और जिला संपर्क प्रमुख अश्विनी केशरी विधायक आवास पहुंचे थें।

### एडवांटा कंपनी के धान लगाने से किसानो को लाखो का नुकसान

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया, दारू,सदर, कटकमदाग, कटकमसांडी,बड़कागांव,इचाक,विष्णुगढ़, पदमा समेत अन्य 16 प्रखंड के क्षेत्र के कई पंचायत अंर्तगत बेरहो, कंचनपुर,मदनपुर,लोहड़ी,सिझुआ,करमटांड, करियातपुर,बादम ,हरली, सरौनी, डूमर, हुरलुंग, हरली ,खैरका,कैबलाशी,डंडे, अमनारी, डांड, पिचरी, कवातु,तिलरा,नवाडीह, शाहपुर, हैसाकुदर, भेलवारा,जगदीशपुर , पिपचो अमली,मेढकुरी,मंगुरा, डेमोटांड,सखियां,बैहरी ,लालपुर, सिलवार कला, इरगा,जबरा, सलगांवा, गरी, विश्रामपुर , सांड,गांवों में किसानों को एडवांटा धान हाइब्रिड सीड्स प्राईविट लिमिटेड कंपनी धान के बीज, स्रा1 801,801+, समेत अन्य बीज लगाने से लाखो का नुकसान हुआ। किसानों में बेरहो गांव के सोनी देवी, छोटी महतो करियातपुर के राज कुमार ,कंचनपुर के मनोज कुमार ने कहा कि एडवांटा धान के बीज पूर्व में तो बहुत अच्छा था। लेकिन अब इस कंपनी में धान तो धान पूवाल भी नसीब नही हुआ। वही बता दे कि छोटी महतो ने कहा कि एडवांटा हाइब्रिड धान कंपनी के हजारीबाग जिला प्रतिनिधि( ट्रेटरी मैनेजर ) आशीष सिंह ने मुझसे जबरन कच्चा धान के पौधे 10 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा मतलब की 100 ,100 मीटर का दो खेत की कटाई ,झड़ाई करवा दिया और मुझे धान कटाई का मजदूर की मजदूरी भी नही दिया । यह कहकर की मैं इस पर किसानो का मीटिंग करवाने आऊंगा उस समय मजदूरी की रुपए दे दूंगा ।लेकिन अब तक मीटिंग भी नही करवाया और मुझे पैसे भी नही दिया गया। किसानों ने काफी नाराजगी जताते हुए कहा की इसके पूर्व में हजारीबाग जिला प्रतिनिधि (ट्रेटरी मैनेजर) विकाश सिंह थे जो हम किसानो से लाकर रूबरू होकर मुलाकात करते थे ।

## केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : जैलेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के किता धुढाधारा नहर के समीप सिल्ली विधानसभा मंडल भाजपा वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राँची जिला के भाजपा के पूर्व बीस सुत्री उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य जैलेन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ महतो एवं संचालन रघुवीर प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन बासुदेव महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र



सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य अपनी कई कल्याणकारी योजनाओं की अहर्ता वाले लाभार्थी तक पहुंचने का सुनिश्चित करना है।

जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसका लाभ मिले। केंद्र सरकार ने कई ऐसी योजनाएं भी बनाई है जिसके जरिए गरीब लोगों को आवास उपलब्ध हो सका साथ में जरूरतमंद लोगों को गरीब लोगों को कई तरह की मदद मिली देश में कई नई-नई योजनाएं शुरू की गई वास्तव में विकसित भारत में विज्ञान का बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान रहा है हमारा भारत देश और भी आगे विकसित होगा । हमारे इस विकसित भारत देश में तेजी से हर एक व्यक्ति में प्रगति हुई स्वास्थ्य सेवाएं भी तेजी से विकसित हुई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को 2024 को होने वाले चुनाव की तैयारी के लिए अभी से जुट जाने को कहा। इस मौके पर

वनमाली महतो ,ठाकुरदास महतो, जवाहर महतो, सृष्टिध महतो, परशुराम महतो, साधु चरण महतो ,नीतीश कुमार महतो, वीरेंद्र नाथ महतो ,सुरेंद्रनाथ महतो ,रामकिशोर महतो ,श्याम महतो, प्रकाश चंद्र महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बरही प्रमुख ने नए एसपी को बरही के ट्रैफिक समस्या से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को बरही प्रमुख मनोज रजक हजारीबाग के नए एसपी से अरविंद कुमार सिंह से भेट किया। प्रमुख के साथ पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, विकास सिंह व समाजसेवी रमेश ठाकुर मौजूद थे। मौके पर सभी ने नए एसपी का बुके देकर स्वागत किया। वही प्रमुख ने बरही के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि बरही चौक तीन राजमार्गों का संगम स्थल है, यहां पर काफी



संख्या में गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है, जिससे आए दिन ट्रैफिक की समस्या होती रहती है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि बरहीवासियों को ट्रैफिक से निजात मिल जाता तो बरही वासियों के लिए काफी सहूलियत होती।

## डीएवी स्कूल के बच्चों ने दो स्वर्ण व दो रजत पदक जीतकर सिल्ली का नाम रोशन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** डी.ए.वी. सिल्ली ने नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली में दो स्वर्ण एवं दो रजत पदक जीते। नेशनल स्पोर्ट्स जिसका आयोजन डी.ए.वी. एवं स्कूल गेम्स एवं फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 5 जनवरी से 7 जनवरी के बीच किया द्यजिसमें डी.ए.वी. सिल्ली के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल का परचम लहरायाद्य मोहम्मद जीशान रजा कक्षा पांचवी को कराटे में स्वर्ण पदक ,इभया मिश्रा कक्षा आठ को वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक ,तुषार सिंह मुरा कक्षा 6



को रोप स्किपिंग में रजत एवं प्रेम कुमार महतो कक्षा 7 को स्किपिंग में रजत पदक मिला द्य साथ ही मल्लिका साइ कक्षा 7 वुशु, जोशीका उरांव कक्षा 6 तैराकी, आरती उरांव कक्षा 6 , रिनिक मिस्त्री कक्षा 8 कराटे एवं रुद्र प्रताप दुबे ने एथलेटिक्स में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कियाद्य विद्यालय से कुल 9 बच्चों ने नेशनल लेवल पर भाग लेकर स्कूल को दो स्वर्ण एवं दो रजत पदक दिलायाद्य डीएवी कालेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान श्री पूनम सूरी एवं डायरेक्टर डॉ.वीर सिंह ,विद्यालय की प्राचार्या सुश्री बुबुन शरण, खेल शिक्षक मधुरेंद्र कुमार एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जीत और सहभागिता के लिए सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## करियातपुर के लाइट साउंड मालिको की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** करियातपुर के सभी लाइट साउंड मालिको की एक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के बरही खण्ड कार्यवाह संतोष कुमार प्रजापति एवं संचालन पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम के बरही प्रखण्ड संयोजक चंदन कुमार केशरी के द्वारा किया गया। प्रखंड संयोजक एवं सह संयोजक के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि करियातपुर के सभी मंदिरों को सजाना है। इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए सभी लाइट साउंड मालिको ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि वर्षो से प्रतिक्षित अयोध्या में भगवान श्री राम जी के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हमे सेवा करने का मौका मिल रहा है। हम सभी सेवा भाव से 16 जनवरी से करियातपुर के सभी 11 मंदिरों को लाइट से सजायेगें और 22 जनवरी को मंदिरों में भजन कीर्तन, पूजा पाठ करने एवं अयोध्या में होने वाले दिन भर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के लिए टीवी और साउंड लगाया जाएगा। लाईट साउंड मालिको में पिंटू केशरी, राजेश भगत, बबलू सोनी, राजेश भगत (बिटका), राजा भगत, अंकित केशरी, चंदन शर्मा, सुमित शर्मा, विक्की शर्मा, भीम रविदास वहीं मुख्य रूप से संतोष प्रजापति, चंदन केशरी ,मुन्ना सोनी,धर्मेंद्र प्रजापति,कमलेश कुशवाहा,संतोष केशरी,वा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बरही डीलर संघ का वनभोज कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जवाहर घाटी में स्थित वन विश्रामागार के प्रांगण में बुधवार को बरही जन वितरण प्रणाली संघ के द्वारा सामूहिक वनभोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डोमन पांडे ने की। कार्यक्रम में बरही प्रखंड के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव, एफसीआई के पुरुषोत्तम सिंह सहित प्रखंड के दर्जनों पीडीएस दुकानदार शामिल हुए। वनभोज के दौरान डीलरो से जुड़ी कई प्रकार के समस्याओं पर चर्चा हुई। अंत में सभी ने वन भोज का लुत्फ उठाया। मौके पर डीलर संघ के



अध्यक्ष डोमन पंडित, सचिव सुखदेव साव, नंदकिशोर साव, बरूण साव, गणेश साव, राजेंद्र साव, जगदीश उराव, मनुलाल प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, दिलावर हुसैन, गीता देवी, विधा देवी, लखन राम, जयनाथा प्रसाद, प्रमेश्वर यादव, बीरेंद्र कुमार, किशोर कुमार, छोटेलाल राम, सुनीता देवी, शकुंतला देवी, रेखा देवी, देवांति देवी, सनफुल देवी, अब्दुल कयूम, अर्जुन राम, बासुदेव प्रसाद, रामलाल यादव, अरुण कुमार, राजदेव यादव, निशांत कुमार, समशद आलम, संतोष केशरी, लालाधारी यादव, नंदकिशोर प्रसाद, रविंद्र यादव, चंदेश्वर रविदास, अरुण कुमार सिंह, बद्री यादव सहित कई डीलर संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## कोरियाड़ीह व लठिया शिव मंदिर प्रांगण में पूजन के पश्चात घर-घर पूजित अक्षत देने का अभियान शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलाल की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को बरही के कोरियाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण में राम भक्तों ने पूजा अर्चना कर गांव के हर घर अक्षत वितरण के साथ निमंत्रण देना अभियान प्रारंभ किया। इसके साथ ही लठिया गांव में भी यह कार्यक्रम विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता व कार्य प्रखंड संयोजक चंदन केशरी के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर जारी है। मौके पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि यह गौरवान्वित क्षण है कि हमारे समय में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा देखने को मिला है,जो हमारे आने वाले पीढ़ी भी याद रखेंगे। वहीं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पांच सौ साल बाद 22 जनवरी को अवध में श्रीराम प्रभु विराजमान हो रहें, ऐसा अनुभव हो रहा है कि जैसा



त्रेतायुग में वनवास के बाद प्रभु सियाराम अयोध्या आने की खुशी थी, वैसा ही आस्था और खुशी का माहौल से पूरा देश राममय हो गया है। वहीं महिला नेत्री ममता देवी ने कही कि यह हम सभी का ऐतिहासिक क्षण है,जो जगत का पालनहारा का आमंत्रण हम सभी को मिल रहा, इसे स्वीकार कर अपने को धन्य समझें। मौके पर पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, पूजित अक्षत एवं राम जी का चित्र देकर प्रारंभ किया। मौके पर जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी,उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुशवाहा, ब्रह्मदेव यादव, रामजी प्रसाद, नरेश कुमार, प्रकाश साव, उमेश यादव, अशोक यादव, योगेन्द्र यादव, बैजनाथ यादव, विनय गोप, बिरजू राणा, रंजीत राणा, अवधेश यादव, सुरेश पंडित, गाजो यादव, संजय यादव सुरेश राम,विकाश यादव,बालेश्वर कुमार, चन्दन कुमार, सतीष कुमार महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, कमलेश कुशवाहा, जगदीश महतो, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन प्रसाद,नेहरू प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, मुकेश सिंह, चंदन सिंह, राजेश सिंह, भुनेश्वर सिंह, रामदेव सिंह, इंद्रदेव प्रसाद, विकास कुमार, झमन सिंह, दशरथ महतो, नारायण महतो, राजेश कुमार, सुनील कुमार, संजय प्रसाद, सुखदेव महतो, केशव प्रसाद, विमल सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, वासुदेव महतो, विनय कुमार, महेंद्र प्रसाद, सीमा देवी, विमला देवी, जमनी देवी, पूजा देवी, कुंती देवी, अनीता देवी, गुड़िया देवी, सबिया देवी, कंचन देवी, विमला देवी, अनीता देवी, ममता देवी, मुंद्रिका देवी, मुनिया देवी, मोहिनी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे ।

## ईवीएम/वीवीपीएट के प्रदर्शन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईवीएम/वीवीपीएट मोबाईल डेमोस्ट्रेशन वैन को सदर अनुमंडल पदाधिकारी विधा भूषण कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह जागरुकता रथ मतदाताओं को जागरूक करने के साथ वोट की पूरी प्रक्रिया से रूबरू कराएगा, लोकसभा निर्वाचन-2024 चुनाव के मद्देनज़र दिनांक-10 जनवरी से 19 फ़रवरी 2024 तक ईवीएम प्रदर्शन केंद्र तथा चलन्त प्रदर्शन वैन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं एवीएम वीवीपीएट से रूबरू कराने के लिए चलन्त प्रदर्शन वैन चलाया जा रहा है यह मोबाइल चलन्त वैन सेक्टरवार प्रत्येक मतदान केंद्र में जाएगा तथा ईवीएम/वीवीपीएट मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में प्रदर्शन किया जाएगा। जहाँ मतदाता वोट डालने की पूरी प्रक्रिया से अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शन के लिए प्रयोग करने वालें ईवीएम में डमी वैलेट पेपर का प्रयोग किया जाएगा। इस जागरूकता रथ के साथ पुलिस बल मजिस्ट्रेट प्रत्येक मतदान केंद्र में चलन्त वाहन के साथ जिला से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम प्रदर्शन के दौरान वाहन के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित रहेंगे।

## सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान पर डीईओ की अगुवाई में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण के नेतृत्व में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, लेखपाल, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।साथ हीं यह निर्देश दिया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, रसोईया, प्रखंड कर्मी, मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावको की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में बृहस्पतिवार को सुबह



9:30 बजे तक सोशल मीडिया ग्रुप में उस फोटो एवं वीडियो को अपलोड किया जाए ।जिसमें बच्चे सीटी बजाते हुए विद्यालय आ रहे हैं।बैठक में उपरोक्त कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा ने शिशु पंजी के विषय में विस्तृत चर्चा की।उक्त बैठक में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, शैलेंद्र कुमार ,लालिमा ज्योत्सना लकड़ा , किसलय कुमार, जवाहर प्रसाद ,किशोर कुमार ,राकेश सिंह डोमन मोची , प्रवीण कुमार ,अभय कुमार ,प्रकाश कुमार ,अनुपम रानी ,मीनाक्षी कुमारी, परमानंद पांडे ,हृदयांशु, सुधीर कुमार, प्रहलाद गुप्ता ,कुणाल कुमार , पंकज कुमार गुप्ता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## विस्थापितों को उनका मालिकाना हक दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल : उमाशंकर अकेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीनगर ग्राम के विस्थापितों का एक प्रतिनिधिमंडल निवेदन समिति के सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव से मिले। विस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल ने अपर सचिव से मिलकर जल्द से जल्द श्रीनगर का मामला भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजने का आग्रह किया। चुकी श्रीनगर गाँव जिस क्षेत्र में बसा हुआ है, वह सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार अधिसूचित वन भूमि में



हैं। श्रीनगर को अधिसूचित वन भूमि से नोटिफाई करने का कार्य भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा ही किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव से मिलकर अपनी रिपोर्ट भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को जल्द से जल्द भेजने का आग्रह किया ताकि उनको श्रीनगर ज़मीन का मालिकाना हक़ मिल सके। इस सम्बंध में विधायक श्री अकेला ने कहा कि श्रीनगर के विस्थापितों को लेकर लगातार वह मुखर रहे है और उनके समस्याओं के निदान को लेकर लगातार प्रयासरत है। श्रीनगर गांव में झारखण्ड सरकार के कई विधायकों के साथ शिविर लगाकर डीवीसी, उपायुक्त हजारीबाग, अपर समाहर्ता के साथ तमाम पदाधिकारियों के साथ भी बैठक किया जा चुका है। राज्य सरकार के स्तर से इस मामले का निदान होना सम्भव प्रतीत नही हो रहा है चुकी उक्त जमीन अधिसूचित वन विभाग की चिन्हित है। केंद्र सरकार द्वारा ही मामले का हल निकाला जा सकता है। जिसे लेकर वह विभाग के अपर सचिव से मुलाकात कर एक रिपोर्ट भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से करने का अनुरोध किया हूँ। विधायक श्री अकेला ने कहा कि विस्थापितों को उनका मालिकाना हक दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विषय मेरा भारत - विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, सभी सहायक प्राध्यापकगण,मेरिडियन एकेडमी के डॉ. कुरेश शर्मा एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल के कांशीनाथ महतो आदि ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सीताराम यादव ने स्वागत भाषण से मुख्य अतिथि एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया । भाषण प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों - जगन्नाथ जैन महाविद्यालय, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन , एवं नेहरू युवा केंद्र से लगभग 20 प्रतिभागियों प्रतिभाग लिया एवं अपनी वाचन कौशल की प्रतिभा को दिखाया। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के रुप में डॉ. कुरेश शर्मा, काशीनाथ महतो एवं सौरभ शर्मा उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी. एड. सत्र 23-25 के प्रशिक्षु नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान जगन्नाथ जैन महाविद्यालय की छात्रा संतोषी कुमारी एवं तृतीय स्थान- ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. सत्र 23-25 की प्रशिक्षु सोनाली कुमारी सिंह ने प्राप्त किया।

## पंप इनोवेशन में शक्ति पम्पस का 10वां पेटेंट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को अ सर्फेस हेलिकल पंप कंस्ट्रक्शन विथ कोलिनियर फ्लो के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए वैध है और यह शक्ति पम्पस् का दसवां पेटेंट है।शक्ति पंप्स का यह इनोवेशन आरओ झिल्ली में रुकावट आने पर भी लगातार जल प्रवाह को जारी रखता है, इस इनोवेशन के साथ शक्ति पंप्स की रिसर्च टीम ने सेंट्रीफ्युगल पम्पस् में अक्सर होने वाली समस्या का समाधान कर दिया है। इसकी बेहतरीन डिजाइन एफिशिएंसी को बढ़ाती है। बार बार झिल्ली बदलने की जरूरत को कम करके रखरखाव की लागत कम करती है और आरओ इंडस्ट्री को एक बेहतरीन आर्थिक समाधान देती है। पंप की एनर्जी एफिशिएंसी न केवल लागत को घटाती है बल्कि कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी योगदान करती है, जिससे एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी गोल्स पूरा करने में मदद मिलती है।

## शाओमी ने रेडमी नोट 13 सीरीज के साथ 2024 की ज़बरदस्त शुरुआत की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड शाओमी ने भारत में रेडमी नोट 13 सीरीज लॉन्च की है, जो अपनी प्रीमियम डिवाइस के साथ स्मार्टफोन सेगमेंट को और ज़्यादा आधुनिक बना देगी। रेडमी नोट सीरीज की लगातार आगे बढ़ने की विरासत के साथ रेडमी नोट 13 प्रो+ 5जी और रेडमी नोट 13 प्रो 5जी द्वारा लोगों को प्रीमियम और प्रो-लेवल फीचर्स पेश किए गए हैं, जो स्मार्टफोन क्षमताओं को सर्वाधिक कर इमर्सिव डिस्प्ले, फ्लैगशिप-लेवल कैमरा, सुपर-फास्ट चार्जिंग और स्लीक डिज़ाइन जैसी अनेक विशेषताएं प्रदान करेंगे। ये अब तक के सबसे पतले रेडमी नोट हैं।रेडमी नोट 13 प्रो+ 5त्न विभिन्न ऑफर्स के साथ 8 GB +256 GB वैरिएंट के लिए 29,999 रुपये, 12 GB +256 GB वैरिएंट के लिए 31,999 रुपये और 12 GB +512 GB वैरिएंट के लिए 33,999 रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा, यूज़र्स को आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 2000 रुपये की तत्काल छूट और शाओमी/रेडमी ग्राहकों को 2,500 रुपये का विशेष इंट्रोडक्टरी शाओमी लॉयल्टी बोनस मिलेगा।

## पीवीयूएन के सौजन्य से पतरातु के बिरोहर कॉलोनी में हुआ कंबल वितरण

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातु प्रखंड अंतर्गत पंचायत कोतो के बिरोहर कॉलोनी में स्वर्णरिखा महिला समिति ने जरूरतमंदों के बीच लगभग सौ कंबल वितरण किया। कंबल का वितरण स्वर्णरिखा महिला समिति की अध्यक्षा रीता सिंह एवं समिति के अन्य सदस्यों ने पीवीयूएन लिमिटेड के सामुदायिक विकास समूह के सहयोग से बिरहोर जनजाति के वंचित लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। यह जनजाति भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है। पीवीयूएन लिमिटेड की यह पहल विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बिरहोर समुदाय का समर्थन करने व स्थानीय जनजातियों के विकास में योगदान देने में पीवीयूएन लिमिटेड की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## एनपीएस अरगड्डा नीचे धौड़ा के बच्चों ने वनभोज का उठाया लुफ्त

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा के दर्जनों छात्रो ने बुधवार को वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। यह वनभोज का आयोजन दामोदर नदी अरगड्डा स्टेशन पुल के समीप आयोजित की गई थी। बच्चों को वनभोज के महत्व और नये वर्ष में इस आयोजन को करने के प्रयोजन के बारे में बतलाया गया। साथ ही वन में जीव जंतुओं व पौधों की भी जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानाध्यापिका सबिता कुमारी, अनिता कुमारी, रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, आयशा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, नेहा कुमारी, चंदन कुमार, ऋषि मुंडा, सिशांत कुमार, माही कुमारी, दिव्या कुमारी, साक्षी, सोनाक्षी, ग्रेसी समेत कई छात्र उपस्थित थे।

## अरगड्डा में सीटी बजाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए किया गया जागरूक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिटी बजाओ बच्चा स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत बुधवार को नव प्राथमिक विद्यालय अरगड्डा नीचे धौड़ा के छात्रों ने रैली निकाली। इस दौरान अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण करके स्कूल नहीं आने वाले बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि विभागीय निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा हैं। मौके पर प्राचार्या सबिता कुमारी, शिक्षक रवि, प्रबंधन समिति अध्यक्ष शनि गोप, उपाध्यक्ष मनीता देवी, संयोजिका नसीमा खातून, रसोईया अनिता कुमारी, अरुणा कुमारी, सहित कई बच्चे उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय युवा महोत्सव शुरू

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर युवा महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम इंस्टिट्यूट ऑफ़ लीगल स्टडीज के परिसर में शुरू हुआ। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलकूद का भी आयोजन किया गया है। इंटर सेमेस्टर वॉलीबॉल, चेस, बैडमिंटन का टूर्नामेंट हों रहा है। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर प्रो सच्चिदानंद मिश्रा और स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉक्टर मोहम्मद जाकिर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रोफेसर विमल, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉक्टर प्रिंस कुमार, छात्र नेता ऋतुराज शाहदेव , तुषार दुबे ,आयुष सिंह, यश चौरसिया, गौरव साही, नीरज गुप्ता आदि मौजूद थे।



## झारखंड सरकार की सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का दिखा अच्छा खासा असर



(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**गोला :** झारखंड सरकार की योजना सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में प्रगतिशील कदम है। इसके तहत काफी उत्साह देखा गया। इस योजना को सफल बनाने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय महलीडीह की ओर से प्रति मुहल्ला सभी बच्चों को एक-एक सिटी दी गई है। सभी मुहल्लों के बच्चे अपने-अपने मुहल्ले में सिटी बजाते गए और बच्चे अपने-अपने घरों से निकलकर विद्यालय की तरफ चल पड़े। इस योजना में देखा गया कि बच्चे काफी उत्साहित थें तथा बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी अच्छा खासा उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्ड सदस्यों ने भी अपना अहम रोल निभाया। इस कार्यक्रम के तहत् विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रधानाध्यापक बन बिहारी महतो, मोइन अंसारी, मोहम्मद नुरुल्लाह, बाबूलाल महतो, हीरालाल महतो, भरत राम दांगी, शंभू नाथ महतो, मुकुंद महतो, हेमलाल भोगता और कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी का महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## Court notice

**ज्योति कुमार वगैरह**
**नोटिस बनाम**

1- ज्योति कुमार पिता स्वर्ग लखन मिस्त्री।

2- अमर कुमार पिता स्व0 लखन मिस्त्री।

दोनों निवासी कुम्हार टोली, संगम चौक, जिला रांची (झारखंड)

3- श्रीमती पूनम देवी पिता वीरेन विश्वकर्मा निवासी केंदुआ बाजार, धनबाद (झारखंड)

4- श्रीमती सीमा देवी पिता अजीत विश्वकर्मा निवासी टाटा रेलवे स्टेशन, कोल पहाड़ जमशेदपुर (झारखंड)

बजरिये इस प्रकाशन नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपरोक्त मूल वाद दायर किया गया है। जिसमें आपको समान्य एवं पंजीकृत डाक द्वारा सम्मन निर्गत किया जा चुका है । इसके बावजूद भी आप न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब तहरीर नहीं दिए हैं। इसलिए इस प्रकाशन नोटिस के माध्यम से पुनः आपको सूचित किया जाता है। कि दिनांक 12.2.2024 को समय 11:00 बजे दिन में मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखे, अन्यथा अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 15 माह 12 सन् 2023 ई0 को मेरे आदेशानुसार निर्गत किया जाता है।

# रामगढ़ के रजरप्पा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क दुर्घटना तीन की मौत, चार घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र चितरपुर में आज अहले सुबह 3~30 बजे के लगभग एक भीषण सड़क दुर्घटना होने की खबर है। जिसमें तीन लोगों की मौत और चार लोगों के गंभीर होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ के चेटर गांव के लोग नए वर्ष में घूमने के लिए पारसनाथ जा रहे थेद्य अहले सुबह 3~30 बजे के लगभग बोलेरो ने एक खड़े ट्रक को सामने से धक्का मार दिया । जिससे कि घटना स्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक गंभीर रूप से घायल की रिम्स में मौत हो चुकी है। दुर्घटना में घटना स्थल पर टेकलाल महतो की बहू और 2 वर्ष के पोते की मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र महतो की पत्नी के रिम्स में मौत हो गई है। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें अच्छे इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल लाया गया। जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गयाद्य बाकी गंभीर स्थिति में घायल लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतकों का शव को पोस्टमार्टम करने के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में रखा गया है। वही इस दुर्घटना की खबर चेटर गांव में पहुंचने के बाद लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव के लोग घायलों को देखने के लिए रांची रिम्स पहुंच रहे हैं।

# नगर परिषद दिगवार में विकसीत भारत सकंल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विकसीत भारत सकंल्प यात्रा कार्यक्रम के निमित दिगवार नगर परिषद में मोदी की गारंटी की गाड़ी की उपस्थिति में नगर के लोगो के बिच केन्द्र सरकार की विभीन्न लाभकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के नगर अध्यक्ष मनोज गिरी ने की जिसमें मुख्य रुप से कार्यक्रम के प्रभारी सह पार्टी के उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी उपस्थित रहें जिन्होंने देश के प्रधानमंत्री द्वारा लोगो से देश को आत्मनिर्भर,विकसीत एंव सुदृढ भारत बनाने के सकंल्प को चरितार्थ करने के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया गया एंव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओ का ज्यादा से ज्यादा परिवारो को लाभ पहुँचाने का निवेदन किया गया। मण्डल अध्यक्ष मनोज गिरी द्वारा राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्रामीणो से दिपावली मनाने और घरो में दिप जलाने एंव स्वचछता बनाए रखने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के पदाधिकारीगण, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाह,अर्जुन प्रसाद यादव, अरुण कुशवाह, दिनेशराय कुशवाह, चंदन कुशवाह, गणेश सिंह, अशोक कुशवाह, चेतलाल महतो, बुद्धदेव महतो, पारस महतो, रामधनी महतो, गणेश सिंह के साथ अनेक महिलाओ एंव पुरुषो की उपस्थिति रही।

# दोहकातू पंचायत में हमारा संकल्प- विकसित भारत के तहत ग्रामीणों को दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया । इसमें उपस्थित ग्रामीणों से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत रूप से दी गई जानकारी मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय जयसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार पूरे देश में कई गरीब कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसमें कि पिछले 70 वर्षों में यह गरीब कल्याणकारी योजनाए नहीं चली थी उसे भारत के तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वाराअपने कार्यकाल में चला रहे हैं इसका लाभ लोग उठा रहे हैं जो लोग वंचित है वह इस योजना का लाभ उठाएं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है । रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान योजना के लाभुक से बात की के साथ साथ सभी से साफ सफाई पर भी ध्यान रखने पर जोर दिया। खास कर बाथरूम टायलेट की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।को वही भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश प्रसाद ने कहा पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी । मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की बड़ी लकीरें खींच रहा है आज विश्व में भारत का मान बढ़ा है। कार्यक्रम के प्रभारी सह जिला मंत्री बसुध तिवारी जी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा से आमजनों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें लाभान्वित करवाना है। कार्यक्रम के संचालन बृजेश पाठक जी ने किये कार्यक्रम में उपस्थित महामंत्री ललन सिंह उपाध्यक्ष तिलक ठाकुर बूथ अध्यक्ष भारत महतो दोहा कातु पंचायत के मुखिया कलावती देवी, उप मुखिया जयप्रकाश महतो, कृषि प्रखंड पदाधिकारी विनिता सिंह उप मुखिया जयप्रकाश महतो, पंचायत समिति महेश प्रजापति सरस्वती देवी, सुमन देवी, पुष्पा एक्का, ,, सहित कई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य जांच, केकेसी और आयुष्मान कार्ड तथा आयुष विभाग द्वारा लगाए गए जांच शिविर का लाभ उठाया।

# बंद ऑफिस से दिनदहाड़े अलमीरा लेकर भाग रहे थे बदमाश

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल अरगड्डा कोलयरी के बंद पड़े कार्यालय के पिछवाड़े से अज्ञात बदमाशों का दल बुधवार दोपहर करीब 12~30 बजे दिन दहाड़े पुराना अलमीरा को लेकर नौ दो ग्यारह होने के फिराक में थे। लेकिन घटना को अंजाम देने के दौरान बिजली कर्मियों की नजर अपराधियों द्वारा अलमीरा को ले जाने पर पड़ी। आवाज लगाने के बाद बदमाश अलमीरा को पावर हाउस अरगड्डा के बगल बकरिया पट्टी जाने वाली पकडंडी सड़क झाड़ियां के समीप गिराकर फरार हो गए। यह मामला चर्चा में हैं। इस संबंध में सुरक्षा प्रभारी हवलदार गंगा राम ने बताया कि जैसे ही हम लोगों को पता चला होमगार्ड के जवान को तुरंत अरगड्डा पावर हाउस की ओर रवाना कर दिया गया। बरामद पुराने अलमीरा को ट्रक में लादकर सिरका कार्यालय परिसर में रखा गया हैं। आगे प्रबंधन आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी। बतलादे कि बदमाशों द्वारा अरगड्डा बंद ऑफिस के पीछे से आधा दर्जन कमरो के खिड़कियों को तोड़कर कमरे में रखे अलमारी व अन्य लोहे, लकड़ी के सामानों की लगातार चोरी हो रही हैं, इसका सबसे ज्वलंत कारण यह है कि सुरक्षा विभाग सिरका के पास पर्याप्त मात्रा में ड्यूटी में तैनात रहने वाले सुरक्षा जवानों की कमी हैं। मौके पर होमगार्ड लीलामन, कुलदीप, रोबट आदि उपस्थित थे।



## 22 जनवरी को शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगे : राजेश ठाकुर



(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रामगढ़ उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन दिया। श्री ठाकुर ने मांग किया कि 22 जनवरी को रामगढ़ शहर के विभिन्न चौक चौराहा में खुलेआम शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाई जाए । श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश भर में उत्साह का माहौल है इसको देखते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि खुलेआम मांस की बिक्री को रोका जाए


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Tourism**
**MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-4**
**Ph.-0651-2400493, Fax-0651-2400492,**
**E-mail:dirjharkhandtourism@gmail.com**

**Ref. No. Tou/ Dir/Yoj/04/2023 -40** **Dated:-09.01.2024**

**Notice Inviting Tender**
**for**
**Selection of an Agency for Installation and Management of Jharkhand Tourism Hoardings and Signages**

The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of an Agency for Installation and Management of Jharkhand Tourism Hoardings and Signages therefore, invites interested agencies to submit their Bids.

Interested agencies may download the document from **08/01/2024, 17:00 Hours** onwards from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/_and submit their Applications. The Bid Due Date is on **30/01/2024 at 1430 hours**. A Technical Bid opening Conference will be held on **30/01/2024 at 1500 Hours** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand.

A pre-application conference will be held on 16/01/2024 by 15:00 Hours at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi– 04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism @gmail.com.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

*DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.*

**PR 315582 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24).D** **Sd/- Director,Tourism.**



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :– J.M.C/ 09/2023-24 (2nd call)**
**Date – 09.01.2024**

मद् का नाम :– नागरिक सुविधा मद

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF R.C.C. DRAIN FROM VIJAY MODI AND UMESH YADAV HOUSE TO SAROJLAL HOUSE VIA BABLU MODI, BANDHAN CHAUDHARY, SUBHAS MODI AND VIJAY SAW HOUSE AT GAS GODAM GALI IN WARD NO. 23 & 24 UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 2498900.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Month |

1 Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.01.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 29.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7004716767, 9835420400
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05 / विविध (e-tender)–12 / 2023 / न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 315681 (Urban Development) 23-24 (D)



**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

ई– निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा संख्या:- 14/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–09.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/STPK G-14/2023-24 | डुमरी से स्वाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–5.300 कि0मी0) | 1123.757 | ग्यारह करोड़ तेईस लाख पचहत्तर हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | गोविन्दपुर से टिगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.700 कि0मी0) | | | | |
| | | हुटार रोड से सिरमी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.100 कि0मी0) | | | | |
| | | हुटार से हथलदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.100 कि0मी0) | | | | |
| | | राता सिली से हुटार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–4.500 कि0मी0) | | | | |
| | | मेराल रोड से साई टोली (लावावार) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.900 कि0मी0) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 19.01.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–29.01.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 31.01.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.315685 Rural Work Department(23-24):D



**कार्यालय नगर परिषद,चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड), पिन– 825401**

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 39 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद, चतरा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| S. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000484000A1 | ANAND KUMAR MATHUR | 538920 |
| 2 | 1 | 0010000432000M0 | LAXMAN LAL GUPTA | 50553 |
| 3 | 1 | 0010000506000M0 | VISHUN KUMHAR | 35105 |
| 4 | 2 | 0020000454000M0 | YASHODA DEVI | 34411 |
| 5 | 2 | 0020000161000F2 | RAJNI KANT SINHA | 22929 |
| 6 | 3 | 0030000234000A4 | SHOBHA JAISWAL | 52066 |
| 7 | 3 | 0030000058000A3 | RAGINI GUPTA | 27960 |
| 8 | 3 | 0030000296000M0 | MOHIUDDIN AND OTHERS | 21579 |
| 9 | 4 | 0040000546000M0 | MEHRUN MASOMAT | 31336 |
| 10 | 5 | 0050000250000X1 | VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA | 109075 |
| 11 | 6 | 0060000260000C1 | MD WAHAJUL HAQUE | 52323 |
| 12 | 6 | 0060000122000X1 | MD MISHABAHUL HAQUE | 20164 |
| 13 | 7 | 0070000151000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 83662 |
| 14 | 7 | 0070000150000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 72289 |
| 15 | 7 | 0070000119000X3 | RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS | 58638 |
| 16 | 7 | 0070000187000A3 | MD GULAM SARWAR | 37206 |
| 17 | 8 | 0080000282000M0 | LT. BANARASI PANDA | 23396 |
| 18 | 12 | 0120000389000M0 | KISHUN SINGH OTHERS | 67155 |
| 19 | 12 | 0120000387000M0 | MULCHAND SAW | 112235 |
| 20 | 12 | 0120000410000M0 | PACHO DEVI & DROUPADI DEVI | 58889 |
| 21 | 12 | 0120000360000A1 | MOHAMMAD FAKHAR ALAM | 23979 |
| 22 | 15 | 0150000351000M0 | BASUDEO RAM | 40870 |
| 23 | 15 | 0150000493000M0 | FULIYA KUMHAIN | 30033 |
| 24 | 15 | 0150000489000M0 | MASOMAT SITWA | 25640 |
| 25 | 17 | 0170000367000X4 | SHIV DEVI | 46557 |
| 26 | 17 | 0170000252000X1 | PURUSHOTTAM LAL AGRAWAL, PRAMOD KUMAR AGRAWAL & BROTHERS | 26463 |
| 27 | 18 | 0180000178000D1 | PRAYAG SAW,PARMESHWAR SAHU,SHAMBHU PRASAD,SHIV SAHU | 40340 |
| 28 | 18 | 0180000010000X4 | RAJIV JAIN & OTHERS | 39249 |
| 29 | 19 | 0190000118000X1 | PRADIP KUMAR | 314040 |
| 30 | 19 | 0190000433000X4 | GOPAL RAM | 89423 |
| 31 | 19 | 0190000412000X1 | SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI | 41374 |
| 32 | 19 | 0190000361000M0 | SAIBAL KUMAR DATTA | 29742 |
| 33 | 19 | 0190000291000A4 | MANOJ KUMAR AND OTHERS | 25165 |
| 34 | 19 | 0190000370000X1 | SRIMATI. LALITA DEVI | 14283 |
| 35 | 20 | 0200000538000M0 | AJAY KUMAR AGRAWAL | 53463 |
| 36 | 20 | 0200000767000I1 | VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN | 41628 |
| 37 | 21 | 0210000326000X1 | JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA | 501619 |
| 38 | 21 | 0210000318000A1 | HIRA DEVI | 25632 |
| 39 | 21 | 0210000105000A1 | KHIRU YADAV | 23913 |

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा

PR 315617 Urban Development(23-24).D

### एलआईसी के अधिकारी, विकास अधिकारी एवं कर्मचारी 1 घंटे के राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल पर रहे

# सरकार और प्रबंधन की नीति कर्मचारी विरोधी है : धर्म प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले के भारतीय जीवन बीमा निगम गिरिडीह शाखा के समस्त अधिकारी ,विकास अधिकारी तथा कर्मचारियों ने अपने चार सूत्री मांगों को लेकर भोजनावकाश के पहले 1 घंटे का सांकेतिक हड़ताल किया। हड़ताल की अध्यक्षता संजय शर्मा तथा शंकर कुमार ने किया। हड़ताल के दौरान अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने कार्यालय गेट पर धरने पर बैठा रहा तथा अपने मांगों के समर्थन में तथा सरकार और प्रबंधन के नीतियों के विरोध में नारेबाजी करता रहा।

हड़ताल के जानकारी देते हुए बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि एलआईसी के तमाम ट्रेड यूनियन के ज्वाइंट फ्रंट जिसमें क्लास वन अधिकारी संघ, विकास अधिकारी संघ ( एन एफ आई एफ डब्ल्यू आई) तथा अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ शामिल है, कि आवाह्न पर आज 1 घंटे का राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल आहूत की गई है। इस हड़ताल के माध्यम से अधिकारी विकास अधिकारी तथा कर्मचारियों ने चार सूत्री मांगों को प्रबंधन के सामने रखा, जिसमें मुख्य रूप से 1 अगस्त 2022 से देय वेतन पुनर्निर्धारण पर तत्काल वार्ता प्रारंभ करना, एनपीएस कोष में प्रबंधकीय अंशदान 10% से 14% करना, सभी संवर्ग में नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करना तथा कर्मचारियों अधिकारियों के मुद्दे पर प्रबंधन की एक तरफा कार्यवाही बंद करना है। प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 1 घंटे की वाक आउट हड़ताल सिर्फ शुरुआत मात्र है।

इस हड़ताल में अनुराग मुर्मू, विजय कुमार, राजेश कुमार उपाध्याय, उमानाथ झा कुमकुम वाला वर्मा, डेनियल मरांडी,आनंद मोहन झा, विक्रम कुमार, अभय कुमार सुनील कुमार वर्मा प्रवीण कुमार हांसदा प्रीतम कुमार मेहता श्वेता राजेश कुमार रवि रंजन श्वेता कुमारी अंशु कुमारी सिंघानिया दिनेश कुमार राजाराम शेखर कुमार सिन्हा अंजलि श्वेता सोनी सिंह विनय कुमार विजय कुमार राजेश कुमार बिरसा मुंडा प्रभास कुमार अनिल कुमार वर्मा सुकृति बर्मन प्रज्ञा आनंद सुमित गुप्ता विकास पांडे अमित कुमार डे सरवर हुसैन दीपक कुमार नीरज कुमार सिंह कुलजीत कुमार दीपक कुमार पासवान पंकज कुमार माहेश्वरी वर्मा संजय कुमार शर्मा अरविंद मुर्मू सहित सभी अधिकारियों विकास अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया।

# सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पोषक क्षेत्र का किया भ्रमण






प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद भूतनाथ रजवार के द्वारा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर धनबाद एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोवाडीह के पोषक क्षेत्र में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ भ्रमण किया गया।

विद्यालय में टोलावार चार-चार बच्चों की टोली बनाई गई तथा हर टोली के लिए एक शिक्षक को नोडल बनाया गया। भ्रमण के दौरान सीटी बजाने पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए घर से निकलते देखा गया तथा बच्चों में उत्साह भी देखा गया।

इस दौरान 11 जनवरी 2024 को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु प्रातः 8:30 बजे से 9:30 बजे तक सिटी बजाओ हैशटैग के साथ 1 घंटे का सोशल मीडिया महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गई। भ्रमण के दौरान क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दर्जनों गांवों का भ्रमण कर अक्षत व निमंत्रण पत्रों का वितरण कार्य संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विश्व हिंदू परिषद के द्वारा आज बुधवार दसवें दिन भी अयोध्या से पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्रों का वितरण जारी रहा ।बताया जाता है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या कूच की तैयारी में लगे सभी राम भक्तों इन दिनों काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं आज भाजपा के वरिष्ठ नेता सह टुंडी के अभिभावक गोपाल पांडे की अध्यक्षता में करीब दर्जनों गांव का दौरा कर घर-घर अक्षत एवं निमंत्रण पत्रों का वितरण का कार्य किया गया। मौके पर जिला सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडे, पूर्व मंत्री हितेश कुमार मिश्रा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर, मोहन पांडे, सुमन पांडे ,सीमा देवी, रेखा देवी, रेणु देवी, सविता देवी, रानी देवी समेत दुर्गा वाहिनी के माताएं एवं बहनें मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिण्डाटांड भवन के समीप धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन प्रखंड प्रसार पदाधिकारी गिरिडीह अशोक अग्रवाल एवं पिण्डाटांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विश्वनाथ वर्मा द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें पंचायत के वार्ड सदस्यगण, किसान मित्रगण, निबंधित किसान एवं ग्रामीणों के उपस्थित में समापन हुआ। मौके पर प्रखंड प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि पिंडाटांड पंचायत के लगभग सभी गांव जैसे पिंडाटांड, मघैया टोला, बोकाइया, सुग्गसार इत्यादि गांव कृषीप्रधान बहुल गांव है यहां के किसान काफी मेहनती हैं और अपने मेहनत से पूरे साल भर हर तरह की खेती करते रहते हैं जबकि सुविधा कुआं के अलावा कुछ भी नहीं है, थोड़ा बहुत तलाब व नदी से पानी मिलता है जहां कड़ी मेहनत के बल पर सिंचाई करता है और जब फसल का उपज हो जाता है तो उस उपज को बेचने में किसानों को काफी परेशानी होती है जिससे निजात पाने के उद्देश्य से बुधवार को पिंडाटांड गांव पंचायत में धान अधिप्राप्ति केन्द्र खोला गया और बहुत जल्द यहां सहकारिता एवं कृषी पशुपालन विभाग के कई अन्य योजनाएं भी चलाई जाएगी, इसलिए पंचायत के किसानों को भारी संख्या में समिति से जुड़ने की अपील की गई ।

# मजदूरों की समस्याओं को नजर अंदाज न करें परियोजना पदाधिकारी : रणविजय सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बीसीसीएल के ब्लॉक- 2 में बिहार जनता खान मजदूर संघ के ब्लॉक- 2 के अध्यक्ष सुरेश राय के अध्यक्षता में परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में 25 मांगों पर वार्ता हुई।वार्ता में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह उपस्थित हुए। परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में रणविजय सिंह का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनकर जोरदार अभिनंदन किया गया एवं

रणविजय सिंह ने वार्ता में परियोजना पदाधिकारी के.के सिंह के समक्ष सकारात्मक वार्ताकर सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। मौके पर ब्लॉक 2 सचिव बसंत परमार, सोनू चौधरी, मुन्ना सिंह, टीपी पांडे, शंकर महतो, लखेंद्र महतो, महबूब खान, दीपक ओझा एवं सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

# एमएसएमई, पीसीआई धनबाद जिला इकाई की बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को एमएसएमई पीसीआई धनबाद जिला इकाई की बैठक भटिंडा फॉल में जिला डायरेक्टर मो ऐनुल अंसारी के अध्यक्षता में की गई जिसका संचालन राज्य प्रभारी दीपक कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि एमएसएमई पीसीआई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन) हमारा संकल्प, आपका साथ रोजगार हो हर घर-हर हाथ, नया उद्योग स्थापित करने और बैंकों से ऋण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ उनकी, परियोजना रिपोर्ट में सहायक प्रदान करना, मेक इन इंडिया भारत सरकार योजना का प्रचार करना, एमएसएमई पोर्टल के अंतर्गत व्यवसाय का निःशुल्क पंजीकरण करना, देश में आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में लघु इकाइयों की स्थापना करना ताकि ग्रामीण पलायन को रोका जा सके। एमएसएमई योजनाओं के अंतर्गत ऋण के बारे में जानकारी प्रदान करना, बैठक में जिला डिप्टी डायरेक्टर भोला प्रमाणिक, फूलजोशी मैडम, कहकशा प्रवीण, सुरेश कुमार रजक, एबादुर रहमान, जिला डिप्टी वाइस डायरेक्टर भवतोष कुमार महतो, सावित्री कुमारी, कोषाध्यक्ष अबादुर रहमान, मीडिया प्रभारी अरशद अंसारी, कार्यकारणी सदस्य उमेश कुमार महतो, परेश रजक, निमाई चंद्र प्रमाणिक, अफरोज अंसारी, शहंशा आलम आदि मौजूद थे।

# डुमरी में युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के डुमरी प्रखंड युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर के नेतृत्व में ईशरी बस स्टैंड स्थित युवा कांग्रेस के कार्यालय में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली उपस्थित हुए और प्रखंड में संगठन की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारिओं के साथ वार्ता कर संगठन को सशक्त और मजबूत करने की दिशा में निर्देशित किया गया और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लेकर संगठन सशक्तिकरण और शीघ्र ही बूथ कमेटी पूर्ण रूप से गठित करने पर चर्चा की गई।

# असर्फी अस्पताल के द्वारा रिटायर्ड कर्मियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल के सौजन्य से स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, आरबीओ, सिटी सेंटर धनबाद के रिटायर्ड कर्मियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 79 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में स्वास्स्थ्य जांच के साथ नेत्र जांच, स्क्रीनिंग एवं कैंसर रोग से संबंधित जानकारी भी लोगो को दी गई। असर्फी अस्पताल के डॉ ज़फर एवं ओप्थोमोलॉजिस्ट गौसिया निगार ने जांच के साथ साथ लोगो को बिमारी से बचने के महत्वपूर्ण जानकारीयां दी। उन्होंने कहा की बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने आप को प्रदूषित वातारण से बचाये एवं शुद्ध एवं पौष्टिक आहार ले। असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गुप्ता ने उपस्तिथ लोगो को जागरूक किया। असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ ने कैंसर जैसे गंभीर बिमारी के लक्षण, उपाए एवं इलाज़ के बारे में लोगो को जागरूक किया। विशेषज्ञों ने बताया की कैंसर एक जानलेवा बीमारी होती है। इसका वक्त रहते इलाज होने पर जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि शुरुआती स्टेज पर ही इसका पता लगा लिया जाए। विशेषज्ञों ने बताया की कैंसर स्क्रीनिंग की मदद से आप कैंसर के लक्षण नजर आने से पहले कैंसर के संकेतों का पता लगाकर बचाव कर सकते हैं। इसलिए अपने डॉक्टर से परामर्श कर टेस्ट करवा सकते हैं। डॉ. बिप्लब मिश्रा ने युवाओ एवं समाज से तम्बाकू का सेवन ना करने की अपील की, एवं सभी को यह संदेश दिया की सभी एक दूसरे को तम्बाकू का सेवन छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। ज्ञात हो की असर्फी कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। वहीं बैंक की एच आर सुधा भारती एवं सुधीर कुमार ने शिविर की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजन को हमेशा करने की सलाह दी। कार्यक्रम में असर्फी हॉस्पिटल के कॉर्पोरेट हेड संतोष सिंह, नेत्र विभाग के विवेक कुमार एवं नर्सिंग की रोज मेरी, तन्नू, लिलमुनि आदि उपस्तिथ थे।

## ऑपरेशन समय पालन के तहत कई लोगों को लिया गया हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावष्यक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत पिछले सप्ताह 01 जनवरी से 08 जनवरी तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 199 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् इन 08 दिनों में सर्वाधिक 110 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 38, सोनपुर मंडल में 23, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 19 तथा धनबाद मंडल में 09 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया ।

ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत पिछले सप्ताह 01 जनवरी से 08 जनवरी रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 578 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 384 लोग दानापुर मंडल में जबकि सोनपुर मंडल में 94, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 83 तथा समस्तीपुर मंडल में 17 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

# दुर्घटना में मौत के विरोध में सलूजा गोल्ड स्कूल के बाहर धरना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बेंगाबाद के लोगों ने सलूजा गोल्ड स्कूल के वहन से हुए दुर्घटना में एक व्यक्ति के मौत के विरोध में बुधवार को सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के बाहर धरना शुरू किया है।बताया गया कि बेंगाबाद के हरवाडीह निवासी मनोज रजक की मौत मंगलवार को डोमापहाड़ी में हुवे सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान हो गई।आरोप है कि स्कूल के वैन से एक ऑटो की टक्कर हुई थी। जिसमे ओटो में सवार दो लोग घायल हो गए थे।इन्ही घायलों में से एक मनोज रजक की इलाज के दौरान मौत हो गई।बताया गया कि मनोज के 5 बच्चे हैं और वह घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था।बताया गया कि जब तक विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुआवजे को लेकर कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलता तब तक इनका आंदोलन जारी रहेगा। बताया जा रहा है की घटना में गंभीर रूप से घायल बलगो निवासी अयूब अंसारी का इलाज दुर्गापुर में चल रहा है और वहां 2 लाख 30 हजार रुपया जमा करने की मांग हो रही है।लेकिन गरीब परिवार के लोग पैसा जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से उसका इलाज भी रुका हुआ है। विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा भरोसा दिया गया है । की 5 लाख की मुवाजा और दाह संस्कार के लिए नगद 25000 हजार देने की बात हुई ।

# विजय मंडल के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज बुधवार को परिजनों के साथ धनबाद एस एस पी एच पी जनार्दनन ने मुलाकात कर टुंडी निवासी मछली विक्रेता विजय मंडल के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने का मांग रखा जिससे धनबाद एस एस पी ने टुंडी विधायक को पूर्ण रूप से आश्वस्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा एवं दोषियों को सलाखों में भेजने का काम धनबाद पुलिस करेगी। बताया जाता है कि मृतक विजय मंडल देर शाम मछली बेचकर वापस अपने घर चरक खुर्द लौट रहा था तभी घात लगाए अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दिया गया था। मौके पर टुंडी विधायक के अलावा उनके प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बसंत महतो समेत कई झामुमो के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन मनकडीहा और बलगो में बुधवार को केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ सुनील वर्मा, मनकडीहा मुखिया निरंजन कुमार, बलगो मुखिया कुसुम देवी, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, जिप सदस्य सुरज सुमन, पंचायत समिति आरजू प्रवीण के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्जलित कर किया गया। इस बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा के द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलावती कुमारी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शपथ दिलाया, तत्पश्चात बारी बारी से आए अधिकारियों ने केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन से रुकसाना बानो ने लोगों से अपील कि सभी अपने घरों में बने शौचालय का प्रयोग करें। वहीं सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों को अनेक योजनाएं दिया और आने वाले समय में भी मिलते रहेंगे जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय आदि। जेएसएलपीएस के दीदी लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। गोद भराई व मौजूद बच्चें का मुंह जुठाई कार्यक्रम भी किया गया। वही पंचायत में जागरूकता रथ के माध्यम से सरकार की बिभिन्न योजनाओं के बारे में भी लोगो को बताया गया।

# बिना बिजली पोल तार के अभाव में जीवन जीने को मजबुर ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिजली सर्कल बोर्ड धनबाद के पावर हाउस बरवाअड्डा कांशीटांड़ सब डिवीजन के सबसे नजदीक वाला गांव और तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा हुटुंगटुंगरी गांव आज़ादी के 76 वर्ष के बाद भी पदाधिकारियों के उदासीनता के कारण गांव के ग्रामीण बिना बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर पोल-तार के अभाव में ज़ीवन जीने के लिए मजबुर हैं। कुछ घर मज़बुरन बांस बल्ली के सहारे खुंटा में तार बांधकर बिजली जला रहें हैं। ग्रामीणों के द्वारा बिजली बिल जमा करने के बाद भी गांव में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर पोल-तार नहीं पहुंचना बिजली विभाग उदासीनता जग जाहिर होता है। ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग में लिखित आवेदन देने के बाद भी विभागीय चक्कर लगवाया जा रहा। स्थानीय के द्वारा बरवाअड्डा कांशीटांड़ सब डिवीजन, बिजली बोर्ड धनबाद सर्कल महाप्रबंधक और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के वरीय महाप्रबंधक संबंधित सभी पदाधिकारियों को शिमलाटांड़ मंगरलाल टोला गांव के बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर पोल-तार उपलब्ध करवाने को लेकर समस्याओं से अवगत करवाया गया लेकिन फिर भी अभी तक गांव में बिजली पोल-तार उपलब्ध नहीं करवाना बिजली विभाग के लापरवाही उदासीनता जग जाहिर होता है।

## डीसी सवारी गाड़ी के पुनः चालू होने पर सिजुआ स्टेशन पर लोगों ने मनाई खुशी




**सिजुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को डीसी सवारी गाड़ी को पुनः चालू होने पर सिजुआ स्टेशन पर सैकड़ों की संख्या में सिजुआ जोगता पुराना श्याम बाजार मोदीडीह 10 नंबर मोड़ के सैकड़ों लोग स्टेशन पर पहुचे और मिठाई बांट कर खुशी जाहीर की और भाजपा नेता सुरेश महतो तथा जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने सिजुआ स्टेशन मास्टर को माला पहनाकर सम्मानित किए। डीसी सवारी गाड़ी को स्टेशन पर पहुंचते ही स्टेशन पर पहुचे लोगों ने ड्राइवर को माला पहना कर तथा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उपायुक्त ने जिले की संपूर्ण विकास को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बुधवार को जिला के तीन प्रखण्डों किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड के अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों के संपूर्ण विकास एवं उत्थान हेतु प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में जिला के तीन प्रखण्डों में से पेशरार प्रखण्ड के 29 गांव, किस्को प्रखण्ड के 17 गांव और सेन्हा प्रखण्ड के एक गांव में पेयजल, बिजली, सड़क, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सा केंद्र, नेटवर्क सुविधा और वन पट्टा वितरण से संबंधित सर्वे के अनुसार प्राप्त आवेदन व प्रस्ताव की समीक्षा की गई। सभी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दो दिनों के अंदर उक्त गांवों में पेयजल, सड़क और वनपट्टा वितरण के स्थिति का सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, प्राप्त प्रस्ताव को मिनिस्ट्री ऑफ ट्राईबल अफेयर्स के पोर्टल पर प्राक्कलन के साथ अपलोड करने का निदेश दिया गया।आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को समेत सर्वे हेतु प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीरामल फाउंडेशन के द्वारा किया गया सोशल इमोशनल लर्निंग विषय पर कैंप का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विगत दिनों पीरामल फाउंडेशन के अंशुमान कुमार द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पाकरटांड के बच्चो के बीच सोशल इमोशनल लर्निंग (स्ब्वरु) विषय पर कैंपेन का आयोजन किया गया। यह कैंपेन पूरे एक सप्ताह चली जिसमें बच्चों के बीच आत्म-जागरूकता, स्व-प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता, संबंध कौशल, जिम्मेदार निर्णय कैसे ले आदि विषयों पर बात की गई। अंत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस पूरे कैंपेन में बच्चों तथा शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर्स, पेंटिंग, तथा इमोजी के माध्यम से अपने भावनाओं को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की वॉर्डन विमला कुमारी के साथ साथ सभी शिक्षिकाओं तथा शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा।

# अयोध्या से आये पूजित अक्षत और पत्रिका वितरण के लिए निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु ग्राम में बुधवार को राजू साहु के नेतृत्व में राम लक्ष्मण व माता सीता का स्वरूप बना कर ढोल नगाड़ा व बाजा गाजा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाल कर अयोध्या से आया पूजित अक्षत व पत्रिका का वितरण किया गया। वही अक्षत व पत्रिका वितरण से पूर्व मंदिर व सरना स्थल में पूजन आरती किया गया। वही आदित्य साहु ने बताते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके निमित सेरेंगहातु ग्राम घर घर सभी को पूजित अक्षत व चावल का वितरण किया जा रहा है। जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हो कर क्षेत्र के लोग साक्षी बनें। वही पूजित अक्षत चावल व पत्रिका वितरण के मौके पर ओम प्रकाश सिंह,अजय पंकज, मनोज गुप्ता, मुखिया शोभा देवी, सतीश पाण्डेय, जागेश्वर साहू, मनोज साहू, प्रदीप साहू, जितेंद्र कुमार साहू, आदित्य कुमार साहू, महेश साहू, श्याम साहू, काली साहू, राम यादव, संजय साहू, नीरज साहू पवन साहू, आदश साहू, बिट्टू साहू,अरुण साहू, अंजय साहू संजू साहू,सुमन यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# मारपीट की घटना मे दोनों पक्षो के लिखित शिकायत आवेदन पर कैरो थाना मे मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गाँव सढ़ाबे में 09 जनवरी मंगलवार को घटित मारपीट की घटना पर दोनो पक्षो के शिकायतकर्ता के आवेदन पर कैरो थाना मे मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता दिनेश साहू ने अपने आवेदन पर कहा है कि हम दिनांक 09 जनवरी को केश्वर साहू के घर के पास बाल कटवाने गये थे इसी मे पंकज साहू,नीरज साहू,दोनों पिता उपेन्द्र साहू एवं उपेन्द्र साहू पिता जरसु साहू ने मेरे साथ मारपीट गाली गलौज भी किया जिससे मेरा माथा फट कर खुन बहने लगा। मामले पर कैरो थाना काण्ड संख्या 03/24 भा0द0वि 341, 323, 504, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वही द्वितीय पक्ष पंकज साहू पिता उपेन्द्र साहू ने भी अपने शिकायत आवेदन पर कहा हैंकि सढ़ाबे ग्राम निवासी दिनेश साहू पिता रूपन साहू एवं संजय साहू पिता दिनेश साहू ने भी मेरे साथ मारपीट की घटना को दिया अंजाम जिसे मुझे कनपट्टी एवं पैर मे चोट लगी है। मामले पर कैरो थाना कांड संख्या 04/24 भा0द0वि 341, 323, 504, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वही दोंनो पक्षों को कैरो थाना के द्वारा इन्जोरी काट कर ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडु भेज दिया गया है। घटना मे माथा मे चोटिल दिनेश साहू का सामुदयिक स्वास्थय केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति बिगड़ता देख परिजनों के द्वारा बेहतर ईलाज हेतू रिम्स राँची ले जाया गया,जहाँ रिम्स चिकित्सको के द्वारा सिटी स्क्रैन व आवश्यक जांचोपरांत के बाद दिनेश साहू को रिम्स मे भर्ती कर लिया गया है।

# नगर सांसद प्रतिनिधि ने किया पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के विकास कार्यों में अनियमितता बरतते जाने का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नगर सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह ने आरोप लगाया है। उन्होंने कहा सिमडेगा कॉलेज के नीचे से कोमेंजरा जाने वाली सड़क पर पेवर ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है।जिसमें घोर अनियमितता बरता जा रहा है उन्होंने कहा सबसे पहले तो मिट्टी जेसीबी से खोदने के बाद मेटल मिक्स करके डलाता जाता है इसके बाद में रोलर चलता है। उन्होंने कहा की ठेकेदारी के बारे में मैं भली भांति परिचित हूं। अगर समुचित प्रकार से निर्माण किया जाए तो सड़क काफी मजबूती से बनता है और काफी लंबे समय तक इसकी मजबूती के कारण खराब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि इस सड़क के निर्माण में रोलर नहीं चल रहा है और निडर होकर ठेकेदार गलत तरीके से निर्माण करके भाग जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता पूर्वक कार्य किया जाए इसके लिए आगे मांग किया जाएगा। उन्होंने कहा की 11 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आ रहे हैं और मैं उन्हें इन सभी विषयों और कराए जा रहे घटिया निर्माण से उन्हें अवगत कराऊंगा। साथ ही साथ सही ढंग से निर्माण हो इसके लिए भी मांग करूंगा।

# जंगली हाथियों ने मचाया आतंक, झापा नेता संदेश एक्का ने दिया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है झुंड से बिछड़ हुआ हाथी के द्वारा लगातार लोगों के घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे अनाज एवं सामानों को नष्ट कर रहे हैं इसके अलावा खेतों में लगाए गए फसलों को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दें बीती रात झुंड से बिछड़ हुआ हाथी द्वारा जलडेगा के हर्रापानी के जोजोटोली गांव में किसान पतरस लुगुन के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को पूरी तरह से तहश-नहस कर दिया इधर परिवार वालों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। किसान ने बताया कि परिवार वाले रात में सो रहे थे इसी दौरान अचानक जंगली हाथी पहुंचा और घर में हमला कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं उन्होंने तत्काल सहयोग स्वरूप एक बोरी चावल देकर उन्होंने प्रशासन से जल्दी आवास एवं वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। इस मौके पर आशीष नाग सिलवंती सूरीन आशीष सिंह रसाल खलखो सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# जायरीनो का जत्था अजमेर शरीफ के लिए हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के बड़ा तालाब के समीप से बस के द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह अजमेर शरीफ के लिए जायरीनो का जत्था रवाना हुआ। लोहरदगा जिले के हिरही,कुज्जी हेसल सहित अन्य गांव से इस जत्थे में लोग शामिल है। आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत जी के द्वारा सभी जायरीनो का स्वागत करते हुए रवाना किया गया। इस अवसर पर नीरू शांति भगत ने कहा कि गांव, जिला,राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए आप लोग दुआ करें ताकि हमारा राज्य अमन चैन और खुशहाली के साथ आगे बढ़े। इस मौके पर आजसू पार्टी की ओर से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम अँसारी, नगर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मीर आरिफ छोटू,उपाध्यक्ष तोहिद कुरैशी, आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता इकरामुल अंसारी, राज, आकाश कुमार के अलावा रियाज अंसारी, इरफान अंसारी व महिलाएं सहित अन्य लोग शामिल थे।

# जलडेगा में धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** इस वर्ष जलडेगा लैंपस में जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, किसान उत्पादक संगठन जलडेगा द्वारा धान अधिप्राप्ति किया जाएगा। जिसका उद्घाटन मंगलवार को जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, प्रमुख जुसाफ लुगुन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। जलडेगा लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का संचालन जलडेगा एग्रो के निदेशक दीपक चीक बडाईक, प्रबंध निदेशक रजनी कुमारी द्वारा किया जाएगा। जिसका संचालन में जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ सोनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मौके पर उपस्थित सीईओ ने कहा धान अधिप्राप्ति का मूल्य ?2300 प्रति क्विंटल है जिससे किसान धान अधिप्राप्ति केंद्र में लाकर बेच सकते हैं। किसानों को अधिप्राप्ति केंद्र में बेचने से उचित मूल्य मिलेगा। जलडेगा एग्रो धान आधिप्राप्ति के दौरान आने वाला समस्या का निवारण में हमेशा तत्पर रहेगी। इस मौके पर पंचायत समिति जलडेगा जयंती देवी, पतिअम्बा मुखिया विमला देवी, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, आत्मा के बीटीएम राजेश बागे, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा सहित किसान महेश्वर प्रधान, संतोष जोजो आदि उपस्थित थे।

# रामभक्तो की सेवा, श्रद्धा एवं उत्साह देख हम सबो को मिलती है अपार शक्ति : नवीन कुमार टिंकू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** रांची जिला के बेड़ो प्रखण्ड के खुखरा चन्कोपा गांव के पांच युवा लड़के लाल आकाश नाथ शहदेव,लाल कर्ण नाथ शहदेव,बीरेंद्र यादव,संजीत उरांव,पंकज महतो 10 जनवरी बुधवार को पैदल ही अपने गांव से भक्ति की नगरी अयोध्या में प्रस्तावित 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राम लला मन्दिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निकल पड़े बुधवार दोपहर बाद कैरो पहुंचने पर प्रखण्ड भा ज पा कमिटी के द्वारा अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया साथ ही पानी का बोतल देकर सम्मानित किया गया और सभी राम भक्तों को राम लाला दर्शन के लिए सुभकामना देते हुए कैरो से भाजपा कार्यकर्ताओं ने विदाई किए मौके पर मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि खुखरा गांव से कैरो होते हुए ये लड़के बड़े ही श्रद्धा के साथ राम लला मन्दिर के उद्घाटन सह प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए पैदल निकल चुके है ये काम बड़े ही प्रेरणादायक है।जिला उपाध्यक्ष सह प्रखण्ड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि आज भी सच्चे श्रद्धालुओ की कमी नही है लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचना बड़ी हिम्मत और श्रद्धा का काम है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह कैरो प्रखण्ड प्रभारी नवीन कुमार टिंक, प्रखण्ड अध्यक्ष लखन उरांव, विशेश्वर प्रदान दीन, कैलाश महतो, बजरंग उरांव, नसीर आलम, राधे साहू,अनिल कुमार महतो आदि शामिल थे।

# सरना सनातन के लोगो ने मिलकर घर घर जा कर किया अक्षत वितरण कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इन दिनों जिले भर में अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम जोरों पर है,जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अक्षत वितरण कार्यक्रम को लेकर जिले के विभिन्न दलों में खासा उत्साह और उमंग देखा जा रहा है,मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु अयोध्या से आये पूजित कलश एवं अक्षत के साथ बुधवार को सदर प्रखंड के मुंदो तथा ईरगांव में महावीर स्थान आदि देवस्थानों पर देवी देवताओं को निर्मंत्रित किया गया। तथा शोभा यात्रा को ढोल नगाड़े के साथ प्रारंभ किया गया जिसमे सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे,आगामी 22 जनवरी दिन सोमवार को गांव की महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा कर पवित्र जल से गांव के मंदिरो जलाभिषेक किया जाए?गा। वही ग्रामीणों के द्वारा अखंड हरी कीर्तन का भी आयोजन किया जाना है अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम,राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की आदि नारों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उत्साह के साथ शामिल हुए। अयोध्या से पूजित अक्षत एवं श्री राम जी की मंदिर का कैलेंडर के साथ घर घर निर्मंत्रित किया गया। इस दौरान सदर प्रखंड क्षेत्र के अक्षत वितरण संयोजक तथा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी ने कहा कि 22 जनवरी जिस दिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठित का कार्यक्रम है उस दिन राज्य सरकार से उन्होंने मांग की है की सरकारी तथा गैर सरकारी सभी संस्थाओं को अवकाश घोषित करें,ताकि सभी सनातन धर्म के लोग इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकें, वही भट्टखिजरी पंचायत वालों ने सुनिश्चित किया है की प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा एवं रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान उमेश कुमार, रामेश्वर साहू, बेचन साहू, शीतल साहू, रमेश चंद्र कुंवर, नरेश साहू, प्रहलाद कुमार, गोपाल कुमार, सूरज कुमार दसौंधी,अखिलेश दसौंधी, राजकुमार साहू, उपवन साहू, बडही उरांव, बुदु उरांव, अजय साहू, हीरा साहू, वीरेंद्र उरांव, संजीत साहू, धनेश्वर साहू इत्यादि ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए।

# उपायुक्त ने दो ईवीएम मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी - सह - सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेश पर जिला के सभी प्रखण्डों में ईवीएम-वीवीपैट के प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम हेतु आज बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो ईवीएम मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को समाहरणालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 10.01.2024 से 28.02.2024 तक जिला के सभी मतदान केंद्र क्षेत्रों आयोजित होगा। आज पहले दिन दोनों वाहनों को किस्को और पेशरार प्रखण्ड के मतदान केंद्र क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। मोबाईल वैन द्वारा संबंधित ग्राम/टोला एवं संबंधित मतदान केंद्र/हार्ट बाजार/पंचायत भवन में डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि के बारे विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी दी जाएगी। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, डेमोंस्ट्रेशन के लिए प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर व निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

# राममय हुआ केरसई, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हेतु घर-घर दिया जा रहा निमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** अयोध्या में रामलला मंदिर में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पुरा केरसई प्रखंड श्रीराम के भक्ति में डूब गया है। बुधवार को समाजसेवियों व युवा रामभक्तों ने केरसई क्षेत्र के विभिन्न इलाकों तथा केरसई पंचायत में अयोध्या से आये पूजित अक्षत, कलश व राम मंदिर के फोटो का डोर टू डोर वितरण किया। बताया गया कि रामलला मंदिर में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के पहले प्रखंड में पिछले एक माह से लगातार श्रद्धालुओं को बीच पूजित अक्षत तथा कलश का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को केरसई के नर्मदेश्वर शिव मंदिर से पूजित अक्षत का वितरण डोर टू डोर शुरू किया गया,क्षेत्र के सभी गली मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने डोर टू डोर पूजित अक्षत का वितरण किया। दूसरी तरफ केरसई लालपुर चौक क्षेत्र में देवी मंडप से पूजित अक्षत का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवियों ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एलइडी टीवी के माध्यम से श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर व लालपुर चौक के देवी मंडप परिसर में श्रद्धालुओं को दिखाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि सामूहिक प्रभात फेरी, मंदिर में पूजन, कीर्तन, भंडारा व प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मौके पर पंडित नवीन मिश्रा, पंडित अजय कुमार झा, दयानंद रोहित, प्रणव कुमार, अरविंद कुमार यादव, वीरेंद्र प्रसाद,पप्पू प्रसाद, हिमांशु कुमार, रविशंकर प्रसाद, विजय प्रसाद, मनीष कुमार(बंटी), महावीर कुमार, विवेक यादव, मानस कुमार, महेश दास, शिव कुमार, विशाल कुमार, अनूप कुमार, सौरव कुमार(छोटू), अनमोल कुमार सहित ढेरों महिला श्रद्धालु शामिल थीं।.

# जनभावना फाउंडेशन ने किया न्यू ईयर गेट टुगेदर कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला मुख्यालय के पर्यटक स्थल केलाघाघ में जन भावना फाउंडेशन (हल्लह) का न्यू ईयर गेट टू गेदर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के सी0एम0डी0 संजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि कंट्री हेड विनय कुमार, स्टेट हेड विहार डॉ पंकज कुमार गोस्वामी एवं जोनल हेड डॉ दिनेश प्रसाद साहू हुए उपस्थित। इस अवसर पर सी0एम0डी0 संजय कुमार सिंह ने कहा कि जनभावना फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है हर हाथ हुनर,जन जन को रोजगार मुहैया कराना है। वर्तमान में पूरे झारखंड,बिहार राज्यों सहित सिमडेगा जिला के सभी पंचायत में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के कार्ड बनाने का काम सुचारू रूप से चल रही है और आने वाले दिनों में लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाओं को अलग अलग तरीके से पहुँचाने का कार्य करने की तैयारी में है। जन भावना फाउंडेशन बाल विवाह में रोक थाम को लेकर कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव के साथ उज्ज्वल भविष्य हो। हमारी संस्था बालिका समृद्धि योजना के तहत बालिका के 18 साल के बाद विवाह के समय जरूरत के सामग्री का लाभ देगी,अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। जन भावना फाउंडेशन हर कदम आपके साथ है आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लीनिक, माइक्रो फाइनेंस, नशा मुक्ति योजना, किसान केंद्र योजना, सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, स्वच्छता परियोजना, खेल कूद योजना, मछली पालन ट्रेनिंग, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग, मशरूम खेती प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग,नर्स ट्रेनिंग,स्मार्ट जॉब प्लेसमेंट सहित कौशल विकास का लाभ ग्रामीणों को दिया जायेगा। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने भी बारी बारी से संस्था के बारे में बताए।कार्यक्रम को संचालन जिला हेड खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक हेड केरसई एनिस केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता अनूप लकड़ा, सुनील मिंज के अलावे जानकी देवी, रमेश टोप्पो, सुबर दानी लुगुन, अमित हर्षित देवी, शिव शंकर सिंह, जूनास तोपनो सहित संस्था के सैकड़ों पंचायत हेड उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### भाजपा सम्मेलन मे नये मतदाता को शामिल होने को लेकर हुई बैठक



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहार मे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह के अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक छिपादोहर स्थित सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के आवास पर हुई । बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्री सुमंत यादव उपस्थित हुए जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 24 जनवरी को लातेहार के बनवारी साहू कॉलेज में भाजपा सम्मेलन आयोजित किया जाना है इसकी तैयारी को लेकर छोटू राजा ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि नए मतदताओं को सम्मेलन मे जरूर लाए। उन्होंने मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से अपने-अपने पंचायत में घर घर जाकर नए मतदाता को जागरुक कर सम्मेलन में आने को लेकर प्रेरित करे। मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, बरवाडीह भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह, महामंत्री चंद्रदीप सिंह, पवन गुप्ता, मंत्री आयुष कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, पुटुन , दयाल सिंह ,अनिल सिंह, दिलीप सिंह, सुरेश सिंह, राजेंद्र सिंह ,ललिता देवी, प्रियांशु कुमार, मनमतीया देवी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चंद्रबाबू नायडू को मिली अग्रिम जमानत

**अमरावती :** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें हाई कोर्ट ने तीन मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस टी. मल्लिकार्जुन राव की बेंच ने बुधवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने चंद्रबाबू को हिदायत दी है कि वे इस दौरान जांच को प्रभावित करने वाली टिप्पणियां नहीं करेंगे। एक सप्ताह के भीतर एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड दाखिल करने होंगे। कोर्ट ने पूछताछ के लिए सीआईडी को 48 घंटे पहले नोटिस देकर याचिकाकर्ताओं की जांच करने का निर्देश दिया है। आंध्र प्रदेश सीआईडी ने इनर रिंग रोड (आईआरआर), रेत और शराब मामलों में अनियमितताओं के लिए चंद्रबाबू के खिलाफ मामले दर्ज किए थे और बाद में उनकी गिरफ्तारी हुई। तेलुगु देशम के नेता चंद्र बाबू ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट में 3 अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं थी। बहस पूरी होने के बाद आज हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इससे पहले शराब मामले में पूर्व मंत्री कोल्लू रवींद्र और सेवानिवृत्त आईएएस श्रीनरेश को अग्रिम जमानत दी गई थी।

# संगठन के रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : प्रदेश अध्यक्ष

## * भाजयुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक श्रीबंशीधर नगर में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय बैठक श्री बंशीधर नगर कार्यालय में हुई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा संगठन ने तय किया है कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भाजयुमो द्वारा नव मतदाता भारत का भाग्य विधाता विषय पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विधानसभा स्तर पर श्री बंशीधर नगर के टीडीएम कालेज में




आयोजित किया जाएगा। 22 जनवरी को हर मंदिर में दीपक जलाने का आयोजन गांव गांव किया जाएगा। 23 जनवरी को सुभाषचंद्र बोस का जयंती मनाया जाएगा। 24 जनवरी को विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन का भव्य आयोजन श्री बंशीधर नगर में किया जाएगा जिसमें दो हजार युवा नव मतदाता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता युवाओं को जोड़ने का काम करें। नव मतदाता सम्मेलन में बुथ स्तर से युवाओं को शामिल होना है इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल में बुथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं का सुची तैयार कर उनको शामिल कराना है। बैठक का संचालन जितेन्द्र दीक्षित एवं धन्यवाद ज्ञापन मुकेश चौबे ने किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विकाश स्वदेशी, कुमार कनिष्क विकास पाण्डेय, बिपिन तिवारी एसी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, लाल मोहन यादव, राजीव रंजन पासवान, जय प्रकाश गुप्ता, प्रशांत सिंह, आशुतोष पांडेय, सत्यवंत सिंह, शैलेश चौबे, ललीत सिंह, निरंजन प्रसाद, श्रवण चौरसिया, धनंजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सतीश कुमार लापता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह पिछले लगभग 48 घंटों से लापता बताए जा रहे हैं। वे डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा के आनंदम अपार्टमेंट में रहते हैं। अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह के लापता होने के बाद उनके परिजनों ने डोरंडा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। जिसपर पुलिस जाँच कर रही है। उनके परिजन के मुताबिक सतीश सिंह किसी उपेंद्र नाम के व्यक्ति के पास पैसा लेने के लिए घर से करीब 4-30 बजे निकले जिसके बाद करीब उन्होंने घर पर फोन कर बताया कि वे हटिया में हैं और पैसा मिलते ही घर आ जाएंगे लेकिन उसके बाद फोन ऑफ हो गया और वह अब घर नहीं लौटे।

## वीर गाथा परियोजना के तहत राज्य को तीन आयु वर्ग में मिले पांच पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वीर गाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। राज्य को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले हैं। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो और रौनक राज को पेंटिंग में, कक्षा 9 और 10 वर्ग में प्रतिवा सेन को पेंटिंग, कक्षा 11 और 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार ने पेंटिंग में पुरस्कार हासिल किया है। झारखंड ने वीर गाथा परियोजना 3.0 पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कला, कविता, निबंध और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं को तैयार किया था, जिसे रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। जिला व राज्य स्तर पर मूल्यांकन के बाद इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की समिति ने किया, जिसका गठन शिक्षा मंत्रालय ने किया था। राज्यों से भेजी गयी प्रविष्टियों में टॉप 100 का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इन्हें सुपर 100 कहा जाता है। वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं (राष्ट्रीय स्तर पर) को चार अलग अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन होता है। प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिया जाता है। वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.36 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया था।

# 22 जनवरी को सभी लोग दीपावली मनाएं : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**बरेली :** नाथ नगरी बरेली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली क्लब मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहले लोग अयोध्या का नाम लेने में संकोच करते थे। लेकिन 500 वर्षो बाद अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय उत्सव की तरह मनाने की अपील करते हुए लोगों से कहा कि इस दिन सभी लोग दीपावली मनाएं। इस दिन सभी लोग अपने अपने घरों में दीप जलाएं। सभी लोग मंदिरों में रामायण का पाठ करें। उन्होंने सभी लोगो से अयोध्या आने की अपील की और कहा कि सभी सांसद, विधायक बसों से आपको अयोध्या



ले जाएंगे और आप लोगो के खाने और ठहरने का भी प्रबंध करेंगे।बरेली में पहले लगता था कर्फ्यू, अब कर्फ्यू लगाने वालो के यहां लगेगा कर्फ्यू। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले बरेली, मुजफ्फरनगर, रामपुर समेत कई शहरों में कर्फ्यू लगता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब तो कर्फ्यू लगवाने वालों के यहां कर्फ्यू लग जायेगा। अब हर ओर विकास हो रहा है। जब बरेली में कर्फ्यू लगा था तो मैने बरेली आने का कार्यक्रम बनाया था। मुझे आने नही दिया गया था।काशी, अयोध्या की तरह बरेली में बन रहा है नाथ नगरी कॉरिडोर मंच से जनता को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम किसी भी तरीके का भेदभाव नहीं करते हैं। जिस तरीके से काशी में काशी कॉरिडोर, प्रयागराज और अयोध्या में कॉरिडोर बनाया जा रहा है। उसी तरह से बरेली में भी नाथ नगरी कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसके लिए बजट का प्रावधान करने के बाद आया। सड़कों का बजट पास कर दिया है। इससे बरेली में विकास होगा।

# सुंदरलाल बहुगुणा को पर्यावरणविद कौशल ने किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मंगलवार को अपने मेदिनीनगर स्थित आवासीय परिसर के आकाश बाग में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदमविभूषित स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की 97वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसके प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया । कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के



संरक्षण के लिए संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़ी हुई थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बाँध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से। वे भारत के आरम्भिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत के केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। श्री कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा ,चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश - विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था । संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी धर्मपत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके पर्यावरण भवन आवास पर आए थे । छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान जो लोग बहुगुणा जी से मिलने आते थे उनसे वे कहते थे कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है।कार्यक्रम में संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल , प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल,कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह, हेम सिंह, नथुनी सिंह, परमानंद मंडल, गुड़ि़या कुमारी,आराध्या ,आशिका रामू, ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

### विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय कुमार संजय

**रांची :** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान कार्यालय नामकुम के परिसर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से बुधवार को हिन्दी कार्यशाला सह संगोष्ठी मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों से 125 कार्मिकों ने भाग लिया। मुख्य आयकर आयुक्त ने कहा कि विभिन्न स्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में सभी करदाताओं को जानना आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अभिजित कर भी उपस्थित थे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संचालित करते हुए समिति के सदस्य सचिव डॉ सूर्यकांत सामल, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने मंच पर उपस्थित अध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक का स्वागत किया और कार्यशाला के विभिन्न विषयों एवं उसके महत्व के बारे में बताया।

## पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश का पांच दिनों की ईडी ने मांगी रिमांड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मनी लांड्रिंग के आरोप में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी ने बुधवार को पांच दिनों की रिमांड ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय से मांगी है। बुधवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन




के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था।

एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गये थे।

# रोड जाम करने के विरोध में 188 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** पुलिस ने मंगलवार को नेशनल हाईवे बाईपास फोरलेन रोड को जाम करने छतरपुर विधायक सहित अन्य गाड़ियों के शीशा तोड़ने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंगलवार को छत्तरपुर थानान्तर्गत एनएच-98 बाईपास के उदयगढ़ मोड़ एवं सड़मा कॉलेज मोड़ के समीप वाहन चालकों एवं ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राजपथ में वाहनों की आवाजाही अवरूद्ध करने, आगजनी कर राष्ट्रीय राजपथ को क्षति पहुँचाने, सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने तथा पुलिस बल पर जान

लेवा हमला कर गम्भीर रूप से जख्मी करने को लेकर 38 नामित एवं 100-150 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध छत्तरपुर थाना प्रभारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल से चार नामजद अभियुक्त- प्रदीप कुमार

## * गिरफ्तार लोगों को भेजा गया जेल

यादव उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्व0 रामदास यादव, विजेन्द्र यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता उदय यादव, लालबाबू यादव उम्र करीब 24 वर्ष पिता स्व0 सुरेश यादव तीनो सा0-चपरवार थाना-पीपरा, प्रदीप कुमार सिंह उम्र करीब 51 वर्ष पिता स्व0 बिरजू प्रसाद सिंह, सा0- उदयगढ़ थाना-छत्तरपुर सभी जिला- पलामू को गिरफ्तार एवं एक मोटरसाईकिल तथा एक मोबाईल जप्त किया गया है।

अनुसंधान के क्रम में घटना में शामिल 09 अन्य अभियुक्तों 1. मनीष प्रजापति उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व0 जगदीश प्रजापति, 2.मंगलदीप कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता सतेन्द्र प्रसाद दोनो सा0-नागाबाबा के पास, 3. सनोज यादव उम्र करीब 20 वर्ष पिता कृष्णा यादव सा0- कउवल, 4. पवन कुमार यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता बसंत यादव, 5. रवि यादव उम्र करीब 24 वर्ष पिता प्रेम यादव दोनो सा0-तेनुडीह, 6. प्रमोद यादव उम्र करीब 35 वर्ष पिता लक्षमण यादव सा0- बगैया, 7. दीपक जयसवाल उम्र करीब 19 वर्ष पिता विनोद प्रसाद जयसवाल सा0- रामगढ़, 8.राकेश सिंह उम्र करीब 21 वर्ष पिता नरेश सिंह सभी थाना-छत्तरपुर, 9. गुड्डु कुमार पटेल उम्र करीब 25 वर्ष पिता विशुनदेव महतो सा0-रामगढ़ दोनो थाना-छत्तरपुर सभी जिला पलामू को सघन छापामारी कर गिरफ्तार न्याय हिरासत में भेज दिया गया।

### 2024 तक उत्तराखंड होगा टीबी मुक्त

**देहरादून :** उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार का है कि 2024 तक प्रदेश टीबी मुक्त होगा। इसका निर्णय प्रदेश के मंत्री डॉ. धन सिंह की ओर से लिया गया है।बुधवार को स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार टीबी मुक्त भारत अभियान पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून में स्वास्थ्य विभाग के टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 9 सितंबर 2022 को हुई थी। उत्तराखंड में इस अभियान की शुरुआत 17 सितंबर 2022 को हुई।इस कार्यक्रम से लगभग हमने 20000 से ज्यादा लोगों को जोड़ा गया है। 1015 टीबी मरीज अभी तक इस अभियान के द्वारा ठीक हुए हैं। बचे हुए मरीजों का अभी इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, राज्य सरकार ,स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने उत्तराखंड प्रदेश को 2024 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने का निर्णय लिया गया है।

# उलेमाओं को राम मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में ले जाने की तैयारी में जुटा है मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और बीजेपी का अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिमों के बीच काम कर रहा है। जहां मुस्लिम राष्ट्रीय मंच अलग अलग सेक्ट के उलमाओं से बातचीत कर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ले जाने की तैयारी कर रहा है वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा घर घर में दीए बांटेगा ताकि 22 जनवरी को सभी घर दीओं से जगमगाएं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के नैशनल कनविनर मोहम्मद अफजाल ने कहा कि हम कुछ बड़े उलमाओं को वहां लेकर जाने की कोशिश कर रही हैं। बरेलवी, देवबंदी, शिया के अलग अलग उलेमाओं से संपर्क कर रहे हैं। एक- दो दिन में तय हो जाएगा कि कौन कौन समारोह में रहेंगे। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी मार्ग



की मस्जिद के चीफ इमाम मौलाना उमेर अहमद इल्यासी का आना तय हो गया है। उन्होंने आने पर सहमति दी है। वे ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के प्रेजिडेंट भी हैं। अफजाल ने कहा कि 23 जनवरी के बाद यूपी के अलग अलग जगहों पर देश भर से मुस्लिम एकत्र होंगे। जैसे एक ग्रुप लखनऊ से, एक ग्रुप बनारस से एक ग्रुप प्रयागराज की तरफ से आएगा। यहां से पैदल अयोध्या जाएंगे। पदयात्रा इसलिए ताकि हम देश भर में मोहब्बत का पैगाम दे सकें। अयोध्या हिंदुओं के लिए भी पबित्र है और हमारे लिए भी। हम वहां अयोध्या मंदिर में भी दर्शन करने जाएंगे और वहां की कई मजारों में भी जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम श्रीराम को इमाम-ए-हिंद कहते हैं। इमाम का मतलब होता है लीड करने वाला। वे एकता और भाईचारे का प्रतीक हैं। रामराज्य का मतलब है सबके लिए प्रेम, सबके लिए न्याय और सबके लिए श्रद्धा। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता घर घर जाकर दिए बाटेंगे। सभी राज्य यूनिट को यह सूचना दे दी गई है और वे इसकी तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 तारीख को धर्म स्थलों की सफाई का अभियान है और तभी से हम हम घर घर जाकर दिए बांटेंगे। संघ के कार्यकारिणी के सदस्य और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम मे कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और मदरसों में श्री राम, जय राम, जय जय राम का जाप करें। हालांकि संगठन के जो लोग मुस्लिम समुदाय के बीच काम कर रहे हैं उनका कहना है कि दरगाहों में दिए जलाने की तैयारी हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी से जाप करने को नहीं कर रहे हैं क्योंकि वह किस तरह इस दिन को मनाते हैं वह उनकी पसंद है।